www.epaper.azadsipahi.com

09 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 347

आज कोजागरा पूजा
शुभ मुहूर्त : अश्विन शुक्ल पक्ष कोजागरा पूर्णिमा तिथि शुरू - 9 अक्टूबर 2022, सुबह 03.41
पूर्णिमा तिथि का समापन - 10 अक्टूबर 2022, सुबह 02.25
कोजागरा पूजा - 9 अक्टूबर, रात 11.50, 10 अक्टूबर, प्रातः 12.30




SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)




### क्रिकेट मैच : भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच आज होगा मुकाबला

# भारत के स्टार खिलाड़ियों को देखने से महरूम रहेंगे दर्शक

- भारत के पास सीरीज में बराबरी हासिल करने का मौका
- धवन की अगुवाई में टीम से दूसरे मैच में बंधी उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड खेल प्रेमियों का राज्य है। खेल के प्रति लोगों का रूझान देखनेवाला रहता है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में मैच की घोषणा के साथ ही राज्यवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी थी। उनकी इस खुशी पर थोड़ा पानी फिर गया है। क्योंकि इस मैच में शिखर धवन की अगुवाई वाली वैकल्पिक खिलाड़ियों की भारतीय टीम मैदान में उतरेगी। राज्य के लोग भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ियों को देखने और उनके खेल का आंनद लेने से महरूम रह जायेंगे।

**सीरीज बराबरी का मौका :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच 9 अक्टूबर को खेला जा रहा है। फिलहाल सीरीज में भारतीय टीम 0-1 से पीछे है। उसे लखनऊ में खेले गये सीरीज के पहले रोमांचक मुकाबले में 9 रन से हार मिली थी। ऐसे में कप्तान शिखर धवन एंड कंपनी की इस मुकाबले को जीतकर सीरीज को 1-1 की बराबरी पर लाने की पूरी कोशिश होगी। ऐसा हुआ तो 11 अक्टूबर को नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम मैच का रोमांच बढ़ जायेगा।



## 11 जगहों पर की पार्किंग की व्यवस्था

रांची। जेएससीए स्टेडियम में भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच होनेवाले वनडे क्रिकेट मैच को लेकर 9 अक्टूबर को ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। दूसरे जिला से आनेवाले वाहन सवार को तय स्थान पर रोकने के लिए ड्रॉप गेट लगाये गये हैं। 11 जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था है। जमशेदपुर, चाइबासा, खूंटी, सिमडेगा से आनेवाले वाहन सवार को तुपुदाना रिंग रोड के रास्ते प्रोजेक्ट भवन होते धुर्वा गोल चक्कर और संत थॉमस स्कूल होते हुए प्रभात तारा मैदान तक जा सकेंगे। कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लोहरदगा, गुमला, पलामू से आने वाले वाहन रिंग रोड होते हुए लॉ यूनिवर्सिटी, नयासराय के रास्ते तिरिल मोड़ से सैंबो, प्रभात तारा मैदान तक जा सकते हैं।

**मैच समाप्ति के बाद चार वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा :** मैच समाप्ति के बाद शालीमार बाजार, मौसीबाड़ी, गोल चक्कर, एचइसी गेट, बिरसा चौक, हिनू चौक और राजेंद्र चौक के रास्ते में अचानक वाहन सवार की संख्या बढ़ जाने से यातायात प्रभावित होता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस की ओर से सुगम यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किये गये हैं। मैच समाप्ति के बाद चार वैकल्पिक मार्ग से वाहन सवार जा सकते हैं। रातू से आनेवाले वाहन सवार पार्किंग स्थल से तिरिल, कुटे होते हुए रिंग रोड के रास्ते गंतव्य तक जा सकते हैं।

**पासयुक्त वाहनों के लिए इन जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था :** वीवीआइपी वाहन पास- शहीद मैदान मोड़, मौसीबाड़ी, तिरिल मोड़ होते हुए क्रिकेट स्टेडियम नॉर्थ गेट के बगल वाले वीआइपी प्रवेश मार्ग से पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे। लाल पासयुक्त वाहन- क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे। मीडिया वाहन पास- गोल चक्कर, बस स्टैंड होते हुए स्टेडियम के दक्षिण गेट से पार्किंग स्थल जा सकेंगे।

**रांची के जेएससीए स्टेडियम में रिकॉर्ड फिफ्टी-फिफ्टी :** रांची के जेएससीए स्टेडियम में वनडे मुकाबलों में टीम इंडिया की जीत-हार का रिकॉर्ड फिफ्टी-फिफ्टी का रहा है। यहां अब तक कुल पांच वनडे मैच खेले गये हैं, जिसमें भारत को दो मैच में जीत मिली है और दो मैं उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं एक मैच बेनतीजा खत्म हुआ था।

**तीन साल बाद दोनों टीमें आमने-सामने :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का दूसरा वनडे मैच रविवार को रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जायेगा। भारत ने इस मैदान पर पिछले 6 साल से कोई वनडे मैच नहीं जीता है। दक्षिण अफ्रीका के लिए भी ये मैदान कोई अच्छी याद लेकर नहीं आता। उसने अब तक रांची के इस स्टेडियम में सिर्फ एक मुकाबला खेला है, जहां उसे नाकामी का सामना करना पड़ा था। ठीक तीन साल पहले 2019 के अक्टूबर में जेएससीए स्टेडियम में खेले गये टेस्ट मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को एक इनिंग और 202 रनों से शिकस्त दी थी। अब एक बार फिर अक्टूबर के ही महीने में इसी ग्राउंड पर वनडे मुकाबले के लिए रविवार को दोनों टीमें आमने-सामने होंगी।

**मौसम विभाग की चेतवानी :** मैच को लेकर रांची मौसम केंद्र ने स्पेशल बुलेटिन जारी किया है। केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी कोई वेदर सिस्टम नहीं है। जो भी बारिश देखने को मिलेगी, वह थंडरस्टोम-इंड्यूसिटी वर्षा देखने को मिलेगी। ये बारिश 10 से 15 किलोमीटर के क्षेत्र में होती है, जहां थंडर क्लाउड बनता है, वहीं बारिश होती है।

रविवार को रांची के कई जगहों पर बारिश होने का अंदेशा है। हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश ही देखने को मिलेगी। इसलिए मैच के दौरान बारिश नहीं होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

### लोहरदगा में दिल दहला देनेवाली घटना

# पत्नी के अवैध संबंध के शक में बेटी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

- पप्पू तुरी शराब के नशे में धुत होकर अपने घर आया था
- बच्ची 80 प्रतिशत तक जली, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में दिल को दहला देने वाली एक घटना सामने आयी है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी के अवैध संबंध के शक में आक्रोशित होकर अपनी चार साल की बेटी को केरोसिन डालकर आग लगा दी, जिससे बेटी गंभीर रूप से घायल हो गयी। गंभीर हालत में इलाज के लिए बच्ची को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। आरोपी पप्पू तुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती किस्को थाना क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव की है। बच्ची की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। आग लगने से बच्ची का शरीर 80 प्रतिशत जल चुका है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। इस मामले में स्वजनों का बयान दर्ज किया गया है।

बताया जाता है कि किस्को थाना क्षेत्र के कोचा बरनाग गांव निवासी पप्पू तुरी को संदेह था कि उसकी पत्नी हीरा देवी का किसी के साथ अवैध संबंध है। शुक्रवार की देर शाम पप्पू तुरी शराब के नशे में धुत होकर अपने घर आया। इसके बाद वह अपनी पत्नी से झगड़ा करने लगा। पप्पू तुरी ने अपनी पत्नी को चाकू दिखा कर जान से मारने की कोशिश की, जिसके बाद पप्पू तुरी की पत्नी हीरा देवी घर से बाहर भाग गयी। इसी बीच पप्पू तुरी ने अपनी चार साल की बेटी सोमारी कुमारी को घर के कमरे में बंद कर आग लगा दी, जिसकी वजह से सोमारी कुमारी 80 प्रतिशत तक जल गयी है। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से तत्काल सोमारी कुमारी को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंच कर बच्ची के स्वजनों का बयान दर्ज किया है। इस घटना को लेकर लोग हैरान हैं। घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की मां भी काफी खौफ में है। बच्ची की मां हीरा देवी ने बताया कि घर में पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद हो रहा था। पति पप्पू तुरी शराब पिये हए था और अवैध संबंध का आरोप लगा कर चाकू से मारना चाह रहा था, तभी मैं घर से भाग गयी। इसके बाद पप्पू तुरी आवेश में आकर अपनी चार वर्षीय बेटी को कमरे में बंद कर आग लगा दी। प्राथमिक उपचार करने वाले सदर अस्पताल के डॉक्टर सुदामा कुमार ने बताया कि बच्ची की स्थिति बेहद गंभीर है। आग से शरीर का 80 प्रतिशत हिस्सा जल गया है, ऐसी स्थिति में मरीज को बचाना काफी मुश्किल होता है। हमने उपचार कर जल्द बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया है, ताकि समय पर इलाज मिले और बच्ची बच सके।



जांच करते किस्को थाना के थाना प्रभारी सनी कुमार और अविनाश कुमार सिंह।

## पुलिस जांच कर रही है : एसपी

मामले पर किस्को थाना के थाना प्रभारी सनी कुमार और एएसआइ अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की तहकीकात की। पुलिस की लापरवाही के मामले में लोहरदगा एसपी आर राम कुमार ने जांच की बात कही है। वहीं, एसपी ने जानकारी दी है कि आरोपी पिता गिरफ्तार कर लिया है।

# अमित अग्रवाल को इडी ने विशेष अदालत में किया पेश, सात दिनों की मिली रिमांड

- जोनल ऑफिस रांची में होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता के चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल से अगले 7 दिनों तक इडी के जोनल कार्यालय में पूछताछ होगी। शनिवार को इडी ने गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इडी की विशेष अदालत में पेश किया, जिसके बाद इडी ने अदालत से कारोबारी अमित अग्रवाल से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड की मांग की। हालांकि अदालत ने सिर्फ 7 दिनों की रिमांड की अवधि मंजूर की।



**शुक्रवार को हुई थी गिरफ्तारी**

अमित अग्रवाल को इडी की टीम ने रांची एयरपोर्ट से शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया था।

कारोबारी अमित अग्रवाल से अवैध खनन से जुड़े मामले, झारखंड के हाईप्रोफाइल लोगों से संबंध के जरिये काली कमाई, हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार जुड़े रिश्वत प्रकरण सहित कई मामलों में पूछताछ की जायेगी। रविवार से 7 दिनों तक अमित अग्रवाल इडी की रिमांड पर रहेंगे, जहां उनसे सभी बिंदुओं पर पूछताछ की जायेगी।

रिमांड की अवधि तक पूछताछ के पश्चात अमित अग्रवाल को कोतवाली थाना के हाजत में रखा जायेगा।

# जाति प्रथा पूरी तरह से खत्म होनी चाहिए : मोहन भागवत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जाति और वर्ण व्यवस्था को खत्म करने की अपील की है। भागवत ने कहा है कि समाज का हित चाहनेवाले हर व्यक्ति को यह कहना चाहिए कि वर्ण और जाति व्यवस्था पुरानी सोच थी, जिसे अब भूल जाना चाहिए। सर संघसंचालक नागपुर में एक किताब विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। हाल के दिनों में इससे पहले उन्होंने रोजगार के लिए नौकरियों की तरफ न देखने की सलाह दी थी। इसके बाद जनसंख्या नियंत्रण पर उन्होंने बयान दिया था।



**गलतियों को स्वीकार करना चाहिए :** भागवत ने कहा कि ऐसी कोई भी चीज जो भेदभाव पैदा कर रही हो, उसे पूरी तरह से खारिज कर देना चाहिए। भारत हो या फिर कोई और देश, पिछली पीढ़ियों ने गलतियां जरूर की हैं। हमें उन गलतियों को स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अगर आपको लगता है कि हमारे पूर्वजों ने गलती की है, ये बात मान लेने पर उनका महत्व कम हो जायेगा, तो ऐसा नहीं है, क्योंकि हर किसी के पूर्वज ने गलतियां की हैं।




### गृह मंत्रालय की डेमोग्राफिक सैंपल सर्वे की रिपोर्ट में खुलासा

# बाल विवाह करने में झारखंड टॉप पर

- 21 साल से पहले हो रही आधी से ज्यादा लड़कियों की शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड और पश्चिम बंगाल देश के दो ऐसे राज्य है, जहां आधी से ज्यादा लड़कियों की शादी 21 साल की उम्र से पहले कर दी जाती है। इसका खुलासा केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी लेटेस्ट डेमोग्राफिक सैंपल सर्वे की रिपोर्ट में हुआ है।

सर्वे के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर 29.5% लड़कियों की शादी 21 साल की उम्र से पहले हो जाती है। पश्चिम बंगाल में जहां इसकी परसेंटेज 54.9 है, वहीं, झारखंड में यह आंकड़ा 54.6% है। सर्वे 2020 में किया गया था और रिपोर्ट पिछले महीने के अंत में प्रकाशित हुई थी। गृह मंत्रालय के रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नरेट की ओर से किये गये हालिया सर्वे में बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर 18 साल से पहले प्रभावी ढंग से शादी करने वाली लड़कियों की परसेंटेज 1.9 है। केरल में सबसे कम 0% और झारखंड में सबसे ज्यादा 5.8% है। झारखंड में बाल विवाह का परसेंटेज 7.3 और शहरी क्षेत्रों में 3% है।

**जादू टोने के आरोप में मारे गये लोग :** इस बीच, झारखंड को लेकर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की भी रिपोर्ट सामने आई है। इसके अनुसार, 2015 में झारखंड में जादू टोना करने के आरोप में 32 लोग मारे गये थे। 2016 में 27, 2017 में 19, 2018 में 18 और 2019 और 2020 में 15-15 लोग मारे गये थे।

**लड़कियों से बर्बरता के दो मामले :** झारखंड हाल ही में उस समय सुर्खियों में आया था, जब एक नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति के प्रपोजल को ठुकराने के बाद आग लगा दी गयी थी। मुख्य आरोपी ने 23 अगस्त को सोते समय लड़की के कमरे की खिड़की के बाहर से उस पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी। चार दिन बाद किशोरी ने दम तोड़ दिया था। इसके अलावा 2 सितंबर को दुमका में एक 14 साल की आदिवासी लड़की का शव पेड़ से लटका मिला था। उसकी मां ने दावा किया था कि उसकी बेटी का शादी के बहाने बलात्कार किया गया और हत्या कर दी गयी। दोनों घटनाओं की जांच राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा की जा रही है।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## क्रिकेट : बड़े खिलाड़ी इंटरनेशनल मैचों से गायब, आइपीएल में शत-प्रतिशत उपस्थिति

# भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को आइपीएल से दूर रखो

## आइपीएल में वही खिलाड़ी शामिल हों, जिन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं

## दायें-बायें झांकने की जरूरत नहीं, इस समस्या का यही है असली सोल्यूशन

**आजाद सिपाही विशेष**

**भारत में किसी धर्म की तरह लोकप्रिय क्रिकेट और इस खेल की राष्ट्रीय टीम एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसमें कुछ क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है। हाल ही में एशिया कप प्रतियोगिता में शर्मनाक पराजय के बाद, पहले ऑस्ट्रेलिया के हाथों पराजित हो चुकी और अब जारी श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पराजय झेल चुकी टीम इंडिया बदलाव के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसमें इस हालत की जिम्मेदार एक हद तक आइपीएल जैसी प्रतियोगिताओं को भी ठहराया जा सकता है। एक तरफ जहां इस प्रतियोगिता में साउथ अफ्रीका की फुल स्ट्रेंथ वाली टीम खेल रही है, वहीं उसके सामने हमारी बी टीम खड़ी है। हमारी मुख्य टीम बेहतर प्रैक्टिस के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो चुकी है, उन खिलाड़ियों के साथ जो साल में इंटरनेशनल मैच खेल कर प्रैक्टिस हासिल करने का मौका ब्रेक लेकर छोड़ते रहे। एक वक्त था, जब टीम इंडिया के हर खिलाड़ी का नाम मुंह पर रहता था। लेकिन आज भारतीय टीम और देश की जनता एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां वह अपने स्टार खिलाड़ियों को खिलवाने और देखने को तरस गयी है। बेशुमार दौलत और स्टारडम से चकाचौंध आइपीएल प्रतियोगिता ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को इस कदर पेशेवर और खुदगर्ज बना दिया है कि उन्हें अब राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और टीम भावना से कोई मतलब नहीं रह गया है। चाहे रोहित शर्मा हों या विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह हों या केएल राहुल, हार्दिक पांड्या हों या जडेजा सभी की एक ही कहानी है। जब देश का प्रतिनिधित्व करने का समय आता है, ये खिलाड़ी चोटिल होकर बाहर बैठ जाते हैं या फिर बहाने बना कर छुट्टी ले लेते हैं, लेकिन आइपीएल के लिए इनकी चोट गायब हो जाती है और उपलब्धता भी शत-प्रतिशत हो जाती है। पता नहीं आइपीएल इन खिलाड़ियों को कौन सी ऐसी बूटी प्रदान करता है, जहां हर खिलाड़ी फिट नजर आता है और अटेंडेंस भी टकाटक रहता है। 9 अक्टूबर को रांची में मैच हो रहा है। झारखंड के लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि वे अपने स्टार खिलाड़ियों का दीदार कर पायेगी, लेकिन उनकी लालसा मन में ही रह गयी। वर्ल्ड कप के नाम पर ये खिलाड़ी इस मैच से गायब हैं। इससे देश की साख पर बट्टा भी लग रहा है। भारतीय क्रिकेट को पुराने फॉर्म या यूं कहें जूनून में वापस लाने का अब एक ही उपाय बच गया है और वह है आइपीएल को राष्ट्रीय टीम में सेंधमारी करने से रोकना। अगर आइपीएल खिलवाना ही है तो उन्हें खिलाओ, जिन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल रही। भारतीय क्रिकेट टीम की खराब स्थिति और इसमें जरूरी बदलाव के कारणों का विश्लेषण करती आजादी सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह की रिपोर्ट।**



राहुल सिंह

भारत में जिस क्रिकेट को धर्म का दर्जा मिला हुआ है और इस खेल में मिली जीत या हार से लोग अत्यधिक प्रभावित होते हैं, खिलाड़ियों को किसी ईश्वर की तरह पूजा जाता है, वहां की राष्ट्रीय टीम इन दिनों बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। अभी दक्षिण अफ्रीका के साथ चल रही एकदिवसीय मैचों की सीरीज से पहले भारतीय टीम एशिया कप में बुरी तरह हार चुकी है और ऑस्ट्रेलिया से मात खा चुकी है। दक्षिण अफ्रीका भी पहले मैच में भारत को हरा चुका है। 9 अक्तूबर को रांची में दूसरा मैच है। बड़े खिलाड़ियों के गायब रहने से यहां के दर्शन निराश हैं। ऐसे में अब यह सवाल उठने लगा है कि कभी अपराजेय मानी जानेवाली भारतीय क्रिकेट टीम इस कदर पस्त क्यों हो गयी है।

इस सवाल का जवाब खोजने के लिए पहले उन परिस्थितियों पर विचार करना जरूरी है, जिससे भारतीय टीम बुरी तरह प्रभावित हुई है। दरअसल रोहित शर्मा की कप्तानी और राहुल द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया इस साल की शुरूआत से ही लगातार बदलाव के दौर से गुजर रही है। भारतीय टीम में सबसे पहला बदलाव कप्तानी को लेकर किया गया। टीम में विराट कोहली की जगह रोहित शर्मा को तीनों फॉर्मेट में कप्तान बनाया गया। कप्तान के साथ टीम को नया कोच भी मिला। राहुल द्रविड़, रवि शास्त्री की जगह टीम के नये कोच बने। इसके बाद नये कोच और कप्तान ने टीम में लगातार कई तरह के प्रयोग किये। टीम की कप्तानी में हुए लगातार बदलाव के साथ कई नये चेहरों ने भी टीम इंडिया के लिए अपना डेब्यू किया। टीम में हो रहे लगातार बदलाव को लेकर कई तरह के सवाल भी उठे। इन बदलाव के कारण टीम के लिए कुछ खास नया तो नहीं हुआ, लेकिन प्रदर्शन में गिरावट जरूर देखने को मिली। वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण हर दूसरी सीरीज में टीम के सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाता रहा। ऐसे में नये खिलाड़ियों के पास खुद को साबित करने का मौका तो मिला, लेकिन जैसे ही सीनियर खिलाड़ी ब्रेक से वापस टीम में आये तो उन्हें बाहर होना पड़ा। इसके अलावा रही-सही कसर चोटों ने पूरी कर दी। पिछले छह महीने में देखें, तो टीम में स्थिरता की बहुत कमी देखी गयी है। टीम में लगातार नये चेहरे को मौका मिला है, लेकिन उनके सामने अनिश्चितता बनी रही। ऐसे में स्वाभाविक है कि खिलाड़ियों का लय प्रभावित होता है।

भारतीय टीम में इस साल सबसे अधिक प्रयोग कप्तानी को लेकर किया गया। अभी पूरा साल बीता भी नहीं है कि टीम में सात नये कप्तान बन चुके हैं। लगभग हर दूसरी सीरीज में टीम मैनेजमेंट ने नये कप्तान की नियुक्ति की। यह एक रिकॉर्ड भी है कि किसी एक साल में भारतीय टीम के लिए सात खिलाड़ियों ने कप्तानी की है। इस मामले में टीम इंडिया ने श्रीलंका की बराबरी की है। श्रीलंका ने भी साल 2017 में एक साल में सात कप्तान बदले थे।

एशिया कप से पहले जब भारतीय टीम विदेशी दौरे पर थी, तो यह कहा गया कि टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 विश्व कप के सही संयोजन को तलाश रही है। इस कारण टीम में लगातार प्रयोग होते रहे। इसके बाद एशिया कप के लिए टीम का चयन हुआ। इसमें टीम इंडिया ना तो बल्लेबाजी और ना ही गेंदबाजी में कुछ खास प्रभावित कर पायी।



### सीनियर खिलाड़ियों का लगातार बाहर रहना

भारतीय क्रिकेट टीम की इस स्थिति के पीछे सीनियर खिलाड़ियों की लगातार गैर-मौजूदगी भी है। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप में अब कुछ दिन ही रह गये हैं। इस वर्ल्ड कप से पहले सभी टीमें खिताब जीतने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं, जबकि भारतीय टीम लगातार प्रयोग कर रही है। भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार ने एक एड कैंपेन चलाया है, बहुत हुआ इंतजार, जीत लो कप अबकी बार। भारतीय टीम 15 साल से इस टूर्नामेंट को जीतने का इंतजार कर रही है। 2007 में हमें पहली और आखिरी बार कामयाबी मिली थी। इंतजार काफी लंबा हो रहा था, लिहाजा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने तैयारी भी खूब की। पिछले टी-20 वर्ल्ड के बाद से 11 महीने के अंदर इस टीम के लिए इस फॉर्मेट के 35 मुकाबले करवा दिये। बाकी दोनों फॉर्मेट टेस्ट और वनडे को भी जोड़ लें तो कुल 59 मैच हुए इस दौरान, लेकिन जब टीम बनी तो ज्यादातर उन खिलाड़ियों को मौका मिला, जो इन 59 मुकाबलों में सबसे कम खेले। वर्ल्ड कप से पहले हो रही सीरीज में भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ी मैदान से बाहर हैं। ऐसे में आसानी से समझा जा सकता है कि भारतीय टीम की चुनौती कैसी है। कुछ खिलाड़ियों को पूरे साल समय-समय पर इसलिए आराम दिया गया, ताकि वे वर्ल्ड कप के लिए फिट रहें, लेकिन ये आराम करते-करते चोटिल हो गये।

### टीम इंडिया के टॉप थ्री, यानी रोहित-राहुल और विराट की चर्चा

ये तीनों सितारे पिछले एक साल में टीम इंडिया के करीब आधे मुकाबलों से गायब रहे। विराट 59 इंटरनेशनल मैचों में से 31 में गायब रहे। राहुल 37 मैच नहीं खेले। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने भी 25 मैच मिस किये। सिर्फ टी-20 की बात करें, तो विराट पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद हुए भारत के 35 में से 21 मैच नहीं खेले। राहुल 23 मैचों से गायब रहे, तो रोहित ने नौ मुकाबले मिस किये। टीम इंडिया में नंबर-4 के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 35 में से 26 मैच खेल सके हैं। नंबर-5 पर आने वाले हार्दिक पंड्या ने 19 मुकाबले ही खेले। नंबर-6 पर दिनेश कार्तिक ने भी 11 मैच मिस किये हैं। अक्षर पटेल को 35 में सिर्फ 20 मैच खेलने का मौका मिला। कुछ खिलाड़ी तो ऐसे हैं, जो मानों आराम करते-करते चोटिल हो रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने पिछले वर्ल्ड कप के बाद से सिर्फ पांच टी-20 और कुल 16 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके बावजूद वे पीठ चोटिल करवा कर टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम को टी 20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से बड़ा झटका लगा है। वह चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गये हैं। बुमराह को वर्तमान समय में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। ऐसे में उनके न होने से भारतीय टीम को वर्ल्ड कप में बड़ा नुकसान हो सकता है। रवींद्र जडेजा के साथ भी यही हुआ। वे इतने दिनों में नौ टी-20 और 16 इंटरनेशनल मैच खेल सके हैं। वे भी चोटिल होकर वर्ल्ड कप की टीम से बाहर हैं। लेकिन मजेदार बात यह है कि इन सभी खिलाड़ियों ने आइपीएल के लगभग सभी मैच खेले।

कहा जा सकता है कि खिलाड़ी फिट रहें और तरोताजा रहें, इसलिए बीच-बीच में आराम दिया जाना जरूरी है। अगर ऐसा है तो यह फिलॉसफी आइपीएल में भी लागू होनी चाहिए, लेकिन वहां ऐसा नहीं होता है। हमारे सितारे करीब दो महीने के आइपीएल में कोई मैच मिस नहीं करते हैं। रोहित और बुमराह तो पिछले सीजन में मुंबई के लिए तब लगातार 14-14 मैच खेले, जब उनकी टीम 10 मैच के बाद प्ले-ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी थी। यानी वे आइपीएल के गैर-जरूरी मुकाबलों में भी खेलते रहे। चोटिल होने का जोखिम उठाते रहे, लेकिन जब बारी नेशनल टीम के लिए खेलने की होती है, तो उनको आराम चाहिए होता है।

### साउथ अफ्रीका की फुल स्ट्रेंथ टीम के सामने भारत की बी टीम

इस समय भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। सवाल तो यह भी उठता है कि टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले आखिरी वनडे सीरीज हो क्यों रही है। बहरहाल साउथ अफ्रीका ने इस सीरीज के लिए भी अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम उतारी है। उसकी टीम में ज्यादातर वही खिलाड़ी शामिल हैं, जो टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने उतरेंगे, लेकिन भारत ने बी टीम उतारी है। हमारी मुख्य टीम बेहतर प्रैक्टिस के नाम पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हो चुकी है। उन खिलाड़ियों के साथ जो साल में इंटरनेशनल मैच खेल कर प्रैक्टिस हासिल करने का मौका ब्रेक लेकर छोड़ते रहे।

इसलिए अब यह जरूरी हो गया है कि भारतीय क्रिकेट टीम को आइपीएल जैसे मुकाबलों से अलग रखा जाये। क्रिकेट प्रशासकों को चाहिए कि वे आइपीएल में उन खिलाड़ियों को मौका दें, जिन्हें किसी कारण से भारतीय टीम में जगह नहीं मिल सकी है। लेकिन राष्ट्रीय टीम में, जिसके साथ पूरे देश की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है, वही खिलाड़ी खेलें, जिन्हें पैसे की भूख नहीं हो। जब तक ऐसा नहीं होगा, भारतीय क्रिकेट का बुरा दौर खत्म नहीं होगा।

---

# आर्केस्ट्रा देख कर लौट रही नाबालिग से गैंग रेप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** रात में आर्केस्ट्रा देखने आयी नाबालिग से सात युवकों ने दुष्कर्म किया । घटना लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र की है। जहां रेलवे स्टेशन में शुक्रवार की रात आर्केस्ट्रा देखकर लौट रही एक नाबालिक युवती के साथ युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। जानकारी के अनुसार नाबालिग युवती अपने घर से ऑर्केस्ट्रा देखने लातेहार रेलवे स्टेशन आयी हुई थी। इसी दौरान कुछ युवक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर रेलवे स्टेशन के पास ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद नाबालिग बच्ची ने पुलिस में जाकर शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सामूहिक दुष्कर्म में शामिल सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर, पुलिस पीड़िता को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। मेडिकल जांच के बाद पीड़िता को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि युवती के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। मेडिकल चेकअप के बाद पीड़िता को परिजनों को सौंप दिया है। दुष्कर्म में शामिल सभी सातों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बहला फुसला कर रेलवे स्टेशन के पास ले गये, दुष्कर्म के सभी सात आरोपी गिरफ्तार**




# शव पहुंचते ही दुमका में भड़का आक्रोश

## ग्रामीणों ने दुमका-भागलपुर रोड को चार घंटे तक किया जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** दुमका में पेट्रोल डाल कर जला दी गयी युवती का शव शनिवार को दुमका पहुंचा। शव के पहुंचते ही लोग आक्रोशित हो गये। इसके बाद लोगों ने चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। मौके पर गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे भी पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने आरोपी राजेश राउत को जनता के हवाले करने की मांग की, जबकि पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

### क्या है घटनाक्रम

दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र की भालकी पंचायत के भरतपुर गांव में जिस 19 वर्षीय युवती को पेट्रोल डाल कर जला दिया गया था, उसका शव शनिवार को दुमका पहुंचा। शव पहुंचते ही उग्र भीड़ ने दुमका-भागलपुर मार्ग पर नोनीहाट में रोड में शव रखकर चार घंटे तक आवागमन को ठप कर दिया। लोग शव उठाने नहीं दे रहे थे। भीड़ की मांग थी कि आरोपी को जनता के हवाले किया जाये। भीड़ ने सांसद डॉ निशिकांत दुबे की भी बात नहीं मानी।

### निशिकांत दुबे ने राज्य सरकार को निशाने पर लिया



**दुमका। गोड्डा के सांसद और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता निशिकांत दुबे ने झारखंड के मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगा है। कहा कि दुमका जिले में यह पहला मामला नहीं है। डॉ निशिकांत दुबे ने कहा कि इस तरह की सबसे ज्यादा घटनाएं दुमका जिला में हो रही हैं। एक महीना के भीतर यह तीसरा मामला है। उन्होंने कहा कि दुमका शहर वो शहर है, जिसने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता शिबू सोरेन को शिबू सोरेन बनाया। वह यहीं से विधायक बने। यहीं से सांसद बने। उनकी बहू सीता सोरेन यहीं से विधायक चुनी गयीं।**

### सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने दिये दो लाख रुपये

सांसद डॉ निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी और रणधीर सिंह भी पहुंचे हुए थे। सांसद ने दो लाख रुपये पीड़िता की मां को दिये। इस दौरान जब शव उठाने की कोशिश हुई, तो भीड़ ने हंगामा कर दिया। शव को ले जाने के लिए खड़ी एंबुलेंस पर लोगों ने धावा बोल दिया। इसके बाद पुलिस भी पीछे हट गयी। जाम की वजह से कई यात्री वाहन और ट्रक फंस गये। स्थिति को संभालने के लिए साइबर डीएसपी शिवेंद्र, पुलिस इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह और देवव्रत पोद्दार के अलावा हंसडीहा, जामा, जरमुंडी, रामगढ़ आदि थाने के प्रभारी और भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था।

# पेट्रोल कांड- राजेश ने 55, तो शाहरूख ने खरीदा था बोतल में 60 रुपये का पेट्रोल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** जरमुंडी की युवती को जिंदा जलाने के लिए राजेश राउत ने नोनीहाट में एक दुकान से बोतल में 55 रुपये का पेट्रोल खरीदा था। शाहरुख ने भी 23 अगस्त को शहर की किशोरी को जलाने के लिए बोतल में ही 60 रुपये का तेल खरीदा था। दोनों घटना में दो बात सामान्य है कि दोनों आरोपितों ने जबरन पीड़ितों पर शादी का दबाव बनाया था। दोनों ने बोतल में ही तेल खरीदा था। फर्क बस इतना है कि राजेश ने एक दुकान तो शाहरुख ने पेट्रोल पंप से तेल खरीदा था।

### युवती को दूसरे के साथ देख मारने का लिया निर्णय

राजेश ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि शादी होने के बाद भी मारुति को भुला नहीं पा रहा था। उस पर लगातार शादी करने का दबाव डाल रहा था। 6 अक्टूबर को नोनीहाट में दुर्गा पूजा पर मेला देखने के लिए गया था। वहीं पर युवती को किसी दूसरे के साथ घूमता देख गुस्सा आ गया। उसी समय हत्या का निर्णय लिया। नोनीहाट बस स्टैंड के समीप एक दुकान से बोतल में 55 रुपये का पेट्रोल और दस रुपये का लाइटर खरीदा। रात 10 बजे नोनीहाट से युवती के नानी के गांव भरतपुर आया। घर के पिछले दरवाजे के बाहर खेत में छुपा रहा। रात करीब एक बजे बोतल और लाइटर लेकर पिछले दरवाजे को ठोकर मारकर खोल दिया। युवती नानी के साथ चौकी पर सो रही थी। हाथ से खींच कर दरवाजे के बाहर लाकर जमीन पर गिरा कर तेल उड़ेल दिया और लाइटर से आग लगा कर भाग निकला। मारुति ने पहचान लिया था। तीन किलोमीटर भागने के बाद नोनीहाट स्कूल के पास झाड़ियों में कीचड़ लगी चप्पल को छुपा दिया। घर जाकर टीशर्ट और जींस बदल दी। मोबाइल का स्विच आफ हो गया था। मोबाइल पुलिस को दे दिया। चप्पल भी बरामद करा दी।

### शादी के समय हुई थी युवती से मुलाकात

राजेश ने अपने बयान में बताया कि कक्षा दस की परीक्षा में फेल होने के बाद पढ़ाई छोड़ दी और मजदूरी करने लगा। महेशपुर गांव के मुकेश राउत से जान पहचान थी। तीन साल पहले मुकेश की बहन की शादी में युवती महेशपुर आयी थी। वहीं पर जान पहचान हुई। स्वाजातीय होने के कारण उसके घर जाकर मिला और शादी का इजहार किया। पिछले एक साल से वह ठीक से बात नहीं कर रही थी। हमेशा एक ही बात कहती थी कि घरवालों की मर्जी के बगैर शादी नहीं करेगी। इसी साल 10 फरवरी को कहलगांव की लक्ष्मी कुमारी से शादी होने के बाद भी उसे भुला नहीं पा रहा था। जब उसे किसी दूसरे के साथ देख लिया तो मन में गुस्सा आया और उसी दिन हत्या करने का मन बनाया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.6 °c | 21.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.43 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## राज्य के हर गांव-टोला व कस्बे तक पहुंचेगी पदयात्रा

# कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा 10 से

**कहा- यात्रा भाजपा की कुनीतियों के खिलाफ, किसानों के हक और अधिकार के समर्थन के साथ-साथ देश के संविधान की रक्षा को लेकर है**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की भारत जोड़ो पदयात्रा 10 अक्टूबर से शुरू हो रही है, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। भारत जोड़ो यात्रा के संयोजक और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरे 81 विधानसभा के हर गांव, टोलों और कस्बों तक पहुंचेगी। यह एक सघन प्रयास है। हमारी पार्टी संघर्ष, संपर्क और समन्वय के साथ चल रही है। हमारी यह यात्रा भाजपा की कुनीतियों के खिलाफ, किसानों के हक और अधिकार के समर्थन के साथ-साथ देश के संविधान की रक्षा को लेकर है। श्री सहाय ने कहा कि इस यात्रा के जरिये हम राज्य के हर गांव की चौखट तक जायेंगे।

### उलिहातू से शुरू होगी यात्रा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 10 अक्टूबर को यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से आरंभ होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने लगातार यात्रा कर देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। पदयात्रा के लिए रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। राहुल गांधी की पदयात्रा के साथ कदम से कदम मिला कर चलने के लिए ही झारखंड में भी पदयात्रा शुरू की जा रही है। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम ने भी अपने विचार रखे।

### प्रत्येक पंचायत में होगी दो पदयात्रा

उन्होंने कहा कि एक पंचायत में दो यात्रा एक साथ चलेगी। पहली यात्रा हर पंचायत स्तर से शुरू की जायेगी। दूसरी यात्रा प्रखंड स्तर पर शुरू होगी। एक सवाल के जवाब में सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को जो लोग जिस तरह से देखना चाहे देखें। लेकिन राहुल गांधी की यात्रा ने भाजपा के अंदर बेचैनी बढ़ा दी है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन, राकेश सिन्हा, अमूल्य नीरज खलखो समेत पार्टी के कई नेता मौजूद थे।

### पदयात्रा का थीम सांग हुआ जारी

पदयात्रा को लेकर पार्टी की ओर से पदयात्रा का थीम सांग जारी किया गया। यह थीम सांग पार्टी के कला संस्कृति विभाग की ओर से तैयार किया गया है। यह सांग कला संस्कृति के भानु प्रताप बड़ाइक की अगुवाई में तैयार किया गया है। इसमें पवन राय, पंकज राय और सुनयना कच्छप ने अपनी आवाज दी है।

# राज्य सरकार को बर्खास्त करें राज्यपाल : बाबूलाल मरांडी

**प्रेस कांफ्रेंस में हेमंत सोरेन से मांगा इस्तीफा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर राज्यपाल से हेमंत सरकार की बर्खास्तगी की मांग की। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबी हुई सरकार है, जो जितने दिन रहेगी, राज्य का उतना बड़ा नुकसान होगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में सरकार बिचौलिये चला रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार है, साथ ही कानून व्यवस्था लगातार ध्वस्त हो रही है। झारखंड में जितनी भी खनिज संपदा है, उसकी अवैध लूट हो रही है। मरांडी ने कहा कि राज्य में वरिष्ठ आइएएस अधिकारी के ठिकानों से करोड़ों की नकदी बरामद होती है, उसे जेल के सीखंचों में भेजा गया, मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में हैं, प्रेम प्रकाश के घर से मुख्यमंत्री आवास में पदस्थापित पुलिसकर्मियों की एके 47 बंदूक बरामद होती है, करोड़ों रुपये मिलते हैं और अब अमित अग्रवाल को इडी ने गिरफ्तार किया। चाहेंगे की इसके बारे में मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि इससे उनका क्या संबंध है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आवास बिचौलियों का आवास बना हुआ है। पदाधिकारियों से बिचौलिये बात करते हैं। ट्रांसफर पोस्टिंग, टेंडर का मोलभाव तय होता है।

### कॉल डिटेल की जांच की मांग

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इडी को इन सभी के मोबाइल, टेलीफोन की डिटेल निकाल कर जांच करनी चाहिए कि ये लोग कब, किनसे और किस हैसियत से बात करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी के तार आपस में जुड़े हुए हैं, जिसे मुख्यमंत्री में थोड़ी भी नैतिकता है तो उनको बताना चाहिए। आखिर मुख्यमंत्री क्यों चुप हैं। मुख्यमंत्री बतायें कि इन सभी को उनका संरक्षण है या नहीं और है, तो राज्यहित में उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, नहीं तो हम ऐसी सरकार की बर्खास्तगी की महामहिम राज्यपाल से मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां के अफसरों पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। ये पदाधिकारी टूल्स के रूप में काम कर रहे हैं। इसके चलते कानून व्यवस्था चरमरा गयी है।

### जरमुंडी की घटना बेहद दु:खद

बाबूलाल मरांडी ने जरमुंडी में बेटी को जला कर मारने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। हेमंत है तो हिम्मत है का नारा अपराधियों पर पूरी तरह लागू हो रहा है। मरांडी ने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार और सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | सुख-दुःख दोनों की अनुभूति होगी, बनते कार्यों में अड़चन, मन असंतुष्ट रहेगा। |
| वृष | आत्मविश्वास बढ़ेगा, बुद्धि-विवेक का भरपूर सदुपयोग करें, सफलता लाभ अवश्य मिलेगा। |
| मिथुन | आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर। |
| कर्क | धार्मिक कार्य में रुचि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। |
| सिंह | सक्रियता बनाये रखें, सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| कन्या | विरोधियों से परेशानी हो सकता है, पारिवारिक दायित्व पूरे करने में आप समर्थ होंगे। |
| तुला | छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा, काम-काज की स्थिति में सुधार। |
| वृश्चिक | संकल्पित कार्य पूरे होंगे, बकाये रकम की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| धनु | परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी। |
| मकर | छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा पढ़ाई की ओर ध्यान लगायें, आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। |
| कुंभ | संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी। |
| मीन | समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना। |

# झामुमो ने राजभवन से आरटीआइ के तहत मांगी चुनाव आयोग की चिट्ठी की कॉपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राजभवन से सूचना के अधिकार के तहत चुनाव आयोग से आयी चिट्ठी की प्रति मांगी है। झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने राजभवन सचिवालय के सूचना अधिकारी को पत्र लिख कर यह जानकारी मांगी है। इसमें कहा गया है कि उन्हें हेमंत सोरेन की सदस्यता मामले में चुनाव आयोग से आयी चिट्ठी की कॉपी चाहिए।



इसके लिए झामुमो के द्वारा 10 रुपये का पोस्टल ऑर्डर भी जमा किया गया है।

### काफी दिनों से राजभवन के पास लंबित है मामला

उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता का मामला काफी दिनों से राजभवन के पास लंबित है। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। चुनाव आयोग ने राजभवन को चिट्ठी भेज भेज दी थी। तब से ही राज्य में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल हो गया था।

# राज्य सरकार के कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में 19,3000 कर्मचारियों को बड़ा फायदा मिलनेवाला है। डीए 34 से बढ़ कर अब 38% हो जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वित्त विभाग ने कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्ताव भेजा है।

### 10 अक्टूबर की कैबिनेट में फैसला संभव

10 अक्तूबर को होनेवाली कैबिनेट की बैठक बेहद अहम है। इस बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। राज्य सरकार 1 जुलाई 2022 की तिथि से डीए बढ़ायेगी। डीए बढ़ने से सरकार पर 42 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। डीए बढ़ने पर कर्मियों के वेतन में 500 से लेकर 9500 रुपये तक की बढ़ोत्तरी होगी। कर्मचारी लंबे समय से सरकार के इस फैसले का इंतजार कर रहे थे।

### पेंशनर को राहत नहीं

इस वक्त सिर्फ कर्मचारियों के डीए पर फैसला लेने की चर्चा है। सूत्रों की मानें तो अब तक सरकार ने पेंशनर के डीए पर फैसला नहीं लिया है। इसके पीछे वजह बतायी गयी है कि सरकार के पास अपडेट डाटा नहीं है। राज्य में इस समय 135000 पेंशनर हैं। बताया गया कि डाटा अपडेट होते ही पेंशनर के डीए पर भी फैसला लिया जायेगा।

### दिवाली-छठ से पहले मिलेगी कर्मचारियों को बड़ी खबर

कई राज्य हैं, जिन्होंने दिवाली से पहले राज्य के कर्मचारियों का डीए बढ़ाने का फैसला लिया है। झारखंड भी अपने कर्मचारियों के डीए बढ़ा रहा है। दिवाली, छठ के मद्देनजर यह फैसला राज्य के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। इसका लाभ सातवां वेतनमान प्राप्त सभी कार्यरत सरकारी और राज्यकर्मियों को मिलेगा।

# चान्हो में अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण की बैठक , कमिटी के विस्तार पर मंथन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चान्हो अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण की बैठक शनिवार को चान्हो चौक में पूर्व प्रमुख चान्हो मोहम्मद जुल्फान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी मुस्तफा अंसारी पहुंचे। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण के विस्तार और मजबूती पर विशेष रूप से मंथन किया गया। वहीं बैठक में प्रस्ताव पास हुआ कि चान्हो प्रखंड की सभी अंजुमन कमेटी को अंजुमन इस्लामिया रांची ग्रामीण में जोड़ कर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का निपटारा किया जायेगा।

इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी समुदाय के साथ मिल-जुल कर आपसी भाईचारगी और सद्भाव बनाने और समाज में फैली बुराइयों को दूर करने और क्षेत्र के सामाजिक शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख चान्हो मोहम्मद जुल्फान अंसारी, वरिष्ठ समाजसेवी मुस्तफा अंसारी, मुस्लिम फैजी, मोहसिन आलम, मुजफ्फर हुसैन, मोनाजिर हसन अंसारी, मोहम्मद ग्यास, शमीम अंसारी, सफीर उद्दीन अंसारी, शोएब आलम, मोहम्मद हुसैन, मुस्लिम फैजी, शमशेर आलम, मुखतार अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# दर्जन भर आइएएस, आइपीएस के संपर्क में थे अमित अग्रवाल, सीडीआर जांच में हुआ खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच में पता चला है कि झारखंड के एक दर्जन से अधिक आइएएस और आइपीएस कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल के साथ फोन पर नियमित संपर्क में थे। अमित अग्रवाल द्वारा लोगों से संपर्क करने के लिए इस्तेमाल किये गये चार मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच में यह खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, इडी ने पिछले साल से अमित अग्रवाल के सीडीआर पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। सीडीआर से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ नंबरों के साथ



लगातार और लंबी बातचीत होने की पुष्टि हुई है।

### कई अधिकारी उनसे मिलने आते थे

अमित अग्रवाल झारखंड में वर्तमान यूपीए सरकार के करीबी माने जाते हैं, और कहा जाता है कि उनके रांची आगमन के दौरान कई अधिकारी उनसे मिलने आते थे।

हालांकि, सीडीआर जांच के बाद इडी के अगले कदम का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगा कि क्या एजेंसी उन अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ करेगी। अमित अग्रवाल के साथ उनकी निकटता के कारण क्या हैं। अमित अग्रवाल के बारे में इडी को संदेह है कि प्रेम प्रकाश की तरह उसने नौकरशाहों में अपने दबदबे का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग करने के लिए किया है।

### झारखंड और बंगाल के चार आइपीएस इडी जांच के दायरे में

इडी की जांच में खुलासा हुआ है कि झारखंड के दो वरिष्ठ पुलिस अफसर और बंगाल पुलिस के दो अधिकारी समेत कई लोग अग्रवाल को कथित रूप से लाभ पहुंचाने में लगे थे। इडी इसकी जांच कर रही है। गौरतलब है कि इडी ने अमित अग्रवाल को शुक्रवार को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। अग्रवाल को मेडिकल जांच के बाद शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे सात दिनों की इडी रिमांड पर भेज दिया।

## न्यू सशस्त्र पीपुल्स मोर्चा का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**गिरिडीह।** न्यू सशस्त्र पीपुल्स मोर्चा (एनएसपीएम) नामक संगठन के मास्टरमाइंड उमेश गिरी उर्फ उमेश दास उर्फ उमेश पांडे को गिरीडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा, 8 एमएम का नौ कारतूस और 8 एमएम का चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। उमेश गिरी इस कथित संगठन के नाम पर व्यवसायियों व कारोबारियों को डरा-धमकाकर जबरन लेवी वसूलने का कार्य करता रहता था। यह जानकारी जिले के एसपी अमित रेणु ने नये समाहरणालय में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बगोदर के अटका क्षेत्र एवं आसपास के बोकारो और हजारीबाग जिले में पूर्व में एनएसपीएम संगठन द्वारा लगातार कई घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। बगोदर थाना क्षेत्र के बीसमाइल जंगल से उमेश गिरी को गिरफ्तार किया गया।

# लाला के बिजनेस पार्टनर ने बनायी थीं 20 शेल कंपनियां

## सभी में परिवार के सदस्य ही निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** अनूप माजी उर्फ लाला के बिजनेस पार्टनर गुरुपद माजी ने कोयले की अवैध कमाई में मिलनेवाली हिस्सेदारी की लाउंड्रिंग के लिए खुद ही 20 शेल कंपनियां बनायी थीं। इन कंपनियों में अपने पारिवारिक सदस्यों को निदेशक नियुक्त किया था। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने इसीएल कोयला घोटाले की जांच में पाया कि इन शेल कंपनियों में भी मनी लाउंड्रिंग के लिए कोलकाता की शेल कंपनियों की मदद ली गयी थी।

लाला ने गुरुपद के साथ मिल कर एक रिजॉर्ट बना रखा है। गुरुपद एक राइस मिल का भी मालिक है। इडी ने जांच के दौरान पाया कि इसीएल के लीज क्षेत्र में अवैध खनन और कोयले के व्यापार में गुरुपद माजी, लाला का सबसे ज्यादा करीबी है। लाला ने गुरुपद के साथ मिल कर एक्सल इंफ्राबिल्ट प्रालि नाम की कंपनी बनायी थी। इसमें लाला की पत्नी रूपाली माजी और गुरुपद निदेशक हैं। यह कंपनी बिहारी नाथ रिजॉर्ट चलाती है। गुरुपद को अवैध खनन के सहारे निकाले गये कोयले के व्यापार में मिली राशि को जायज करार देने के लिए 20 शेल कंपनियां बनायी थीं। इन कंपनियों में उसकी पत्नी (निलिमा माजी), बेटा (सौरभ माजी, शुभम माजी), भतीजा (तापस माजी), साला (निमाई मंडल) और मामा (प्रशांत माजी) निदेशक हैं। इन कंपनियों का 95 प्रतिशत शेयर इन्हीं लोगों के पास है। गुरुपद की ये शेल कंपनियां कागजी तौर पर विभिन्न प्रकार का व्यापार करती हैं। साथ ही निवेश के मामले में सलाह भी देती हैं।

इडी ने जांच में पाया कि कोलकाता की नितिका व्यापार, ल्यूमिनेट ट्रेडर्स, नेमी नाथ व्यापार, पीपीजे इंजीनियरिंग, रिचमॉन्ड निरमन, एसपीए सेल्स, अजीत नाथ ट्रेक्सिम, शीलभद्र व्यापार, टोरेंट एजेंसीज और परम प्रभु नाम की शेल कंपनियों के माध्यम से गुरुपद की कंपनियों में पैसे लगाये गये।

### मुंगेरी को फिर करना होगा एजवाइजरी कमेटी के समक्ष पेश

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)। यहां के चर्चित पत्थर कारोबारी मुंगेरी यादव को एक बार पुन: सोमवार को रांची हाइकोर्ट की एडवाइजरी कमेटी के समक्ष पेश करना होगा। डीसी रामनिवास यादव, एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा और कुछ अन्य पुलिस पदाधिकारियों को एडवाइजरी कमेटी ने पेश होने का निर्देश दिया है। इसके आलोक में मुंगेरी यादव को एक बार पुन: वहां ले जाने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल वह साहिबगंज मंडल कारा में बंद है। गौरतलब हो कि 29 जुलाई को मुंगेरी यादव को रांची एयरपोर्ट से आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था। उस पर करीब 27 मामले दर्ज हैं। इसके बाद उपायुक्त ने उस पर सीसीए लगा दिया था। गृह विभाग ने उसका अनुमोदन भी कर दिया था। सीसीए की स्वीकृति एक निश्चित अवधि में हाइकोर्ट की एडवाइजरी कमेटी से लेनी होती है। इसी क्रम में 2 सितंबर को मुंगेरी यादव को एडवाइजरी कमेटी के समक्ष पेश किया गया था।**

# अमित अग्रवाल के साथ पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और आइएएस पूजा सिंघल के क्या हैं संबंध: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने इडी द्वारा अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इस मामले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में दीपक प्रकाश ने कहा कि आज झारखंड भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। जांच एजेंसियों की कार्रवाई से लगातार नये-नये मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता जानना चाहती है कि अमित अग्रवाल के



साथ मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, आइएएस पूजा सिंघल एवं प्रेम प्रकाश के क्या संबंध हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में कई राजनेता एवं अधिकारियों की सांठगांठ है, जो परत दर परत उजागर हो रही है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रदेश भाजपा ने लगातार संघर्ष जारी रखा है। सदन से सड़क तक हर मुद्दे को चाहे वह खनिज की अवैध तस्करी हो, बालू घाटों की लूट हो, पत्थर की अवैध तस्करी हो, सभी को उजागर किया है। आगे भी देशहित और राज्यहित में भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

# झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका के जरुवाडीह में 23 अगस्त को पेट्रोल की आग में जली अंकिता का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि दूसरी घटना घट गयी। इस बार जरमुंडी की मारुति को पेट्रोल डालकर जला देने का मामला सामने आया है। इस घटना के साथ ही राज्य में इस मामले को लेकर सियासत शुरू हो गयी है। विपक्षी पार्टी भाजपा सरकार को इस मामले पर घेर रही है। कानून व्यवस्था पर सवाल भी खड़े कर रही है। मामले में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि दुमका में लगातार इस तरह कि घटनाएं देखने को मिल रही हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय हो गयी है। कानून



से अब किसी को डर नहीं रह गया है।

### मुख्यमंत्री हैं जिम्मेदार: दीपक प्रकाश

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के बदहाल विधि व्यवस्था और महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म की घटनाओं के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं। राज्य में महिलाओं के साथ बढ़ रही दुष्कर्म की घटनाओं से झारखंड देश भर में शर्मसार हुआ है। बहन बेटियों के साथ हो रहे बलात्कार की घटनाओं में राज्य ने रिकॉर्ड बनाया है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से पिछले 33 महीनो में प्रतिदिन औसत पांच बलात्कार की घटनाएं प्रदेश में रोज घटित हुई हैं। उन्होंने कहा कि अब बहन बेटियां अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। दो महीना पहले दुमका की अंकिता को घर में सोते हुए पेट्रोल छिड़क कर जला दिया गया और बीती रात जरमुंडी की बेटी के साथ भी ऐसी ही वारदात हुई। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अब पुलिसकर्मी जिनके ऊपर जनता की सुरक्षा का दायित्व है, वे भी बलात्कार की घटनाओं को अंजाम दे रहे। ऐसी भयावह स्थिति प्रदेश की जनता ने कभी महसूस नही किया ।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


# मां अगले वर्ष तू जल्दी आना : चंचल चटर्जी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

### कोकर दुर्गा पूजा समिति ने भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा समिति, एचबी रोड ने इस साल भव्य पूजा का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने बताया कि अगले वर्ष इससे भी भव्य पूजा का आयोजन किया जायेगा और गेट लाइट लगायी जायेगी। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन को कोकर दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों की तरफ से धन्यवाद दिया है। बता दें कि कोकर दुर्गा पूजा समिति की तरफ से मां भवानी की भव्य विसर्जन शोभायात्रा ढोल, ताशा और बाजा गाजा के साथ निकाली गयी। इसमें सैकड़ों महिलाओं में झूम कर मां को विदाई दी और कहां कि अगले साल जल्दी आना। विसर्जन शोभायात्रा में अध्यक्ष चंचल चटर्जी, सम्राट चटर्जी, टिंकू झा, नीरज शर्मा, पिंटू, शुभम सिंह, बंटी सिंह, अमन,हरी जायसवाल, आशीष, धर्मेंद्र कुमार विक्की सिंह, गिद्दू कुमार सहित कई कार्यकर्ता एवं महिलाओं बच्चे शामिल थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह और धीरज सिंह ने दी।

# पिस्का मोड़ में कावेरी रेस्टोरेंट का उद्घाटन आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची स्थित शहर के पिस्का मोड़ के पास रविवार को कावेरी रेस्टारेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। यह रेस्टारेंट क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधाओं का बड़ा स्थल साबित होगा। इस रेस्टोरेंट में पूर्ण सुविधाओं के साथ लजीज खाना मिल पायेगा। रेस्टा९रेंट में बर्थ डे पार्टी, किटी पार्टी, एनवर्सरी पार्टी के लिए पूर्ण सुविधा उपलब्ध होगी। कावेरी के अन्य रेस्टोरेंट्स की तरह यह रेस्टोरेंट भी शुद्ध शाकाहारी होगा। यहां ग्राहकों को कावेरी के चिर परिचित अंदाज़ वाला स्वादिष्ट खाना मिलेगा।

# एनआइबीएम में एसएससी और एसबीआइ का विशेष बैच शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 14 और 17 अक्टूबर से प्रारंभ स्टाफ सिलेक्शन कमीशन तथा एसबीआइ पीओ की रिक्तियां की अंतिम तिथि 8 तथा 12 अक्टूबर तक है। इसकी परीक्षा दिसंबर में होगी। जिसकी तैयारी के लिए विशेष बैच प्रारंभ किया जा रहा है।

प्रत्येक वर्ष सैकड़ों विद्यार्थी एनआइबीएम की सुनियोजित पढ़ाई की नयी तकनीक का लाभ उठाकर अंतिम रूप से चयनित हो रहे हैं। इस माह भी कर्मचारी चयन आयोग की कंबाइंड ग्रेजुएट लेबल की परीक्षा का रिजल्ट आया। संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां के शिक्षक पिछले 25 वर्षों से अधिक के अनुभवी है। निदेशक खुद मैथ और रिजनिंग का क्लास लेते हैं। संस्थान में नयी पैटर्न पर ऑनलाइन टेस्ट के लिए कंप्यूटर लैब है। जहां ट्रेनर विद्यार्थियों को अच्छी तथा सही गाईड लाइन देते हैं। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जाता है तथा तैयारी कर रहें विद्यार्थियों को सफल विद्यार्थियों से तथा विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसिलिंग तथा मोटिवेट करवाया जाता है। निदेशक ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान भी बेहतर तैयारी का परिणाम है कि अनेकों का अंतिम रूप से चयन हुआ तथा इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट के लिए सभी शिक्षकगण तथा विद्यार्थी काफी मेहनत कर रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थी श्री साई टॉवर सर्कुलर रोड रांची स्थित एनआइबीएम संस्थान फोन नं 09334726278 और वेबसाइट पर संपर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## राजस्वकर्मियों की हड़ताल का असर

# प्रमाण पत्र न बनने से 1.25 लाख आवेदन पड़े हैं लंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची समेत राज्य में राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल 23वें दिन भी जारी रही। इससे जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। करीब 1.25 लाख विद्यार्थियों समेत विभिन्न पदों के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र आवेदन लंबित पड़े हैं। जमीन-मकान के दाखिल-खारिज भी बाधित हैं। लंबित आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। करीब पांच

### पांच हजार नियुक्तियों पर असर

हजार पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, स्कूल स्तर पर प्रमाण पत्र के 6.22 लाख आवेदन डंप पड़े हैं। इनमें ओबीसी के 3,28116, एसटी के 2,07953 और एससी के 86679 आवेदन हैं। वहीं रांची की बात करें तो आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्रों के करीब 10 हजार आवेदन पेंडिंग हैं। उल्लेखनीय है कि 16 सितंबर से ही राजस्व उप निरीक्षक हड़ताल पर हैं।

### स्कूल स्तर पर प्रमाण पत्र के 6.22 लाख आवेदन डंप

राज्य सरकार ने विद्यार्थियों और नौकरी के लिए फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों को राहत देने की पहल की है। आदेश के अनुसार, लंबित पड़े प्रमाण पत्रों को बनाने की जिम्मेदारी अंचल कार्यालयों के सर्किल इंस्पेक्टर को दी गयी है। झारखंड राजस्व उप निरीक्षक संघ के जिला मंत्री बसंत भगत ने कहा कि एक सर्किल इंस्पेक्टर से संभव ही नहीं है कि प्रमाण पत्रों के अलावा म्यूटेशन से संबंधित सत्यापन का काम देख सकेंगे। ये केवल आइवॉश है।

## अंतु तिर्की की घर वापसी सुखद संदेश का अहसास कराती है : विनोद कुमार पांडेय

# अंतु तिर्की की झामुमो में हुई घर वापसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को झामुमो रांची जिला समिति द्वारा जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में भुसुर में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह का संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू ने किया। समारोह में अंतु तिर्की, मुकेश महतो, महादेव मुंडा, अनुप कुमार, फैयाज शाह, लक्ष्मण राम, सृष्टिधर महतो, सूरज साहू, माइकल लकड़ा आदि ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सभी को झामुमो का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलायी साथ ही माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक भी अदना सा कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कर चला जाता है या किसी कारणवश पार्टी से निकाला जाता है, तो दुख होता है, पर उसी की जब घर वापसी होती है, तो पार्टी को मजबूती मिलती है।

उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान के दायरे में रह कर ही काम करना पड़ता है। आज लोगों की घर वापसी सुखद संदेश देती है। आशा है सभी लोग पार्टी के नीति सिद्धांतों और संविधान के दायरे में रह कर ही काम करेंगे। बता दें कि खिजरी विधानसभा का झामुमो से टिकट नहीं मिलने के कारण अंतु तिर्की ने पार्टी छोड़ कर जेवीएम से खिजरी विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जिसके कारण उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। मिलन समारोह में झामुमो जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीरू साहू सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# मारुति के हत्यारों को फांसी हो : विजय शंकर नायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा है कि जब तक स्पीडी ट्रायल कर पेट्रोल डाल कर जलाने वाले हत्यारों को फांसी नहीं होती, तब तक हत्यारों का मनोबल बढ़ता ही रहेगा और हमारी बेटियां इन नर पिशाचों के हाथ जलती रहेंगी। बता दें कि दुमका शहर के जरूआडीह मुहल्ले में पिछले दिनों एक नाबालिग छात्रा को पेट्रोल डाल कर जलाने की घटना के बाद अब जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के भालकी गांव में एकतरफा प्यार में सनकी युवक ने एक युवती पर पेट्रोल छिड़क कर गुरुवार की रात आग लगा दी। आग से झुलसी युवती को गंभीर स्थिति में दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स भेजा गया। यहां शुक्रवार को वह जिंदगी की जंग हार गयी। नायक ने आगे कहा कि ऐसे हत्यारों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। नायक ने सरकार से मांग की है कि बहन बेटियों को जलाने वाले अपराधी और एसिड फेंकने वाले को कदापि बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे लोगों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

# शिबू सोरेन के आवास के पास महिला से छिनतई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### फल खरीद रही महिला से चेन छीन फरार हुए अपराधी

**रांची।** झारखंड में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मोरहाबादी जैसे हाई सिक्योरिटी एरिया में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से अपराधी बाज नहीं आ रहे हैं। बता दें कि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन, रांची डीसी, रांची एसएसपी सहित कई आला अधिकारियों और मंत्रियों के घर मोरहाबादी क्षेत्र में ही हैं। इस इलाके में दिनभर पुलिस मौजूद रहती है, लेकिन फिर भी अपराधियों ने दुस्साहस दिखाते हुए छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिया। ताजा मामला पार्क प्राइम रोड का है, जहां फल खरीद रही महिला से अपराधी चेन छीन कर फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इलाके के सीसीटीवी को खंगालने में लगी है।

**महिला ने मोरहाबादी टीओपी में दिया लिखित आवेदन :** छिनतई के संदर्भ में महिला ने मोरहाबादी टीओपी में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में महिला ने बताया है कि वह सुबह 9:45 में पार्क प्राइम रोड पर मोरहाबादी मैदान के कोने पर खड़े होकर फल खरीद रही थी। अचानक वहां मोटरसाइकिल पर पर सवार तीन लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि पीछे वाले सवारी के पास एक डंडा था और वह ब्लू चेक शर्ट पहने हुए था। महिला ने बताया कि उसी ने उसका चेन खींचा था और मौके से फरार हो गया। महिला ने बताया कि छिनतई के तुरंत बाद उन्होंने 100 नंबर डायल कर घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पर पीसीआर की टीम पहुंची। महिला ने ये भी बताया है कि उसकी सोने की चेन 2 तोले की थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आंदोलन करेंगे शिक्षक, आज लेंगे फैसला

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षक आंदोलन करेंगे। इस पर वे रविवार को फैसला लेंगे। इसको लेकर शिक्षकों ने सभी जिलों के उपायुक्तों को शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे और महासचिव राममूर्ति ठाकुर ने बताया कि शिक्षकों को सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के लाभ से अब तक वंचित रखा गया है, जबकि बिहार सरकार ने इसे अपने शिक्षकों के लिए लागू कर दिया है। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण की वर्तमान व्यवस्था नाकाफी और अपूर्ण है। इसमें आवश्यक संशोधन किया जाना बेहद जरूरी है। साथ ही, शिक्षक अपने अस्तित्व की रक्षा करने के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हैं, क्योंकि आये दिन शिक्षकों को अत्यधिक लिपिकीय कार्यों में उलझाकर शिक्षण व्यवस्था को बाधित किया जा रहा है। कार्यक्रम में संतोष कुमार, असदुल्ला, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी, कृष्णा शर्मा, दीपक दत्ता, अनिल कुमार, बाल्मीकि कुमार, हरेकृष्ण चौधरी, प्रभात कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार, धीर दुबे, अमरेश सिंह, नंदकिशोर यादव, रामचंद्र खैरवार, सुरंजन कुमार, सुनील दुबे, दिलीप श्रीवास्तव, रमेश कुमार, सचिदानंद सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### रांची में सीआइपी की पोस्टर प्रतियोगिता

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर बाल एवं किशोर मनश्चिकित्सा केंद्र और केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान ने शनिवार को बच्चा वार्ड के परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका विषय मेक मेंटल हेल्थ एंड वेल बीइंग फॉर ऑल ए ग्लोबल प्रायोरिटी था। कार्यक्रम का संचालन वार्ड के स्टाफ, जूनियर रेजिडेंट्स और छात्रों ने किया। प्रतियोगिता में बच्चा वार्ड के 24 बच्चों ने माता-पिता के साथ सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बच्चों ने कार्यक्रम में थीम से संबंधित बिंदुओं की जानकारी देते हुए विभिन्न तरह के पोस्टर प्रस्तुत किये। साथ ही दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जूनियर डॉक्टरों और छात्रों ने व्याख्यान दिये।

### भारती शर्मा ने पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत



हाजीपुर(आजाद सिपाही)। भारती शर्मा अध्यक्षा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा शनिवार को उन सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने दिनांक 11.09.2022 और 18.09.2022 को आयोजित ड्राइंग, पेंटिग तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेता थे। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अध्यक्षा द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और कैश अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान संगठन द्वारा बच्चों के लिए मैजिक शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव सीमा गोयल और अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।


### पूर्व केंद्रीय मंत्री को दी गयी श्रद्धांजलि

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की दूसरी पुण्यतिथि शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मनाई गई। मौके पर लोजपा रामविलास के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने पार्टी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पासवान के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधान ने कहा कि देश के महान सपूत, बिहार के गौरव और सामाजिक न्याय की बुलंद आवाज रहे राम विलास पासवान को मैं अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास में राम विलास का हमेशा अपना एक अलग स्थान रहा। वे एक बहुत ही सामान्य पृष्ठभूमि से उठकर शीर्ष तक पहुंचे। आज जो युवा राजनीति को जानना और समझना चाहते हैं या फिर राजनीति के जरिए देश की सेवा करना चाहते हैं वह रामविलास के जीवन से काफी कुछ सीख सकते है। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भारत सरकार के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य विनय कुमार, पूरन चंद, उमेश तिवारी, शिवजी कुमार, पारस नाथ, भोला कुमार, संजीत, राजेश रंजन सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा मंगलवार को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 60 वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार को कोकर औद्योगिक क्षेत्र अवस्थित उद्योग भवन में होगी। आम सभा के बाद 2022-23 के नये पदाधिकारियों के लिए चुनाव होगा। चुनाव कराने के लिए पूर्व अध्यक्ष विकास कुमार सिंह चेयरमैन, अरुण कुमार खेमका को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वार्षिक आम सभा के बाद वर्ष 2022-23 के लिए नयी कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चुनाव होगा। इसमें पिछले वर्ष की कार्यकारिणी समिति के द्वारा किये गये कार्यों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा होगी। आने वाले वर्ष में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास के लिए नये अध्यक्ष द्वारा पूरे साल की योजना की विवरणी दी जायेगी। आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ रहेंगे। वार्षिक आम सभा में एसोसिएशन के सभी सदस्य गण पूर्व अध्यक्ष गण एवं वरिष्ठ अतिथि ग्राम सभा में हिस्सा लेंगे।

### झारखंड इमेजिंग एक्स्पो का हुआ आगाज



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फोटो, वीडियो मेला झारखंड इमेजिंग एक्स्पो 2022 का शुभारंभ सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ मांझी की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कोलकाता के प्रख्यात फोटोग्राफर राजू सुलतानिया एवं समाज सेवी अशोक गरोडिया भी मंच पर उपस्थित रहे। रांची के स्वर्णभूमि बैंकवेट्स में आयोजित मेले में शिरकत करने झारखंड के विभिन्न ज़िलों तथा पड़ोसी राज्यों से भारी संख्या में फोटोग्राफर पहुंचे। मेले में प्रवेश निशुल्क है। संगठन के सचिव सुशांत प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में फोटोग्राफी से जुड़े सभी को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना चाहिए। जिससे उनके कौशल का विकास हो। संजय सेठ ने संगठन से अपने जुड़ाव को याद करते हुये कहा की वे स्थापना काल से ही इसके साथ हैं। राज्य सभा सांसद डॉ महुआ मांझी ने अपने सांसद कोश से संगठन को फोटोग्राफरों के हित में किसी कार्य में सहयोग की पेशकश की। कार्यक्रम में मनोज गोराई, सुशांत प्रसाद, निखिल गुप्ता, कौशिक मिश्रा, गौरव भाटिया, नवीन सिन्हा, विजय कुमार, राजीव रंजन, संजय क्षेत्री, बबलू, खालिद, जावेद अली, रजनीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज साहू, संतोष विश्वास, अश्विनी कुमार, आनंद कुशवाहा, कुणाल, साजिद, राकेश, ऐनुल सहित अन्य मौजूद थे।

## सेवा शर्त नियमावली के अनुसार 10 फीसदी बढ़ोत्तरी की जानी है

# आकलन परीक्षा पास करने वाले पारा शिक्षकों के मानदेय में होगी वृद्धि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मानदेय में बढ़ोत्तरी करने से पहले पारा शिक्षकों को आकलन परीक्षा पास करनी होगी। आकलन परीक्षा पास करनेवाले पारा शिक्षकों का मानदेय 10 फीसदी बढ़ाया जायेगा। जैक की ओर से आयोजित की जा रही आकलन परीक्षा को पास करने पर राज्य के 47106 पारा शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि शिक्षकों की सेवा शर्त नियमावली के अनुसार मानदेय में 10 फीसदी बढ़ोत्तरी की जानी है। इसमें वैसे पारा शिक्षक शामिल होंगे, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली के अनुसार शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल पारा शिक्षकों के मानदेय में 50 फीसदी की वृद्धि पहले ही की जा चुकी है। वहीं, शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफल नहीं होनेवाले पारा शिक्षकों के मानदेय में 40 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई थी। आकलन परीक्षा में सफल होने पर



इन्हें शेष 10% मानदेय वृद्धि मिलनी है। ऐसे पारा शिक्षकों को अधिकतम चार आकलन परीक्षा में शामिल होकर पास होने का मौका मिलेगा।

**आकलन परीक्षा में फेल होने पर पारा शिक्षक नहीं गंवायेंगे नौकरी: शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि आकलन परीक्षा में फेल होने पर पारा शिक्षक नौकरी नही गवायेंगे। आकलन परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाने के पीछे की वजह पारा शिक्षकों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन पूरा नहीं होना बताया जा रहा है।

**अब तक 23 हजार पारा शिक्षकों का ही मिला आवेदन**

जानकारी मिली है कि जैक को करीब 23 हजार पारा शिक्षकों का ही आवेदन मिला है। आवेदन की तारीख बढ़ाये जाने के पीछे इसको भी एक वजह बताया जा रहा है। इधर, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने ऐसे पारा शिक्षकों को नौकरी न जाने का भरोसा दिलाया है और आकलन परीक्षा फॉर्म भरने की अपील की है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि आकलन परीक्षा की तारीख 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गयी है। उसके बाद परीक्षा आयोजित कर पास करनेवाले पारा शिक्षकों के मानदेय में दस फीसदी नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अधिकतम चार आकलन परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें पास नहीं करने पर भी उन्हें नौकरी से नहीं हटाया जायेगा। हालांकि उनके मानदेय में वृद्धि नहीं होगी।

## गोला में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, सूचना के अभाव में नहीं पहुंचे लोग

# जनसुनवाई कार्यक्रम में वित्त मंत्री के सामने अधिकारियों की जमकर हुई शिकायत

**अंजनी कुमार**

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड कार्यालय में शनिवार को जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के खाद आपूर्ति एवं वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं विधायक ममता देवी शामिल हुए। यहां सर्वप्रथम उपस्थित लोगों से मंत्री रामेश्वर उरांव ने परिचय प्राप्त किया। इस दौरान जनसुनवाई कार्यक्रम में रोला बगीचा निवासी सुनील कुशवाहा ने गोला डेली मार्केट की समस्याओं को मंत्री के समक्ष में उठाया। उन्होंने डेली मार्केट का सुंदरीकरण संबधित मांग किया। इस पर मंत्री ने कहा कि प्रशासन आपको पूरी सहयोग करेगी। आप भी प्रशासन को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से बात करूंगा।

जनसुनवाई कार्यक्रम में सफाई और खराब सड़कों की बातें उठायी गयी। गोला प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र कोनारडीह गांव के लोगों ने गांव में नए जन वितरण प्रणाली की दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि आदिवासी बहुल गांव के लोगों को बारह किलोमीटर दूर चल कर जन वितरण प्रणाली के दुकान से राशन लेने जाना पड़ता है। इस पर मंत्री ने गोला बीडीओ और विधायक को ममले पर संज्ञान लेने को कहा।मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मैं राजनीतिक में लोगों की सेवा करने के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि अगर राशन मिलने में देर हो रही है तो इसके जिम्मेवार



एफसीआई गोदाम के अधिकारी है। आगे ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि अनाज वितरण में तोल में कम दिया जा रहा है। डीलर अनाज दो किलो कम पहले ही काट कर देता है। इस पर मंत्री ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत कीजिए। डीलर अगर लाभुक का राशन चोरी करे तो थाने में शिकायत भी कर सकते है। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों ने कहा कि अधिकारी किसी की बात नहीं सुनते हैं। विधायक का नाम लेने पर कहते हैं कि उनके कहने पर कोई काम नहीं होगा।

जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों ने राशन वितरण प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। मंत्री ने कहा कि राज्य में एमओ की काफी कमी है। मात्र 15 एमओ से पूरा राज्य में कार्य कराया जा रहा है। पिछले सरकार के कारण आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है।हम लोग धीरे-धीरे खाली पदों पर बहाली करना शुरू कर दियें है। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से पत्रकारों ने बातचीत करते हुए जानना चाहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग में जारी भ्रष्टाचार को कैसे खत्म किया जा सके। इस पर मंत्री ने कहा कि झारखंड में देश का पहला डिजिटल वेट मशीन लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि डीलर वजन में लाभुकों को कम अनाज दे रहे हैं। इन भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार ने सख्त कदम उठाया है।

### सूचना के अभाव में कम दिखे लोग

इधर सूचना के अभाव में कम लोग जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों तक को खबर नहीं दी गयी, जिससे कार्यक्रम में ज्यादा लोग भाग नहीं ले सके।

### ये लोग थे शामिल

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, विनय महतो, संतोष सोनी, लखेश्वर महतो, जनार्दन पाठक, ज्ञानी मुंडा, सुनील कुशवाहा, एहतेसामुद्दीन अंसारी, माणिक पटेल, कमलेश महतो, गौरी शंकर महतो, भवानी पटेल, अनुज कुमार, मनीष सिंह यादव, उद्दीन अंसारी, मनोज कुमार पांडे, इस्लाम अंसारी, सगीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# जेएससीए टीम के साथ समन्वय बना कर काम करें पुलिसकर्मी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को जेएससीए स्टेडियम में पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मियों व विधि व्यवस्था में लगे कर्मचारियों से कहा कि मैच के दौरान जेएससीए की टीम के साथ प्रशासनिक टीम समन्वय बनाकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि अनुशासन, लोगों के बैठने आदि की व्यवस्था से संबंधित किसी भी मामले में जेएससीए की टीम की ओर से पहला रिएक्शन होगा। इसके बाद स्थिति अनुसार प्रशासनिक टीम कार्य करेगी। उन्होंने लोगों से भी मैच को सफल बनाने की अपील की। एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस पदाधिकारी-कर्मियों को कार्यस्थल पर समय से पहुंचने को कहा है। आपत्तिजनक वस्तु पर भी नजर रखने को कहा गया है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) रामवृक्ष महतो, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, सिटी एसपी अंशुमान कुमार सहित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने दिया सुझाव

# झारखंड में महिलाओं को हर क्षेत्र में मिले 30 फीसदी आरक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने झारखंड में महिलाओं को हर क्षेत्र में 30 फीसदी आरक्षण देने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है आदिवासी बहुल इस राज्य में महिलाओं को संपत्ति का मालिकाना हक भी देना होगा। इसके लिए यहां की कस्टमरी लॉ के साथ अन्य बातों पर भी गौर करना होगा।

**महिलाओं को आज भी संपत्ति में बराबरी का हक नहीं मिलता :** जस्टिस बीवी नागरत्ना संपत्ति में महिलाओं का अधिकार विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रही थीं। उन्होंने कहा, संविधान में महिलाओं को कई अधिकार पहले से ही दिये गये हैं। विधायिका ने भी महिलाओं को सशक्त करने के लिए कई योजनाएं और कानून बनाये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी सभी धर्मों के पर्सनल ला समेत अन्य कानूनों की व्याख्या करते हुए महिलाओं की संपत्ति के अधिकार सहित अन्य अधिकार दिये हैं, लेकिन महिलाओं को आज भी संपत्ति में बराबरी का हक नहीं मिलता।

**महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और देश सशक्त होगा :** उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को संपत्ति में अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक वे आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होंगी। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और देश भी सशक्त होगा।

# रिम्स में नियमित कोटे के 30 और बैकलॉग के 64 पदों पर होगी नियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में तृतीय श्रेणी के पदों के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने आवेदन मांगा है। इसमें नियमित भर्ती के लिए कुल 30 पदों और बैकलॉग के लिए कुल 34 पदों के लिए आवेदन मांगा गया है।

योग्य अभ्यर्थी आगामी एक नवंबर से आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 2 दिसंबर तक किया जा सकेगा। दोनों ही भर्तियों के लिए परीक्षा शुल्क 100 रुपये निर्धारित है। राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों के लिए 50 रुपये शुल्क निर्धारित है। आवेदन से जुड़ी सभी अहम जानकारी आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### इन पदों पर की जायेगी नियुक्ति

नियमित भर्ती के कुल 30 पदों में से हेल्थ एजुकेटर के 1, महिला अधीक्षक के 1, स्टेनो-एकाउंटेंट के 1, एक्स-रे मैकेनिक के 1, ईसीजी टेक्नीशियन के 6, परफ्यूजनिस्ट के 2, डेंटल हाइजीनिस्ट के 1, रेडियोथैरेपी टेक्नोलॉजिस्ट के 2, एबीजी टेक्नीशियन के 4, टेक्निकल असिस्टेंट के 6, टेक्नीशियन (कैथलैब) के 5 पदों के लिए आवेदन शामिल हैं. वहीं, बैकलॉग के कुल 34 पदों में से लैब टेक्नीशियन के 9 पद, ऑपरेशन थियेटर में सहायक के 9, स्टेनोग्राफर के 4, एक्स-रे टेकनीशियन के 2, एक्यूपेशनल थेरापिस्ट के 1, रेडियोग्राफर के 1, वेंटिलेटर टेक्नीशियन के 1, डेंटल मैकेनिक के 5, भारी वाहन चालक के 1 और कलाकार के 1 पद का आवेदन शामिल हैं।

# ओबीसी आरक्षण बचाने के लिए ट्रिपल टेस्ट पर सरकार मौन क्यों : राजेश गुप्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट करा के ओबीसी आरक्षण बचाया, बिहार राज्य भी इसी राह पर है, झारखंड सरकार खामोश क्यों? उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कही। श्री गुप्ता ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने स्थानीय निकायों (पंचायत चुनाव व नगर निकाय चुनाव) में ओबीसी आरक्षण को बचाने व आने वाले स्थानीय निकायों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण बचाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रिपल टेस्ट का रिपोर्ट पेश कर ओबीसी आरक्षण को यथास्थिति कराया। भविष्य में स्थानीय निकायों से ओबीसी प्रतिनिधित्व का पत्ता साफ हो जायेगा। क्या राज्य सरकार की यही मंशा है? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार तुरंत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार कमीशन का गठन कर ओबीसी के इम्पीरिकल डाटा प्रक्रिया की प्रक्रिया शुरू करें, इसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई आंदोलन किये, जिसमें सेमिनार, मशाल जुलूस, महाधरना, घंटा बजा नींद से जगाओ आदि दर्जनों कार्यक्रम चलायें।

# आरयू : निश्चित मानदेय के लिए अनुबंध शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के तीन नये मॉडल डिग्री कॉलेजों में घंटी आधारित शिक्षकों की नयी नियुक्ति के विरोध में शनिवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया। अतिथि शिक्षक संघ, अनुबंध सहायक प्राध्यापक संघ व वोकेशनल शिक्षक संघ की ओर से आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों व कॉलेजों में नियुक्त अनुबंध व अतिथि शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शिक्षक कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से वार्ता का प्रयास करते रहे, लेकिन विफल रहे। रांची विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को मॉडल डिग्री कॉलेज घाघरा, लोहरदगा और सिमडेगा में अनुबंध पर शिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया है। अनुबंध अध्यापक संघ रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन शाही ने कहा कि हमारा राज्य और हमारा राज, तो हम अतिथि कैसे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति हो तो स्थाई हो, अन्यथा नहीं हो। वहीं, अतिथि शिक्षकों का कहना था कि अनुबंध पर नई नियुक्ति का विरोध नहीं है, लेकिन यह यूजीसी की नियमावली के अनुसार हो। अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि 2015-16 से कार्यरत घंटी आधारित शिक्षकों की जो दुर्दशा है, वह अन्य अभ्यर्थियों की नहीं हो, इसलिए यूजीसी के नियमानुसार नियुक्ति की जाए। अनुबंध प्राध्यापक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ निरंजन महतो ने कहा अतिथि शिक्षक बनकर समय व सम्मान दोनों की बबार्दी होती है। संघ के सदस्य डॉ अमित कुमार ने कहा कि एक विश्वविद्यालय में एक प्रकार के कार्य के लिए अलग-अलग वेतन क्यों। जब नियुक्ति यूजीसी के नियमानुसार की जा रही है, तो मानदेय भी यूजीसी के अनुसार होना चाहिए। संघ के उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार दास ने कहा कि नियुक्ति को स्थगित नहीं की गई, तो सभी शिक्षक विरोध करेंगे। डॉ रामकुमार तिर्की ने कहा कि वर्तमान में कार्यरत किसी भी अतिथि शिक्षक व संविदा शिक्षकों का स्थानांतरण या उन्हें कार्य विहीन किया जाता है, तो सभी शिक्षक सामूहिक इस्तीफा देंगे।

**जमीन पर बैठ सुनायी समस्या :** विरोध जताने पहुंचे शिक्षक काफी देर तक कुलपति के आने की प्रतीक्षा करते रहे। जब कुलपति नहीं आए तो शिक्षक रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद मेहता के पास पहुंचे। इस दौरान वार्ता के लिए कुर्सी नहीं मिलने पर शिक्षकों ने जमीन पर ही बैठ कर अपनी बात रखी। रजिस्ट्रार ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में अनिकेत, आलोक, अवधेश, नाजिश, मनीष, आशीष, रामकुमार, अनुश्री, लक्ष्मी, निशा, संगीता, बिंदेश्वर, हर्षवर्धन, सत्यम, विकाश, अनल, वरुण मौजूद थे।

# सिल्ली के लगाम खेल मैदान में आतिशबाजी का आनंद उठाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिल्ली के लगाम खेल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर करीब एक लाख लोगों ने यहां जम कर हुई आतिशबाजी का आनंद उठाया। आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने रावण के पुतले में आग लगायी। मौके पर सुनील सिंह, राजेंद्र शाही मुंडा, गौतम कृष्ण साहू, नेहा महतो, श्याम सुंदर महतो, किरीटी महतो, चितरंजन महतो, संजय सिद्धार्थ सहित अन्य उपस्थित थे।

# साइबर अपराधियों ने किराये पर मकान लेने के नाम पर डॉक्टर से 2.23 लाख की ठगी की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में रामेश्वरम के रहने वाले डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद साहू से किराये पर मकान लेने के नाम पर साइबर ठगी हुई है। साइबर अपराधियों ने डॉक्टर से खाते से 2.23 लाख रुपये की ठगी कर ली है। इस संबंध में डॉ उपेंद्र ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**एडवांस भेजने के नाम खाते से 1.23 लाख उड़ाये :** डॉ उपेंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने फ्लैट किराया में लगाने के लिए ऑनलाइन साइट पर विज्ञापन डाला था। 4 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने उनके मोबाइल नंबर पर फोन किया और कहा कि उन्हें फ्लैट भाड़ा पर लेना है। इसके बाद ठग ने बातचीत तय होने के बाद उन्हें एडवांस देने की बात कही। उनके एकाउंट नंबर पर उन्हें पांच रुपये भेजा। कंफर्म करने के बाद ठग ने उनसे कहा कि सर्वर डाउन है, इसलिए एडवांस की राशि उन्हें पांच अक्टूबर को भेजेंगे। पांच अक्टूबर को ठग ने उनसे कहा कि वह एडवांस की राशि भेज रहा है, तो एकाउंट नंबर कंफर्म करें। ठग ने उपेंद्र को बातों में फंसा कर उनके खाते की पूरी जानकारी ले ली। कुछ देर के बाद उनके खाते से 31 हजार 995, 31 हजार 995, 20 हजार, 14 हजार और 25 हजार कट गये।

**पैसा वापस करने के नाम पर दूसरे खाते से भी उड़ाये एक लाख :** इसके बाद साइबर ठग ने डॉक्टर के खाते से दोबारा पैसे उड़ाये। डॉ. उपेंद्र को उनका पैसा वापस करने के नाम पर भी उन्हें फिर से ठगी का शिकार बनाया। आरोपी ने डॉक्टर से कहा कि पैसा उन्हें वापस करना है। इस खाते में राशि वापस नहीं होगी, दूसरा खाता देने की बात कही। डॉक्टर ने आरोपी को दूसरे बैंक का खाता नंबर उसे दे दिया। इसके बाद डॉक्टर के दूसरे खाते से 49 हजार 995 और 49 हजार 995 करके दो बार उस खाते से भी ठगों ने अवैध निकासी कर ली।

## झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक ने जारी किया आदेश

# झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। प्रोजेक्ट संपूर्णा के तहत छात्र-छात्राएं हर्ष जोहार पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर सकेंगे। इससे सामाजिक भावनात्मक शिक्षण के जरिये पढ़ाई होगी और नये शैक्षणिक सत्र से इसकी शुरूआत होगी। इसकी तैयारी को लेकर संबंधित उत्कृष्ट विद्यालयों के एक-एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जायेगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को इस आशय का निर्देश दिया गया है।




जेइपीसी की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने दो चरणों में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में 10 से 14 अक्तूबर तक प्रशिक्षण होगा, जबकि दूसरे चरण का प्रशिक्षण 17 से 21 अक्तूबर तक होगा। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद में आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के एक-एक शिक्षक को और दूसरे चरण में एक-एक शिक्षक को हर्ष जोहार पाठ्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। उत्कृष्ट विद्यालयों में सफलता के बाद अन्य विद्यालयों में भी इसे लागू करने की तैयारी है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों के रहने और भोजन की व्यवस्था जेसीइआरटी में ही की जायेगी। इसके लिए संबंधित उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों की सूची जारी कर दी गयी है। सभी जिलों के माध्यम से इन शिक्षकों को प्रशिक्षण लेने के लिए भेजा जायेगा। झारखंड में इस समय 60 स्कूलों में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम चल रहा है। इसकी स्थिति बेहतर देखते हुए सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में इसकी व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।

# इडी ने पांच माह में छह चर्चित व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाला और अवैध खनन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की झारखंड में लगातार दबिश बढ़ती जा रही है। पिछले पांच माह में इडी ने एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान छह बड़े चर्चित व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### सीए सुमन कुमार

आइएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार को इडी ने 7 मई को गिरफ्तार किया था। 6 मई को इडी ने सीए के घर छापेमारी की थी, जहां से 19 करोड़ नकद बरामद हुए थे। इडी ने यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति और मनरेगा घोटाला को लेकर की थी।

### आइएएस पूजा सिंघल

झारखंड की तत्कालीन खान सह उद्योग सचिव पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई की शाम गिरफ्तार कर लिया था। पूजा सिंघल को लगातार दो दिन की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। इडी ने यह गिरफ्तारी मनरेगा घोटाले में संलिप्तता सहित भ्रष्टाचार से संबंधित अन्य मामलों में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत की थी।

### सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी टीम ने बीते 19 जुलाई की शाम गिरफ्तार कर लिया था। साहिबगंज में अवैध खनन मामले की जांच कर रही इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पंकज मिश्रा को अपने रांची स्थित कार्यालय में बुलाया था। सुबह करीब 11 बजे पंकज मिश्रा प्रवर्तन निदेशालय के सवालों का जवाब देने के लिए पहुंचे। दिन भर इडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। शाम में इस बात आधिकारिक जानकारी दी गयी कि इडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश

इडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चर्चित पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को बीते 25 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले 24 अगस्त को इडी ने प्रेम प्रकाश के अरगोड़ा स्थित वसुंधरा अपार्टमेंट और हरमू हाउसिंग कॉलोनी के किराये के मकान में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके-47 बरामद किया गया था, जिसे इडी ने जब्त कर लिया है।

### बच्चू यादव

इडी ने बीते 4 अगस्त को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए झारखंड में अवैध खनन के मामले की जांच के दौरान मिले कई महत्वपूर्ण सबूतों के आधार पर बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार कर लिया था। बच्चू यादव साहेबगंज जिले का रहनेवाला है, लेकिन पिछले कई सालों से इसकी अवैध तौर पर खनन से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आरोपी को साहेबगंज इलाके में बाहुबली के तौर पर जाना जाता है।

### अमित अग्रवाल

पश्चिम बंगाल के चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल को इडी ने बीते 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। अग्रवाल पर झारखंड हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार को कोलकाता बुला कर घूस देने का आरोप है। राजीव कुमार 50 लाख रुपये घूस लेते कोलकाता में गिरफ्तार हुए थे।

# भरोसा लेकर हों सुधार

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार चुनाव आयोग के साथ विचार-विमर्श कर रही है और मौजूदा जन-प्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के जरिए वह चुनाव सुधारों को लागू करने के लिए विधायिका का समर्थन सुनिश्चित कर सकती है। वैसे, कानून मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि सरकार कानून में किस तरह के संशोधन लाना और किन चुनाव सुधारों को लागू कराना चाहती है, लेकिन उनके बयान से एक दिन पहले ही चुनाव आयोग ने सभी दलों को पत्र लिखकर आदर्श आचार संहिता में कुछ संशोधन का प्रस्ताव रखा। आयोग का कहना है कि मौजूदा प्रावधानों के तहत भी राजनीतिक दलों को अपने चुनावी वादों को लागू करने के तरीके बताने ही होते हैं, लेकिन इस समय वे रूटीन ढंग से इस औपचारिकता का निर्वाह कर देते हैं। उनके जवाब प्रामाणिक और तथ्य आधारित हों, यह पक्का करने की जरूरत है। इसी मकसद से चुनाव आयोग ने यह नई पहल की है, जिसके तहत राजनीतिक दलों को पत्र भेजकर उनसे 18 अक्टूबर तक इस पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा गया है। आयोग ने कहा है कि वह कुछ चुनावी वादों के अवांछित प्रभावों पर मूकदर्शक बना बैठा नहीं रहेगा। दिलचस्प है कि चुनाव आयोग का यह नया तेवर कुछ समय पहले के उसके अपने ही रुख के विपरीत है। इसी साल अप्रैल में एक मामले की सुनवाई के दौरान आयोग सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कह चुका है कि वह राजनीतिक दलों के नीतिगत निर्णयों को रेग्युलेट नहीं कर सकता। मुफ्त रेवड़ियों से जुड़े मामले में भी चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रस्तावित समिति में शामिल होने से इनकार कर चुका है। आश्चर्य नहीं कि आयोग की ताजा पहल पर विभिन्न राजनीतिक दल सवाल उठा रहे हैं। कई दलों ने संदेह जताया है कि आयोग के रुख में आए बदलाव के पीछे कहीं सरकार का दबाव तो नहीं। हालांकि ऐसे आरोप सही रिफॉर्म्स को लेकर भी लगते रहे हैं। ध्यान रहे, चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसका काम ऐसा है, जिसमें इसकी स्वायत्तता और निष्पक्षता का हर संदेह से परे रहना आवश्यक है। अगर सरकार चुनाव सुधारों को आगे बढ़ाने की जरूरत महसूस कर रही है तो बेहतर होगा कि वह तमाम राजनीतिक दलों को विश्वास में ले और फिर चुनाव आयोग तक उन प्रस्तावों को भिजवाए, ताकि इस प्रक्रिया में हर कदम पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव सुधारों की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इसे आगे बढ़ाते हुए चुनाव आयोग समेत सभी संबंधित पक्षों के लिए आवश्यक है कि निष्पक्षता और पारदर्शिता के सभी तकाजे पूरे करते चलें।

**आयोग का कहना है कि मौजूदा प्रावधानों के तहत भी राजनीतिक दलों को अपने चुनावी वादों को लागू करने के तरीके बताने ही होते हैं, लेकिन इस समय वे रूटीन ढंग से इस औपचारिकता का निर्वाह कर देते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म दर में अधिक गिरावट आयी है। शहरी क्षेत्रों में जहां जन्म दर में गिरावट 15.6 प्रतिशत दर्ज की गयी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 20.2 प्रतिशत रिकार्ड की गयी है। जन्म दर (जीएफआर) से मतलब एक वर्ष में 15 से 49 आयु वर्ग के बीच की प्रति 1000 महिलाओं द्वारा जन्म देने वाले बच्चों की संख्या से है। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2008 से 2010 तक 3 वर्ष की अवधि में औसत जन्म दर 86.1 थी जो 2018-2020 (तीन वर्ष का औसत) की अवधि के दौरान घट कर 68.7 रह गयी है।**

# भारत में जन्म दर में बड़ी गिरावट विवाह की आयु में देरी

विजय कुमार

भारत में जन्म दर (जनरल फर्टिलिटी रेट अर्थात जीएफआर) के संबंध में एक रिपोर्ट सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम-2020 जारी की गयी है। इसके अनुसार शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म दर में अधिक गिरावट आयी है। शहरी क्षेत्रों में जहां जन्म दर में गिरावट 15.6 प्रतिशत दर्ज की गयी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 20.2 प्रतिशत रिकार्ड की गयी है। जन्म दर (जीएफआर) से मतलब एक वर्ष में 15 से 49 आयु वर्ग के बीच की प्रति 1000 महिलाओं द्वारा जन्म देने वाले बच्चों की संख्या से है।

इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2008 से 2010 तक 3 वर्ष की अवधि में औसत जन्म दर 86.1 थी जो 2018-2020 (तीन वर्ष का औसत) की अवधि के दौरान घट कर 68.7 रह गयी है। जन्म दर में कमी के लिए विशेषज्ञ साक्षरता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। उनके अनुसार भारत में पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जन्म दर में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की प्रसूति तथा स्त्री रोग विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डा. सुनीता मित्तल के अनुसार : जन्म दर में जो गिरावट आयी है उसने देश की जनसंख्या वृद्धि में कमी के साथ-साथ इसमें ठहराव आने का अच्छा संकेत दिया है।

**लोगों का एक वर्ग अभी भी ऐसा है, जो बेटे की चाह में स्वयं को 2 बच्चों तक सीमित न रख कर 2 से अधिक बच्चे पैदा कर रहा है।**

जन्म दर में आने वाली इस कमी का मुख्य कारण विवाह की आयु में वृद्धि, महिलाओं की साक्षरता दर में सुधार, लड़कियों के स्कूल जाने की अवधि में वृद्धि तथा आधुनिक गर्भ निरोधक उपायों का आसानी से उपलब्ध होना है। हालांकि जन्म दर में कमी के चलते भारत में गर्भनिरोधकों के इस्तेमाल के मामलों में वृद्धि हुई है।



**पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूनम मुटरेजा का कहना है कि 50 के दशक (1951) में भारत में जन्मदर (टोटल फर्टिलिटी रेट) लगभग 6 थी, अतः इस लिहाज से वर्तमान आंकड़ा बड़ी उपलब्धि है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जो महिलाएं शिक्षित हैं, उनके बच्चे कम हैं।**

वर्ष 2021 में प्रकाशित एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय 13 करोड़ 90 लाख से अधिक भारतीय महिलाएं और लड़कियां परिवार नियोजन के लिए गर्भनिरोधकों के आधुनिक प्रचलित तरीकों का इस्तेमाल कर रही हैं। इसी बीच नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (5) अर्थात एनएफएचएस (5) के ताजा आंकड़ों के अनुसार भी भारत में सभी धर्मों तथा जातीय समूहों में कुल जन्म दर में कमी आयी है।

इस सर्वे के अनुसार जहां नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (4) 2015-16 में जन्म दर 2.2 थी, वहीं नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (5) 2019-2021 में यह घट कर 2.0 पर पहुंच गयी है। इसके अनुसार जन्म दर में कमी का यह मतलब है कि अब दंपति औसतन 2 बच्चे पैदा कर रहे हैं, जिससे परिवारों का आकार छोटा हुआ है। हालांकि परिवार छोटा रखने के लोगों के कुछ अपने कारण भी हैं। इसमें वित्तीय स्थिति मुख्य है। लोगों का एक वर्ग अभी भी ऐसा है, जो बेटे की चाह में स्वयं को 2 बच्चों तक सीमित न रख कर 2 से अधिक बच्चे पैदा कर रहा है। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन धर्मों या सामाजिक समूहों में गरीबी अधिक तथा शिक्षा का स्तर खराब है, वहां जन्म दर अधिक है।

पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पूनम मुटरेजा का कहना है कि 50 के दशक (1951) में भारत में जन्मदर (टोटल फर्टिलिटी रेट) लगभग 6 थी, अतः इस लिहाज से वर्तमान आंकड़ा बड़ी उपलब्धि है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जो महिलाएं शिक्षित हैं, उनके बच्चे कम हैं।

इसमें मिशन परिवार विकास योजना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस आंकड़े तक पहुंचने का मतलब है कि अगले तीन से चार दशक में देश की जनसंख्या स्थिर हो जायेगी। यदि ऐसा होता है, तो यकीनन यह एक अच्छा बदलाव होगा।

इस समय जबकि अधिकांश विश्व जनसंख्या विस्फोट की समस्या का सामना कर रहा है, जनसंख्या की वृद्धि रुकने से सरकार पर लोगों को अनिवार्य जीवनोपयोगी सुविधाएं प्रदान करने का बोझ घटेगा। इससे जहां एक ओर सरकारी कोष का इस्तेमाल लोगों को अधिक सुविधाएं प्रदान करने में किया जा सकेगा वहीं अधिक सुविधाएं मिलने से लोगों के स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा और वे अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अच्छी शिक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान करके बेहतर भविष्य दे सकेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक की पहल पर डीसी ने की कार्रवाई एमओ को बकाया राशन देने का दिया निर्देश

### पटमदा-बोड़ाम के ग्रामीणों को रविवार से मिलने लगेगा बकाया राशन : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों का कई माह से बकाया राशन तकनीकी खराबी की वजह से नही मिल रहा था। पीडीएस दुकानदारों ने इसकी सूचना क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी को दी। शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जिले के उपायुक्त श्रीमती विजया जाघव से मुलाकात की। उपायुक्त ने पीडीएस दुकानदारों की समस्याओं से अवगत होने के बाद समाधान करने का संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों को रविवार तक बकाया राशन का भुगतान किया जायेगा। उधर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पहल पर बकाया राशन का भुगतान होने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। वही ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों डीलरों ने विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया बीते करीब 2 से 3 माह का राशन नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। शनिवार को दर्जनों डीलरों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मिलते ही तत्काल जिले के उपायुक्त विजया जाधव को दूरभाष पर जानकारी देने के बाद एक मांग पत्र सौपा गया। उपायुक्त ने त्वरित पहल करते हुए डीएसओ व पटमदा बोड़ाम के एमओ को रविवार तक बकाया राशन उनकी दुकानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। शनिवार को विधायक मंगल कालीन की पहल पर डीलरों ने राहत की सांस ली। त्वरित कार्रवाई होने पर उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष शशधर महतो, सचिव विजय कुमार मंडल, बिजली महतो, गोकुल दास, शेख यूनुस, देवेंद्र नाथ सिंह, अशोक मंडल, प्रवीर कुमार दास, उत्तम मंडल, रविंद्र नाथ मोदक के अलावे विधायक प्रतिनिधि सुभाष कर्मकार, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, चंद्रशेखर टुडू, सिजेन हेम्ब्रम के आलावे अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# कुष्ठ आश्रम की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन व सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के सबल परियोजना के संयुक्त प्रयास से कुष्ठ आश्रमों की महिलाओं को उद्यमिता विकास के कार्यशाला में आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार के कार्यशाला के दूसरे दिन मोटिवेशनल स्पिकर राजु शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने व परिवार को शिक्षित बनाने की के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के द्वारा पिछले 16 वर्षों से भारत के विभिन्न राज्यों में कुष्ठ कॉलोनी में रहने वाले परिवार के उत्थान एवं समाज के मुख्यधारा मे शामिल करने के लिए संस्था काम कर रही है।संस्था के द्वारा कुष्ठ कॉलोनी में रह रहे परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, स्वरोजगार संबंधित प्रशिक्षण, स्वास्थ्य तथा उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप एवं वकालत का कार्य किया जा रहा है। जमशेदपुर के 20 कुष्ठ आश्रमों में रह रहे कुष्ठ रोगियों के परिवारजनों के जीविकोपार्जन से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सासाकावा इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक सैमुअल हांसदा, असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर मल्लिका साव, जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो, मधुसूदन तिवारी,जवाहर राम पासवान, प्रशिक्षक राजू शर्मा, टेनिक कुमार महतो, कलोनी एनिमेटर शीला मिथुन सोरेन, टेरेसा सुंडी, बुधेश्वर पात्रो, अंबिका महतो, मुखिया रीता सिंह व धानसिंह शामिल रहे।



# गौड़ समाज समन्वय समिति की बैठक 16 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कोल्हान में गौड़ समाज समन्वय समिति के पहल पर समाज को मजबूत करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। समाज के कार्यकर्ताओं मनोबल को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास की जा रही है, जिसको लेकर 9 अक्टूबर को एक बैठक बुलायी गयी थी। शनिवार को गौड़ समाज समन्वय समिति के संयोजक चतुर्भूज बारीक एवं सह संयोजक अनंत प्रधान ने नौ अक्टूबर के बैठक के बदले आगामी सोलह अक्तूबर को जमशेदपुर के विजय गार्डन में सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगी। गौड़ समाज समन्वय समिति के सह संयोजक अनंत प्रधान ने बताया समाज को मजबूत करने के लिए पूरे कोल्हान में सभी लोगों को एकजुट किया जा रहा है। जिसको लेकर बैठक का समय में कुछ बदलाव किया गया है। बारीडीह स्थित विजय गार्डन में 16 अक्टूबर को सुबह ग्यारह बजे से बैठक रखा गया है। उन्होंने कोल्हान स्तर पर समाज के सभी पदाधिकारी, ब्लॉक संयोजक, बुद्धिजीवी एवं वरिष्ठ समाज के लोगों को उपस्थित होने के लिए अपील की। उन्होंने कहा 16 अक्टूबर को समन्वय समिति की बैठक में समाज की उत्थान को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। समाज को एक मंच पर लाने व मजबूत करने को लेकर उपस्थित लोगों की विचार को सुना जायेगा। बैठक सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगी।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर डीसी, एसएसपी ने की बैठक

**प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी जुलूस की समाप्ति के उपरांत अनुमति मिलने के पश्चात स्थल छोड़ेंगे : विजया जाधव**

**असामाजिक तत्वों पर रखे विशेष निगरानी, संदिग्ध गतिविधि पर कंट्रोल रूम से पल पल की रखी जायेगी नजर : प्रभात कुमार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में ईद मिलादुन्नबी के पूर्व जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को साकची रविन्द्र भवन सभागार उपायुक्त विजया जाघव एसपी प्रभात कुमार ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को रविवार को निकलने वाले जुलूस को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश में शहर को सात जोन में बांटकर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जुलूस मे असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सभी रूट में लगे सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। जुलूस गांधी मैदान मानगो से शुरू होकर, आम बगान पहुंचेगा वहीं धातकीडीह में समाप्त होगा। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा सभी प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी जुलूस की समाप्ति के उपरांत अनुमति के पश्चात ही स्थल छोड़ेंगे। उन्होने कहा लगभग 70-80 हजार लोगों के जुलूस में शामिल होने की संभावना है। ऐसे में प्रशासनिक दृष्टिकोण से क्या सतर्कता बरतनी है इसपर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, बैरिकेडिंग प्वाइंट एवं ड्रॉप गेट को लेकर उन्होने जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार का भारी वाहन के शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। डीजे का उपयोग पर प्रतिबंधित लगाया गया है। कंट्रोल रूम एक्टिव रहेगा। सीसीआर से सभी गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा जितने भी संवेदनशील जगह हैं, वहां पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देंगे। ड्यूटी में तैनात पदाधिकारी ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अगर उनमें से कोई अनुपस्थित रहेंगे तो तत्काल जानकारी दें जिससे संबंधित स्थल पर दूसरे अधिकारी की ड्यूटी लगायी जा सके। जुलूस में भड़काऊ गीत पर रोक लगायी गयी है। अग्नेयास्त्र ले जाने पर भी प्रतिबंध है। बड़ी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल और लाठी बल की तैनाती रहेगी। अग्निशमन की व्यवस्था की गयी है। बैठक में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सिटी एसपी के विजय शंकर, एसडीएम धालभूम संदीप कुमार मीणा, एएसपी सुधांशु जैन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल, अपर उपायुक्त सौरभ सिन्हा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, पुलिस उपाधीक्षक यातायात तथा अन्य समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**तैयारी :** दो चरणों में चलेगा 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा

# पंचायत स्तर पर दिया जायेगा योजनाओं का लाभ

**कार्यक्रम की बेहतर सफलता के लिए मंत्री ने डीसी को दिये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अक्टूबर से होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर तक एवं दूसरा चरण एक से 14 नवम्बर चलाया जाएगा। गढ़वा जिला में इस कार्यक्रम का बेहतर संचालन एवं अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने डीसी रमेश घोलप को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयेजन कर राज्य सरकार के लोक-कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार होगा एवं शिविर में ही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जाएगा। ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। सरकार ने प्राथमिकता उन पंचायतों को अधिक देने का आदेश दिया है, जहां गत वर्ष किसी कारणवश शिविर नहीं लगाया जा सका था।



इस आयोजन के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पांच लाख नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना हेतु आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांचोपरांत दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं सहित धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों का निबंधन, हड़िया, शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराने, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

**जिले के सभी प्रखंड में पंचायतवार कार्यक्रम की तिथि एवं पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गयी है**

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में पंचायतवार कार्यक्रम की तिथि एवं पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने आम जनों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रत्येक दिन शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन से संबंधित विवरणी उसी दिन संध्या पांच बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित बिंदुओं पर डीसी सप्ताह में दो बार समीक्षा भी करेंगे। ताकि लोगों को पारदर्शी तरीके से अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गत वर्ष संचालित इस कार्यक्रम के तहत राज्य भर में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए कुल प्राप्त 35.95 लाख आवेदनों में से 35.56 लाख आवेदन निष्पादित किये गये। पिछले कार्यक्रम में लगभग 99 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन किया गया एवं इससे आमजन काफी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम की सराहना न सिर्फ इस राज्य में हुई बल्कि राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न समाचार-पत्रों, सोशल मीडिया आदि पर भी इसकी प्रशंसा की गई। साथ ही इस कार्यक्रम को अत्याधिक जनोपयोगी बताया गया।

## बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को विकसित करने का लिया गया निर्णय

**डीसी ने की विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के चयन एवं सुझाव को लेकर बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के चयन हेतु प्रस्ताव एवं सुझाव से संबंधित बैठक की गई। वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित गढ़वा जिले के क्षेत्र बूढ़ा पहाड़, साथ ही भंडरिया एवं रमकंडा के कुछ क्षेत्रों को सरकारी योजनाओं को लागू कर विकसित करने का निर्णय लिया गया। बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र को विकसित करने के लिए बूढ़ा पहाड़ पर बने पुलिस पिकेट तक पहुंच पथ का निर्माण करने, स्वच्छ पेयजल की सुविधा मुहैया कराने, रोड, कलवर्ट एवं खेल को बढ़ावा देने हेतु खेल के मैदान विकसित करने का निर्णय लिया गया। भंडरिया में पुस्तकालय एवं रमकंडा के अस्पतालों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में सोलर आधारित जलापूर्ति योजना के तहत पेयजल की सुविधा देने हेतु निर्णय लिए गए। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी एवं दक्षिणी तथा सीआरपीएफ कमांडेंट एवं जिला योजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन आज



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के अवसर पर रविवार को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए मां दुर्गा पूजा समिति के संयोजक अनिल सोनी ने बताया कि कि इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बिशुनपुर नवादा के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का आयोजन नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में किया गया है। इस मौके पर भोजपुरी जगत के सुपरस्टार गायिका निशा उपाध्या अपने मधुर आवाजों से भक्ति जागरण में समा बांधेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष सुखवीर पाल, सचिव अजीत कुमार, उप सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रोशन कुमार देव, विकास कुमार, हिमांशु कुमार, सूरज कश्यप, अजीत चंद्रवंशी, आनंद कुमार आदि लोग लगे हुए हैं।

## छह दिवसीय नाटक कार्यक्रम का उद्घाटन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चैनपुर गांव में छह दिवसीय नाटक का उद्घाटन प्रमुख अजय गुप्ता व मुखिया सरोज देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त अवसर पर बोलते हुए प्रमुख अजय गुप्ता ने कहा कि चैनपुर गांव में प्रतिवर्ष दसहरा के एक दिन बाद जिस तरह से गांव के कलाकारों द्वारा पूरे छह दिन तक नाटक का मंचन किया जाता है इस तरह का उदाहरण अब धीरे धीरे कम होते जा रहा है मगर चैनपुर के ग्रामीण कलाकारों का स्वागत व अभिनंदन करता हूं। पर्दा पर चलने वाले सिनेमा के आगे नाटक प्रथा समाप्त हो रही है इसे बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मुखिया सरोज देवी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ाने में सहायक साबित होता है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, अखिलेश कुशवाहा, लखन प्रजापति, दिनेश ठाकुर, हीराचंद यादव, स्वदेश यादव, उदय चंद्रवशी, अभिषेक राज, बब्लू चन्द्रवंशी, रामअवतार कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, दीनदयाल कुशवाहा, सत्येन्द्र कुशवाहा, काशीनाथ कुशवाहा, उदय कुशवाहा, नंदलाल बैठा, बिगन बैठा, रविन्द्र ठाकुर, संतोष कुशवाहा, संतोषी यादव, राममूरत कुशवाहा सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## दोषी चार राशन कार्डधारियों को बीडीओ ने दिये खाद्यान्न की राशि जमा करने के निर्देश

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सरवन राम ने अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी के निर्देश के आलोक में मगरदह ग्राम के चार राशन कार्डधारी ग्रामीणों कमला सिंह, सुजन्ति देवी, संत कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह पर अहर्ता पूर्ण नहीं करने के बावजूद पीडीएस से खाद्यान्न प्राप्त करने का दोषी पाते हुए चारों से दो दिनों के अंदर कुल खाद्यान का बाजार मूल्य से राशि नगर प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि दो दिनों के अंदर संबंधित राशि जमा नहीं किये जाने पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जायेगी।

## राष्ट्रीय नाई महासभा की गढ़वा जिला कमेटी भंग

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय नाई महासभा की गढ़वा जिला कार्यकारिणी समिति की शनिवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित गढ़वा जिला कमेटी को भंग कर दिया गया। साथ ही इस बैठक में प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार आगामी चुनाव में पूरी तरह सहयोग करने एवं वर्तमान कमेटी के अधूरे कार्य को पूर्ण करने में सहयोग करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने बताया कि नयी कमेटी का गठन करने में पुरानी कमेटी भरपूर सहयोग करेगी। बैठक में अध्यक्ष एवं महासचिव सतीश ठाकुर ने पिछले साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में संगठन की ओर से किये गए कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर उपस्थित अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किये। बैठक में मुख्य रूप से संगठन मंत्री दिनेश ठाकुर, सुनील ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर, राकेश ठाकुर, इंद्रजीत ठाकुर, मनोज ठाकुर, रामानंद ठाकुर, अखिलेश ठाकुर, रामप्रवेश ठाकुर, हरिशंकर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, वृंदावन ठाकुर, सुभाष ठाकुर, श्यामलाल ठाकुर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब गढ़वा सिटी ने डायबिटीज व हाइपरटेंशन से बचाव के लिए किया सेमिनार का आयोजन

**नियमित सुबह 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने से भी इस बीमारी को नियंत्रण में रखा जा सकता है : सचिव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में विश्व लायन सेवा सप्ताह के सातवें दिन 8 अक्टूबर को गढ़वा के प्रसिद्ध दांत और मुंह के अस्पताल मदरसा रोड गढ़वा में डायबिटीज एंड हाइपरटेंशन को नियंत्रण में रखने और इससे बचाव पर एक क्लब की भूमिका' विषय पर सेमिनार तथा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सिटी के अध्यक्ष लायन राजमणि प्रसाद ने किया और मंच का संचालन जोन चेयरपर्सन लायन दयाशंकर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य तथा समाज के विशिष्ट लोगों ने अपना सुझाव दिये। सिटी के फाउंडर अध्यक्ष लायन विजय कुमार के अनुसार तनाव मुक्त जीवन जीने की हमेशा कोशिश करना तथा अपने आप को खुश रखना इन सभी बीमारियों से बचने का बड़ा उपाय है।



सिटी के सचिव लायन आरएन प्रसाद के अनुसार नियमित सुबह 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलने से भी इस बीमारी को नियंत्रण में रखा जा सकता है। सिटी के सदस्य एमजेएफ लायन डॉ अशोक कुमार सोनी ने सुबह और रात में खाना खाने के बाद मुंह धोकर सोने की सलाह दी।

वरिष्ठ समाजसेवी उमेश गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी को पूरे समाज में सभी लोगों तक पहुंचाने में मदद करेंगे। लायन दया शंकर गुप्ता ने लोगों को मौसमी सब्जियों और फलों को खाने का सुझाव दिया। डॉ रशीद अंसारी ने बढ़े हुए ब्लड शुगर और बढ़े हुए ब्लड प्रेशर के क्या लक्षण हो सकते हैं, इस पर प्रकाश डाला और उन्होंने भी लायंस क्लब गढ़वा सिटी की इस प्रयास का काफी प्रशंसा की है और आगे भी सिटी के कार्यक्रम में सहयोग देने का बात कही।

धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने किया और बताया कि आने वाले समय में इन बीमारियों के विशेषज्ञ के द्वारा भी इस तरह का सेमिनार का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। लायंस इंटरनेशनल का यह लक्ष्य भी है कि ब्लड शुगर को रोकथाम पर लगातार कार्य करते रहना है। प्रोजेक्ट के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार सोनी ने आये हुए सभी सदस्यों तथा सभागार में उपस्थित सभी लोगों को कोलगेट डायबिटिक टूथपेस्ट देकर सम्मानित किया।

वर्कशॉप और सेमिनार के आयोजन में रामविचार सोनी, युवा लैब टेक्नीशियन राकेश चंद्रवंशी, युवराज कुमार, विराट सोनी, रुद्र कुमार सोनी, मधु कुमारी, लाडो कुमारी, सृष्टि कुमारी, डॉ रशीद अंसारी, डॉ विनीता वेणुगोपाल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर-श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह के समीप शुक्रवार की रात अज्ञात स्कार्पियो वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अरसली उतरी निवासी संतोष ठाकुर, छोटू पासवान एवं अक्षय बियार के नाम शामिल हैं। उक्त तीनों घायलों को तत्काल इलाज हेतु रेफरल अस्पताल श्रीबंशीधर नगर में भर्ती कराया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल संतोष ठाकुर को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर किये जाने के बाद चिकित्सक जेपी ठाकुर द्वारा उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। घटना के बारे में बताया जा रहा है, कि उक्त तीनों युवक एक बाईक पर सवार होकर शुक्रवार की रात श्रीबंशीधर नगर से अपने घर अरसली जा रहे थे, तभी भवनाथपुर-श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह से आगे एक अज्ञात स्कार्पियो वाहन उनकी बाईक को साईड से टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद बाईक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे तीनों युवक घायल हो गए।

## लायंस गढ़वा ग्रीन ने मरीजों के बीच किया फल व ब्रेड का वितरण

**चेयरमैन लायन चंदन केशरी और लायन प्रियंका केशरी के सौजन्य से किया गया कार्यक्रम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा सेवा सप्ताह के सातवें दिन सदर अस्प्ताल गढ़वा में 200 मरीजों के बीच फल, ब्रेड व बिस्किट का वितरण किया गया।

आज के कार्यक्रम में चेयरमैन लायन चंदन केशरी और लायन प्रियंका केशरी के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच फल वगैरह के पैकट वितरित किये गये। उन्होंने बताया कि लायंस ग्रीन के द्वारा लगातार 17वां सप्ताह जरूरतमंदों के बीच भोजन, फल ब्रेड बिस्किट आदि का वितरण जारी है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा। लायंस का मोटो ही है 'वी सर्व' उसी के तहत हम लोगों के द्वारा सेवा कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम में सेवा सप्ताह के चेयरमैन लायन आशुतोष अग्रवाल, लायन रविंद्र जैशवाल, लायन लायन उमा कांत पाण्डेय, लायन विनय कश्यप, लायन अरविंद गुप्ता, लायन उमेश अग्रवाल, लायन नीरज कुमार, लियो अनूप कुमार, लियो अतुल दुबे, लियो नीतीश कुमार आदि शामिल थे।



**प्रेस कांफ्रेंस :** सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की उपायुक्त ने दी जानकारी

# प्रथम चरण के लिए 12 से 22 अक्टूबर तक तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रथम चरण के लिए दिनांक 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2022 तक तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिए गए हैं। उक्त कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर से निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारियों को प्रखंडवार एवं पंचायतवार प्रतिनियुक्त किया गया है।

**12 अक्टूबर** को गढ़वा जिले के भंडरिया प्रखंड के भंडरिया पंचायत, भवनाथपुर प्रखंड के बनसानी पंचायत, बिशुनपुरा के अमहरखास, चिनिया के बरवाडीह, डंडई के सोनेहारा, गढ़वा के अचला, बेलचंपा एवं बिरबन्धा, कांडी के कांडी पंचायत, केतार के पचाडूमर, खरौंधी के कुपा, मंझिआंव के पूरहे, मेराल के गेरुआ एवं मेराल पश्चिमी, नगर उंटारी के कुंबाखुर्द, रमकंडा के उदयपुर, रमना के बहियारकला, सगमा के सोनडीहा एवं रंका के मानपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**13 अक्टूबर 2022** को बरगढ़ प्रखंड के बरगढ़ पंचायत, भवनाथपुर के चपरी, डण्डई के करके, धुरकी के भंडार, गढ़वा के छतरपुर एवं रंका के खपरो पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**14 अक्टूबर** को डंडई प्रखंड के डंडई पंचायत, कांडी के पतरिया, केतार के परसोडीह, खरौंधी के अरँगी, मंझिआंव टडहे, मेराल के चामा, नगर उंटारी के चित्विश्राम, रमना के बहियार खुर्द, रंका के सिरोई खुर्द एवं सगमा के सगमा पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक किया जायेगा शिविर का आयोजन**

**15 अक्टूबर** को धुरकी प्रखंड के टाटीदीरी पंचायत, डंडई के रारो, गढ़वा के चिरौंजीया, कांडी के मझिगवां, मेराल के खोरीडीह, नगर उंटारी के हलिवंता एवं रमुना के भागोडीह में शिविर का आयोजन किया जाएगा।



**16 अक्टूबर** को मेराल के बिकताम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। **17 अक्टूबर** 2022 को बरडीहा के सलगा पंचायत, भंडरिया के जनेवा, भवनाथपुर के अरसली दक्षिणी, बिशनपुरा के बिशनपुरा, डंडा के डंडा, डंडई के पचोर, गढ़वा के दुबे मरठीआ, कांडी के पतीला, खरौंधी के सीसरी, मझियांव के रामपुर, नगर उंटारी के पिपरडीह, रमकंडा के रमकंडा रमना के बुलका, रंका के तमगे कला एवं सगमा के बीरबल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को मेराल प्रखंड के लोवादाग पंचायत, कांडी के चटनिया, गढ़वा के फरठिया, धुरकी के अंबाखोरीया, चिनिया के विलायतीखैर एवं बरगढ़ के परसवार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

19 अक्टूबर को डंडा प्रखंड के भिखही पंचायत, गढ़वा के जाटा, कांडी गाड़ा खुर्द, केतार के केतार, खरौंधी के मझिगवां, मंझिआंव के बोदरा, मेराल के तीसरटेटुका, रमकंडा के रकसी, रमना के गम्हरिया, नगर ऊंटारी के कुशदण्ड एवं रंका के रंकाकला में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**20 अक्टूबर** को बरडीहा प्रखंड के सुखनदी पंचायत, भवनाथपुर के भवनाथपुर, चिनिया के चिनिया, गढ़वा के कल्याणपुर कांडी के खुटहेरिया एवं मेराल के पढ़ुआ पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

21 अक्टूबर 2022 को रंका के कंचनपुर, रमना के हरादाग कला, नगर उंटारी के बिलासपुर, मेराल के ओखरगाढ़ा पूर्वी, मंझिआंव के तलस्वरिया, गढ़वा के करुआ कला, धुरकी के गनियारी कला, डंडा के छप्पर दागा एवं भंडरिया के करचाली पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**22 अक्टूबर** को बिशुनपुरा के पतिहारी, गढ़वा के कोरवाडीह कांडी के घटाहुआ कला, खरौंधी के खरौंधी, रमकंडा के हरहे एवं रंका के कटरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला**
**जशपुर रोड, गुमला (झारखण्ड) – 835207**
**(E-mail- eercdgumla-jhr@nic.in)**

**शुद्धी पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के Tender Reference No RCD/Gumla/868 दिनांक– 16.09.2022 के द्वारा दैनिक समचार पत्र का PR No 278181 Road (2022-23)D द्वारा गैर योजना मद अतंर्गत विभिन्न योजनाओं का निविदा प्रकाशित किया गया है, को अपरिहार्य करणो से आंशिक संशोधन किया जाता है, जो परिमाण विपत्र कि विक्री की तिथि– 10.10.2022 से 11.10.2022 के स्थान पर, तिथि 20.10.2022 से 21.10.2022 पढ़ा जाय, तथा निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 12.10.2022 को 3 बजे अपराह्न तक, के स्थान पर तिथि 22.10.2022 को 3 बजे अपराह्न पढ़ा जाय, एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.10.2022 को 3:30 बजे अपराह्न के स्थान पर 22.10.2022 को 3:30 बजे अपराह्न पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 279433 Road(22-23).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**नियोजनालय चक्रधरपुर, प0 सिंहभूम**
**(E-mail- employmentexchangeckp@gmail.com)**

**सूचना**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमाावली, 2022" अधिसूचित कर दिया गया है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली 2022, 12, सितम्बर 2022 को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः राज्यान्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल है, को सूचित किया जाता है। कि वे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

नियोजन पदाधिकारी
नियोजनालय चक्रधरपुर

PR 279408 (West Singhbhum)22-23*D

**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Garhwa.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tenders are invited for Renovation of D.C. Chamber & Meeting Hall at Garhwa under Garhwa District by the Executive Engineer, Building Constriction Department B.C.D., Circle No. 2, Ranchi on 18.10.2022 upto 3.00 P.M. and will be opened on 18.10.20222 at 3.30 P.M. in respective Office By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderer or their authorized representative. Who so desire may remain present at the time of opening. Details list of work, specification quantity etc. maybe obtained from the aforesaid office in working day on 17.10.2022 from 12.00 A.M to 1.00 P.M. which cost of Bid Rs. 2500.00 in shape of Demand Draft (non refundable) on any State Bank payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

The Tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount (Refundable) in the shape of Bank Guarantee or 5 years/3 years Post office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the schedule Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Garhwa.

Executive Engineer, B.C.D.
Building Division, Garhwa

PR.NO.279427 Building(22-23):D

## तमाड़ की खबरें

### स्वर्णरेखा नदी से महिला का शव बरामद

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी ओपी अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी से शुक्रवार की रात 22 वर्षीय एक महिला का शव बरामद हुआ है। उसकी पहचान लखीमनी देवी (22) के रूप में हुई है। वह कुसुम टिकरा की रहने वाली थी। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी की नदी में शव बह रहा है। इसके बाद वे अपने दलबल के साथ नदी तट पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। बताया कि इस घटना की छानबीन की जा रही है।

### ट्रेन से गिर कर युवक का हाथ कटा

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत घाघरा निवासी पंकज कुमार मिश्रा (25) का हटिया-टाटा पैसेंजर ट्रेन से गिर जाने के कारण उसकी चपेट में आने से दाहिना हाथ कट गया। ट्रेन मुरी स्टेशन प्रवेश कर रही थी, तभी फाटक संख्या 355 के समीप घटना हुई। ग्रामीणों की मदद से पंकज को सिल्ली रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### एसपी मइक्रो ग्रीन पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन

सिल्ली (आजाद सिपाही)। विधायक सुदेश महतो ने शनिवार को एसपी माइक्रो ग्रीन पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन किया। उक्त लैब में सभी तरह के पैथोलॉजी टेस्टिंग अधुनिक मशीनों के जरिए कराई जा सकेगी। इस मौके पर बीना देवी, आरती देवी, रंगबहादुर महतो, लालू उरांव, शुशील महतो, परमेश्वर महतो और गौतम साहू आदि थे।

### पूर्व रजिस्ट्रार स्व. डॉक्टर कन्हाई राम महतो की मनायी गयी पुण्यतिथि



सिल्ली (आजाद सिपाही)। एनआईटी जमशेदपुर के पूर्व रजिस्ट्रार स्वर्गीय डॉक्टर कन्हाई राम महतो की पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव इडकु में मनाई गई। कन्हाई राम महतो का जन्म 29 सितंबर 1927 को हुआ था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा राहे मीडिल स्कूल से हुई थी। वे शुरू से ही मेधावी थे। मीडिल स्कूल की स्कॉलरशिप परीक्षा में रांची जिले में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया था। बुंडू हाई स्कूल के प्रथम बैच के छात्र के रूप में 1948 में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक उत्तीर्ण हुए। इसके बाद संत जेवियर कॉलेज रांची से आईएससी एवं बीएससी और पटना विश्वविद्यालय से एमएससी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बाद में उन्होंने रांची विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री भी हासिल की अपने कैरियर की शुरूआत इन्होंने रांची कॉलेज रांची से लेक्चरर के रूप में की। इसके बाद संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग होते हुए आरआईटी जमशेदपुर (वर्तमान में एनआईटी) में प्रोफेसर बने और यहीं से रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुए। वे छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय थे। इस मौके पर प्रभात रंजन ज्ञानी, गिरिधर महतो, अक्षय महतो, अरुण कुमार महतो, डॉ वरुण कुमार महतो, डॉक्टर केके महतो (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ शशांक (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर वैशाली, स्मृति डॉ शीला महतो, प्रोफेसर लीला महतो, डॉ संजय प्रसाद, राहुल महतो, सतपाल महतो, अभय महतो, जगदीश महतो आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हिंदी लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन सेंटर का उद्घाटन



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में हिंदी लाइब्रेरी एंड इनफॉरमेशन सेंटर का शनिवार को उद्गाटन शिक्षाविद असित कुंडू और पूर्व प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार जयसवाल ने किया। इस मौके पर आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा, नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार जयसवाल, जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल अनुप चेल कमलेश सिंह आदि थे।

### तमाड़ में सड़क दुर्घटना में युवक घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। खूंटी-तमाड़ पथ पर तमाड़ स्टैंड चौक पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से आऐ दिन दुर्घटना होती रहती है। शनिवार को भी दुर्घटना हुई जिसमें एक युवक घायल हो गया। उसे तमाड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बतातें चलें कि सड़क हाल ही में बना है। अभी भी काम अधुरे है ड्रेन पुरी तरह नहीं बन पाया है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है।

### कल्याणकारी योजनाओं के लिए जनसंपर्क कार्यालय ने शुरू किया जागरूकता अभियान

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से शनिवार से जनजागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया। इसके तहत निबंधित सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा शहर के बाजार टांड़ एवं भगत सिंह चौक में स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर आम लोगों के बीच सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही लोगों से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की गई। इस दौरान लोगों के बीच सरकारी योजनाओं से संबधित पंपलेट का वितरण किया गया। गीत व नाट्य कला के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और केसीसी योजना की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि सभी लोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त करने एवं स्वीकृति के लिए शिविर में अलग-अलग स्टॉल लगाये जायेंगे।

### उमवि महावीरनगर में मनाया गया भारतीय वायु सेना दिवस




खलारी (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला में शनिवार को प्रधानाचार्य रंथु साहु के निर्देशन में सुपर रीड एंड राइट प्रोग्राम के तहत भारतीय वायु सेना दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए दिनरात जान की बाजी लगाने वाले वायुसेना के जवानों को सम्मानित करने के लिए 8 अक्टूबर को 1932 से यह दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन राष्ट्र के लिए सशस्त्र बलों द्वारा दिए गए उनके बलिदानों की याद दिलाता है तथा युवाओं को इसका हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनिशा कुमारी, पूजा कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रेरणा कुमारी, सुप्रिया कुमारी, काजल कुमारी, शुभम कुमार, चंचल कुमारी, प्रियांशु कुमार, सागर कुमार, सुर्तिला कुमारी, अंकित केसरी, जिया कुमारी, आशीष कुमार यादव, खुशी कुमारी शामिल हुए।

## समाहरणालय सभागार में बैठक कर डीसी ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

# जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी पहली प्राथमिकता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिला समन्वय समिति (विकास) की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। उन्होंने कृषि, आपूर्ति, नगर पंचायत आदि विभाग से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यरत योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। डीसी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी योग्य लाभुकों को लाभावित करने का निर्देश दिया। साथ ही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने को कहा। डीसी ने कहा कि सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें। कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जायं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। डीसी ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं के कार्य की प्रगति के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से विस्तार में जानकारी ली। आरइओ विभागों के कार्यों की समीक्षा के क्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत विगत वर्षों में विभाग द्वारा स्वीकृत सड़कों के आधार पर कुल कितनी किलोमीटर सड़क निर्माण किया गया, इसका विस्तृत प्रतिवेदन ससमय समर्पित करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया। डीसी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉबेरी व ड्रेगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा दिया जाय। डीसी ने पीएम किसान योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के सभी निबंधित किसानों को केसीसी से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जेएसएलपीएस की सामीक्षा के क्रम में जोहार परियोजना, महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना व अन्य योजनाओं से सखी मंडल की दीदियों को जोड़कर उन्हें लाभावित करने के निर्देश दिये।

### खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

डीसी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। डीसी ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया। कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय से पूर्ण करायें, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहां के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाय और सही विकास हो। उन्होंने जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट के सभी कार्यकारी विभाग के पदाधिकारीयों को निर्देश दिया कि जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट की अगली बैठक से पूर्व रणनीतियों को तैयार कर लें, ताकि बेहतर और पर्यवेक्षण के उद्देश्य से जिला स्तर पर योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। डीसी ने तीन एंबुलेंस का क्रय करने एवं जिले के आगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्देश दिया। डीसी द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (सीएमईजीपी) के संबंध में कहा कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से एक बेहतर योजना है। इसके माध्यम से युवाओं को बेहतर रोजगार से जोड़ने में सहायक होगा।

## डीसी को ज्ञापन सौंप सांसद प्रतिनिधि ने अवैध बालू लदे वाहनों को छोड़ने का लगाया आरोप

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि खनन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से पकड़े गए अवैध बालू लदे एक हाईवा को छोड़ दिया गया। इसके साथ ही मौके से फरार दो हाइवा ट्रक और वाहन मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद भी उन्हें गलत तरीके से छोड़ दिया गया। ज्ञापन में सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जिला खनन विभाग द्वारा पूरे जिले में छापामारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त किया गया था और मालिकों पर एफआइआर दर्ज कर थानों को हस्तांतरित कर दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 23 सितंबर को खनन विभाग और पुलिस द्वारा जरियागढ़ थाना के लापा बड़का टोली गांव में छापामारी कर अवैध बालू लदे एक हाईवा और एसयूवी को जब्त किय गया था। साथ ही उनके मालिकों पर एफआइआर दर्ज की गई थी। इसके अलावा मौके से फरार दो हाइवा पर भी मामला दर्ज किया गया था, लेकिन इन सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू प्रखंडों में दो वर्ष पूर्व लगाई गई हाईमास्ट लाइट गयी थी, जो कुछ ही दिनों में खराब हो गयी। सांसद प्रतिनिधि ने उनकी अवलिंब मरम्मत कराने की मांग की। जिला सांसद प्रतिनिधि ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जिला परिषद खूंटी द्वारा मुरहू प्रखंड के मुरहू बाजार में निर्मित सार्वजनिक शौचालय, जो छह महीने पहले ही बनकर तैयार हो गया है, पर सार्वजनिक उपयोग के लिए उसे चालू नहीं किया गया है। उन्होंने इसे अविलंब चालू कराने की मांग की है।

### 10 अक्टूबर को उलिहातू से झारखंड में होगी कांग्रेस की पदयात्रा की शुरुआत

खूंटी (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो अभियान के तहत कन्याकुमारी से कश्मीर तक शुरू की गई पदयात्रा के समर्थन में 10 अक्टूबर को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से भी पदयात्रा शुरू की जायेगी। ये बातें कार्यक्रम के कंट्रोल रूम प्रभारी व पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश ने कही। वे शनिवार को स्थानीय निरीक्षण भवन में कांग्रेस द्वारा आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## पीसीसी की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार नहीं हुआ टेबल ट्रांसफर : ध्वजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** रोहिणी परियोजना में संवेदनशील पद पर कार्यरत लिपिक का टेबल ट्रांसफर किया गया। इस कार्य के लिए कोल फील्ड मजदूर यूनियन के रोहिणी शाखा सचिव ध्वजा राम धोबी ने रोहिणी प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि पीसीसी की बैठक में जो सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था उस पर प्रबंधन खरा नहीं उतरा हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन द्वारा व्यक्ति विशेष देखकर टेबल ट्रान्सफर किया गया। जबकि पीसीसी की मीटिंग में निर्णय लिया गया था कि जो लिपिक पहले जिस टेबल से स्थांतरण किया गया है उन्हें पुनः उसी टेबल पर स्थांतरण नहीं किया जाए। लेकिन रोहिणी प्रबंधन ने अपने चहेते के हिसाब से स्थानांतरण किया। वहीं रोहिणी परियोजना में तीनों पाली में एक भी ट्रिप मैन नहीं है। केबल मैन से ट्रिप लिखवाया जाता है। जो डिग्नेटेड ट्रिप मैन है उनका स्थानांतरण हाजरी बाबू से प्रोडक्शन रिपोर्ट भरने में स्थानांतरण किया गया। जिसका कोल फील्ड मजदूर यूनियन घोर विरोध करती है और मांग करता है कि पूरे पारदर्शिता के साथ टेबल ट्रांसफर किया जाए।

### हादसे को आमंत्रित करता डकरा केंद्रीय अस्पताल



**डकरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय अस्पताल का खस्ताहाल पोर्टिको बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। अस्पताल का मुख्य द्वार एवं आपातकालीन द्वार के भारी भरकम दोनों पोर्टिको से प्लास्टर झड़ रहे हैं। लोहे के सरिया में जंग लगकर खराब हो चुका है। जबकि यह क्षेत्र का एकमात्र अस्पताल है, जहां प्रतिदिन अधिकारी, कर्मचारी एवं इनके परिवार के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाज के लिए आते-जाते रहते हैं। अगर जल्द ही इनका मरम्मत सही ढंग से नहीं कराया गया तो ये खस्ताहाल पोर्टिको ध्वस्त होकर कभी भी गिर सकता है। जिससे जान-माल की हानी हो सकती है। इधर सीसीएल का पैसा प्रबंधन द्वारा कई तरह के कार्यों पर खर्च किया जा रहा है जिसमें कई ऐसे उदाहरण हैं जो आवश्यक नहीं हैं।

### मयुरी महिला समिति ने कॉलोनी बिरसानगर मध्य विद्यालय में किया सामग्री का वितरण



**डकरा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया मयुरी महिला समिति की ओर से धमधमिया स्थित बिरसानगर मध्य विद्यालय में सामग्री वितरित किया गया। समिति की अध्यक्ष इंदु कुमारी सहित अन्य सदस्यों ने स्कूल पहुचकर पंखा, दरी, खेल सामान, डस्टबिन एवं बच्चों के बीच बिस्किट व केक आदि का वितरण किया। इस दौरान स्कूल का भी निरीक्षण किया गया जहां बच्चों ने स्वागत गीत गाया और कविताएं सुनाई। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत परिसर को साफ करवाया। इस मौके प्रधानाध्यापक पुष्पा विश्वकर्मा, नीलम पाण्डेय, पूजा कुमारी, शिवा कुमारी आदि थे।

## मना करने के बावजूद रास्ते पर ही सामान रख रहे अतिक्रमणकारी

# सड़क पर अतिक्रमण कर बांध रहे मवेशी, राहगीर परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**डकरा।** खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रशासन ने आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई गांवों में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सहित अन्य योजना के तहत सड़कें बनाई हैं, लेकिन कुछ लोग इसका गलत उपयोग कर रहे हैं। कई लोगों ने सड़क किनारे तक अतिक्रमण कर लिया है। तो कई अपने मवेशियों को भी रास्ते पर ही बांध रहे हैं। इससे आमजन को आवागमन में परेशानी हो रही है। उनके साथ ही हादसे की भी संभावना बनी रहती है। इससे कई बार मवेशी बीच सड़क पर ही आकर बैठ जाते हैं। जिससे वाहन चालकों को दिक्कतें होती है। कई बार तो ऐसा होता है कि मवेशियों को हटाने के क्रण में लोग घायल भी हो जाते हैं। मवेशियों के चलते दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। खलारी प्रखंड के लपरा पंचायत भवन के निकट ऐसा नजारा अनायास ही देखने को मिल जाता है। यहां मुख्य सड़क से चौरसिया परिवार के घर तक बने आम रास्ता पर पूरी तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है। जानकारों की मानें तो अतिक्रमणकारियों ने सरकारी सड़क पर बालू, ईंट, गिट्टी, बिल्डिंग का वेस्ट मेटेरियल, मवेशी बांध व गोबर एकत्रित कर बीच सड़क पर टर्बो ट्रक खड़ा कर पूरी तरह से कब्जा जमा रखा है। मना करने पर अतिक्रमणकारी झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। उक्त मामले को लेकर खलारी सीओ को पूरे मामले से अवगत कराते हुए एक आवेदन दिया गया है, ताकि समस्या से निजात दिलाई जा सकें। मालूम हो कि उक्त सड़क का निर्माण 14 वें वित्त आयोग की राशि से हुआ है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई : सीओ

अतिक्रमण की शिकायत मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी, लपरा के मुखिया पुतुल देवी एवं जिप सदस्या सरस्वती देवी से किया गया है। वहीं, इस संबंध में खलारी सीओ एसपी आर्य ने बताया कि लिखित शिकायत मिली है, जिसके बाद अंचल अमीन को निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पिपरवार में बैठक कर खतियान महाजुटान में शामिल होने का लिया गया निर्णय



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू मंगरदाहा और बहेरा गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने बैठक की। जिसमें 16 अक्टूबर को बचरा चार नंबर खेल मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से आयोजित खतियान महाजुटान कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में खतियान आधारित नियोजन और विस्थापन नीति पर चर्चा की गई। साथ ही टाइगर जयराम महतो के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा 1932 खतियान नीति की मंजूरी दिये जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर अर्जुन महतो, नरेश महतो, मोहन महतो, इकबाल हुसैन, इस्लाम अंसारी, हाजी परवेज, सलीम जावेद, मुकेन्द्र पासवाण, हाजी कमाल मोअसलम, हाजी रेयाज, मो जूलफान, मो राशिद, मो अब्बास, भोला मिया, अफ्जाल हुसेन, मुख्तार मिस्त्री, हसिबुर रहमान, मो हासिम मियां, कारी रेयासत, मो जासीम आदि मौजूद थे। इधर, न्यू मंगरदाहा मदरसा में भी इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन आशिक अली ने किया। बैठक में सर्वसमति से 16 अक्टूबर को खतियान महाजुटान कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अर्जुन महतो, हदीस अली, नरेश महतो, मुकेद्र पासवान, मोहन महतो, राजा खान, हैदर अली, असगर अंसारी, मौली मियां, हाजी सलीम, समसुद्दीन अंसारी, मोहम्मद उस्मान, बदरुद्दीन अंसारी, मुस्लिम मियां, जावेद इस्लाम, इस्माइल अंसारी आदि थे।

### बचरा श्रमिक क्लब में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा श्रमिक क्लब में शनिवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अर्जुन महतो और संचालन दीपक कुमार महतो ने किया। बैठक में 16 अक्टूबर को बचरा में होने वाले जयराम महतो की सभा और खतियानी महाजुटान कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। इसे लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्तावित आयोजन को सफल बनाने के लिए खतियानी लोगों को जागरूक करने एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में भीड़ जुटा कर महाजुटान को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विकाश महतो, मोहन महतो, नरेश महतो, लालेश्वर महतो, पारस महतो, जितेंद्र राम, सुरेश महतो, भुनेश्वर महतो, हीरा महतो, बिनोद महतो, सोहर महतो, महेंद्र महतो, विजय महतो और कृष्णा यादव आदि थे।

### ईद मिलादुन्नबी आज, कोयलांचल में निकाला जायेगा मोहम्मदी जुलूस

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में जश्ने ईद मिलाद उन नबी रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर कोयलांचल क्षेत्र में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा,जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा,न्यू मंगरदाहा, कल्याणपुर, राय आदि इलाकों में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाएगा।

# संस्कृति को बचाने में जतरा महत्वपूर्ण है : सुभाष मुंडा



**महुवा जाड़ी में 12 पड़हा जतरा समिति ने किया जतरा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखड स्थित महुवा जाड़ी में 12 पड़हा जतरा समिति ने शनिवार को जतरा का आयोजन किया। इसमें आसपास के गांवों के लोगों ने अपने अपने खोड़हा के साथ जतरा स्थल में आकर अपने नृत्य का प्रदर्शन किया।

जतरा में मुख्य रूप से दजीर्जाड़ी, बांसजाड़ी, गुड़गुड़ जाड़ी, मुरकुनी, जोलहा टोली, टांगर बसली, बीसहा खटगा, बोंडो के खोड़हा उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीपीआई नेता सुभाष मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि परंपरा को बचाने के लिए युवा आगे आये हैं, ये खुशी की बात है। जतरा हमारी संस्कृति की रक्षक है। जतरा के माध्यम से नयी पीढ़ी अपनी परम्परा को आगे बढ़ा रही हैं। झारखंड की पहचान यहां की संस्कृति और खान है। हमें अपने अधिकार के लिए सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने जतरा को आने वाले वर्षों में और बड़ा लगाने की बात कही। इससे पहले शहीद कोला तिग्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जतरा खूंटा की पूजा की।

मौके पर सचिव विकास उरांव समेत सैकड़ों की संख्या में खोड़हा प्रेमी और ग्रामीण मौजूद थे।

## गढ़वा के रमुना थाना क्षेत्र में वज्रपात से दो युवकों की मौत, तीन घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला रमुना थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा में वज्रपात से दो युवकों की मौत हो गई, वहीं तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए रमुना रेफरल अस्पताल में ले जाया गया, किन्तु वहां किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलने के बाद परिजनों द्वारा सदर अस्पताल गढ़वा लाया गया जहां दो युवकों की मौत हो गई। घटना में ग्राम टंडवा गांव निवासी भोला सिंह के 17 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार सिंह, नागेंद्र पासवान के 15 वर्षीय पुत्र राकेश पासवान व विनोद सिंह के 12 वर्षीय पुत्र राजू सिंह घायल हैं। चिकित्सकों ने घायल राजू सिंह को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया जबकि घटना में अशोक मेहता के 16 वर्षीय पुत्र संदीप मेहता, हरिओम पासवान के 15 वर्षीय पुत्र अभिनंदन पासवान की मौत हो गई।

## भाजपा महिला मोर्चा ने गोंदलीपोखर में राज्य सरकार का पुतला फूंका



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुमका में फिर एक बेटी को पेट्रोल डालकर मार दिये जाने की घटना के खिलाफ भाजपा जिला महिला मोर्चा के द्वारा शनिवार को गोंदलीपोखर में राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पहले पुतले की शवयात्रा निकाली गई तथा राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, महिला मोर्चा की माधुरी देवी, किरण देवी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महतो, नरेश साहू, रामनाथ महतो, घनेनाथ महतो, सुप्रेश महतो, सुरेश महतो आदि शामिल थे।

## आजसू गुड़ीडीह पंचायत के ग्राम प्रभारियों की हुई बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा अंतर्गत आजसू गुड़ीडीह पंचायत के ग्राम प्रभारियों की एक बैठक शनिवार को वन विश्रामागार मे विजय उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा इसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व का बोध कराया गया। बैठक में विशेष रूप से पार्टी द्वारा शुरू की गई जन-धन संग्रह अभियान को गति देने पर चर्चा हुई तथा इसे घर-घर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर मुण्डा, पंचायत अध्यक्ष रामकिशोर बेदिया आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुल्ही में सम्मान समारोह का आयोजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** गुमला में आयोजित 33वां प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुल्ही के गोल्ड मेडल जीतने वाले आठ गोल्ड मेडलिस्ट को शॉल एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता मेहनत के बलबूते साबित कर सकता है। मोनू कुमार महतो का चयन किशनगंज में अखिल भारतीय स्तर पर होने के कारण विशेष शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, रांची ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, महामंत्री अलखनाथ महतो, अशोक पहान, बिरजू महतो, छूनू महतो, कालेश्वर महतो, दिलेश्वर साहू, जगदीश महतो, प्राचार्य जयप्रकाश महतो, वीरेंद्र कुमार एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य गण आचार्य उपस्थित थे।

**निरीक्षण : बीडीओ ने किया तुको स्थित जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण, कहा**

# निर्देशों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**दुकानों को हरा रंग से रंगने, कार्डधारियों का नाम दुकान के बाहर लिखने, स्टॉक का ब्यौरा व स्टॉक वितरण पंजी व्यवस्थित रूप रखने के दिये निर्देश**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के तुको गांव के जन वितरण प्रणाली के तीन जन वितरण प्रणाली की दुकानों का शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार व खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अवनि कुमार झा ने निरीक्षण किया। जिसमें सबसे पहले सुशील कुमार साहू की दुकान का निरीक्षण कर स्टॉक वेरिफिकेशन व कार्ड धारियों से बयान लिया गया। वहीं धनंजय सिंह की दुकान को हरे रंग से रंगा जाना, कार्ड धारियों की सूची लगाना, स्टॉक का ब्यौरा रखना, दुकान का ब्यौरा रखने का अभाव पाया गया। संदीप कुमार पाठक के दुकान का भी निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि बीडीओ द्वारा प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को पूर्व में ही निर्देश दिया गया है कि दुकान हरे रंग से रंगा जाना चाहिए, सभी कार्ड धारियों का नाम दुकान के बाहर फ्लेक्स में या दीवाल में पेंट से लिखा होना चाहिए, स्टॉक का ब्यौरा लिखा व स्टॉक वितरण पंजी आदि व्यवस्थित रूप से होना चाहिए जिसमें प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का सत्यापन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में कहीं निर्देशों के अनुपालन में कमी पायी जाएगी तो उन दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

## नवागढ़ पंचायत के किसान दलहन और तेलहन फसल लगाने में दिखा रहे उत्साह

**नवागढ़ खक्सी टोली में सीएफएलडी कार्यक्रम अंतर्गत उरद फसल पर किसान दिवस मनाया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा आज शनिवार को नवागढ़ खक्सी टोली में समूह प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण (सीएफएलडी) कार्यक्रम अन्तर्गत उरद फसल पर किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नवागढ़ खक्सी टोली के 45 किसानों के अलावा, ओबर, बड़कीगोड़ाग, सोसो, रंगामाटी बरवाटोली आदि गांवों के किसान भी शामिल हुए। कार्यक्रम में दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के फसल वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमर सिंह ने उपस्थित किसानों को दलहनी फसल की उपयोगिता पर जागरूक किया। डॉ श्री सिंह ने किसानों को समय समय पर दलहन के अच्छे प्रभेद का चयन, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक का उपयोग, किट व रोग की रोकथाम, लाईन से लगाने की उपयोगिता, खरपतवार नियंत्रण की विधि, उरद की रख-रखाव अर्थात भंडारण की विधि आदि को विस्तार पूर्वक बताए एवं जागरूक किये। साथ ही किसान परमेश्वर शाही मुण्डा का खेत में इस कार्यक्रम से लगी फसल का सामूहिक अवलोकन खेत का भ्रमण कर किया गया। किसान परमेश्वर शाही मुण्डा काफी खुश हैं, कारण उरद का नया प्रभेद पूसा उरद 31 बहुत अच्छा है। किसानों के बीच क्रोप कटिंग भी की गई। इस वर्ष दलहन के रूप में के०भी०के० रामकृष्ण मिशन के द्वारा 50 एकड़ में उरद, 50 एकड़ में मुंग तथा 50 एकड़ में अरहर की खरीफ में प्रत्यक्षण लगा है तथा रबी मौसम में मसूर 50 एकड़, चना 25 एकड़ एवं मुंग 25 एकड़ एवं तेलहन में सरसों 75 एकड़ में लगाने की तैयारी चल रही है। आज सरसों बीज पूसा 30 का वितरण किसानों के बीच की गई। मौके पर सोमरा बेदिया, रोहित शाही मुण्डा, बिड़म्बर बेदिया, तुलसी महतो, सोनी कुमारी, श्रवण बेदिया, दिपेन्द्र बेदिया, पंचम भोगता, रंजीत बेदिया, महादेव बेदिया सुमित्रा बेदिया आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में सड़क दुर्घटना में एक घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के केशा मोड़ से मांडर जाने वाली सड़क पर कोल्ड स्टोर के समीप शनिवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे लोयो गांव निवासी 58 वर्षीय जतरू उरांव असंतुलित होकर अपनी बाईक से सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायल को बेड़ो समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल जतरू उरांव का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में जतरू उरांव ने बताया कि वह किसी काम से चट्टी गया था। वहीं वापस लौटने के दौरान यह घटना घटी।

## कुच्चू में उप मुखिया ने किया ट्रासफॉर्मर का उद्घाटन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के कुच्चू गांव का पहानटोली, मुण्डा टोली, करमाली टोली एवं कुसुम टोली का 25 केवीए का ट्रासफॉर्मर पिछले एक माह पूर्व खराब हो गया था। इन टोलों के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जबकि सबसे अधिक जंगली हाथियों का आतंक कुच्चू गांव में ही रहा है। ट्रांसफॉर्मर खराब होने की जानकारी विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा को दी गई। इनके प्रयास से 63 केवीए का ट्रासफॉर्मर गांव में लग गया। जिसका उद्घाटन आज कुच्चू उपमुखिया सहदेव बेदिया ने फीता काट कर किया। ट्रासफॉर्मर लग जाने से गांव के लोग काफी खुश दिखे और विधायक प्रतिनिधि श्री मुण्डा को धन्यवाद दिया। मौके पर वार्ड सदस्य गंभीर सिंह मुण्डा, ग्राम प्रधान जयशंकर पहान, बाली महली, श्रवण मुखियार, सुरदास बेदिया, अताउल अनसारी, प्रदीप सिंह मुण्डा, विमल नायक, विश्वनाथ बेदिया, मनोज सिंह मुण्डा, रंजीत नायक, मंगरा बेदिया, शनिचारवा बेदिया, सत्येंद्र मुण्डा, सुलेन्द्र मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## नामकुम प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है : मुन्ना बड़ाईक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम तेतरी टोली स्थित हंसराज वाधवा स्कूल मैदान में शनिवार को नामकुम प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रिंकू सिंह और भाजपा नेता मुन्ना बड़ाईक ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।

मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुन्ना बड़ाईक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है। रिंकू सिंह ने कहा कि खेल में असीम संभावनाएं छिपी हैं। जरूरत है अब इस क्षेत्र में अपनी मंजिल बनाने की। आयोजन समिति के अशोक गोप ने बताया कि टूर्नामेंट का पहला मैच नामकुम 11 बनाम डायमंड 11 के बीच खेला गया। जिसमें नामकुम 11 की टीम पांच ओवर में मैच जीत गयी। दूसरा मैच नामकुम 11 सीनियर बनाम किंग 11 के बीच खेला गया। जिसमें किंग 11 की टीम छह ओवर में मैच जीत गयी। वहीं, तीसरा मैच नामकुम 11 बनाम किंग 11 के बीच खेला गया। जिसमें किंग 11 की टीम चार रन से मैच जीत गयी। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बरगांवा उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, बनो बनाओ मंच के संस्थापक रामाधार सिंह, अशोक गोप, संदीप गोप, जोगिंदर महतो, अभिषेक, अखिलेश मुख्य रुप से उपस्थित थे।

**रूदिया देवी मेमोरियल फुटबॉल : टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मैच में दोनों टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन**

# जसपुरिया आदिवासी एफसी और ओल्ड वाइएससी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है : प्रमुख अनुपमा देवी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** साल्हन मैदान में चल रहे रूदिया देवी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को जसपुरिया आदिवासी एफसी बेंती एवं ओल्ड वाइएससी साल्हन की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रर्दशन किया। इससे पहले मुख्य अतिथि ओरमांझी प्रखंड की प्रमुख अनुपमा देवी एवं विशिष्ठ अतिथि मुखिया दुर्गा पाहन, हास्य कलाकार मजबुल महेशपुरी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू, राजू महतो, अरविंद पतरस, सत्यनारायण सिंह, सिकंदर अंसारी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया।

मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने मुख्य आयोजनकर्ता एतवा भगत जी की काफी सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने में इनका काफी अहम योगदान रहा है। संचालन डॉ रिझू नायक ने किया।

मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नायक, सूरज करमाली, सूरज नायक, बिरजा मुण्डा, अमित नायक, दुर्योधन नायक, दीपक मुण्डा, मनक करमाली, अर्जुन मुण्डा, निकु, अविनाश, सुरेश, भुषण, दीपू, रिंकु, मेसी, प्रवीण, बोंगों, संजय, इन्द्र, अनिल, आशिष, अभिजीत, रोहन, विजय, ज्योतिष आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बेड़ो में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान, 12 लोगों के रक्त का नमूना लिया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सात डेंगू के मरीज पाए जाने के बाद शनिवार को डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग बेड़ो व जिला की टीम ने डेंगू से प्रभावित 12 लोगों के रक्त के नमूने लिए। साथ ही क्षेत्र गली मोहल्ले की सफाई की एवं लोगों में इससे बचाव के लिए जन जागरूकता चलाया। इस दौरान प्रचार सामग्री, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव के साथ साथ नाली, घरों के बर्तन, बाल्टी, टायर, कूलर, फूलदान, गमलों, एवं अन्य पानी रखने वाले बर्तनों की जांच की गयी। लोगों को घरों गली, गड्ढों में सफाई करने को कहा गया। साथ ही डेंगू के लक्षण होने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाकर डेंगू के रक्त पट देने का आग्रह किया गया। क्षेत्र में डेंगू के मरीज पाए जाने के बाद जिला से मलेरिया इंस्पेक्टर अनिल कुमार, जिला मलेरिया व लेखापाल, कीट संग्रहक एंथोनी तथा बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी, मलेरिया तकनीकी पर्यवेक्षक बीरेन्द्र प्रसाद, एएनएम सुबंति, मंजू व बिटीटी रवींद्र वर्मा, चालक मुरारी सेन गुप्ता, सफाई कर्मी मोहन एवं क्लीन्द्र गोप शामिल थे।

## पीएलएफआइ के नाम पर पर्चा फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने पीएलएफआई का पर्चा फेंककर दूसरे को फंसाने के आरोपी खूंटी निवासी मिनेश सांगा उर्फ दिनेश सांगा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मिनेश ने तेतरी खरसीदाग निवासी शिवशंकर ठाकुर के घर के समीप पीएलएफआई का पर्चा फेंका था। जिसमें संगठन से फरारी के आरोप में 50 लाख देने एवं जिंदा या मुर्दा 10 लाख रुपए देने की बात लिखी थी। मिनेश ने ही पुलिस को सूचना दी कि शिवशंकर पीएलएफआई से मिला हुआ है। पुलिस ने जांच की तो आरोप गलत निकला। पुलिस ने मिनेश को खरसीदाग के भुसूर से हिरासत में लेकर छानबीन की गई तो उसके पास से पीएलएफआई का दो पर्चा, दो मार्कर पैन एवं एक मोबाइल जब्त किया गया। जमीन विवाद में मिनेश ने शिवशंकर को फंसाने की योजना बनायी थी।

## सिठियो पंचायत भवन में आधार केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिठियो पंचायत भवन में शनिवार को आधार केंद्र का उद्घाटन मुखिया विनिता कच्छप ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि केंद्र के खुलने से सिठियो एवं आसपास के ग्रामीणों को आधार से संबंधित समस्या का सामाधान हो सकेगा, प्रयास किया जायेगा कि पंचायत भवन में ही सारी सुविधाएं उपलब्ध रहे। मौके पर ग्राम प्रधान शंकर कच्छप, पंसस शमीमा खातून, उपमुखिया जुदिना खलखो, बिहारी उरांव, संचालक मो मोनिस अहमद, मो हलीम अंसारी, कलीमुद्दीन, दानिश अहमद उपस्थित थे।

## बालू का अवैध डंपिंग करते दो गिरफ्तार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** डीएसपी मुख्यालय प्रथम नीरज कुमार के नेतृत्व में नामकुम पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोलाद में अवैध रूप से बालू डंप करने एवं फर्जी चलान के साथ बाजी मुंडा एवं गजाधर नोनिया को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने एक जेसीबी, दो हाइवा, बाजी मुंडा के नाम का जाली चलान, दो मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस कोलाद गांव पहुंचे तो देखा कि जेसीबी से हाइवा में बालू लोड किया जा रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर दोनों को पकड़ा।

## बेड़ो में ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में साऊथ हॉल यूनाइटेड के तत्वावधान में पांच दिवसीय ऑल झारखंड फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ सोमवार से होगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के ब्रजेश महतो व अनिल गोप ने दी। उन्होंने बताया कि 10 से 15 अक्टूबर तक चलने वाली इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 16 टीमें शामिल हैं। जिसमें विजेता टीम को चार लाख, उप विजेता को तीन लाख, तीसरे स्थान वाले को साठ हजार व चौथे स्थान को चालीस हजार देकर पुरस्कृत किया जाएगा। उदघाटन मैच यंग ब्रदर्स बुंडू बनाम सरना क्लब भरनो गुमला के बीच होगा।

## नगड़ी में कार के धक्के से पांच लोग हुए घायल

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नया सराय में एक डिजायर कार न0 जे एच 01डीएच 5299 के द्वारा चार-पांच लोगों को धक्का मारने की सूचना है। नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने बताया कि जिस कार से घटना हुई है उसे जब्त कर लिया गया है, लेकिन जिन्हें चोट लगी है वे लोग अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। लेकिन कौन सा अस्पताल में है ये जानकारी नहीं मिली है और न ही किसी ने थाना में इसकी सूचना दी है।

# 12 अक्टूबर से प्रशासन पहुंचेगा आपके द्वार,पंचायतों में कार्यक्रम तय

## प्रथम चरण में जिले की 130 पंचायतों में लगाया जायेगा शिविर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर आगामी 12 अक्टूबर से पूरे राज्य में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जाना है जिसके तहत पलामू जिले में भी प्रथम चरण में 12 से 22 अक्टूबर तक सभी 21 प्रखंडों के 130 पंचायतों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शिविर में एक ओर जहां अधिकारियों को गतिविधियों का कायान्र्वयन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है।वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने संबंधित पंचायत में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचे और समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, ताकि उसका निष्पादन कर उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

### जिले में पिछले साल 2 लाख 53 हजार लोगों ने दिया आवेदन

सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर जिले में चलाये गये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कुल 2 लाख 53 हजार आवेदन मिले थे।इन सभी आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया।आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार के तहत लगाये जाने वाले इस शिविर में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा।शिविर में ही आम जनता को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाएगा।

### लाभुक को एसएमएस के माध्यम से किया जायेगा अपडेट

इस बार के शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों के अद्यतन स्थिति के बारे में संबंधित लाभुक को एसएमएस के माध्यम से अपडेट किया जायेगा साथ ही प्रत्येक आवेदन का यूनिक आईडी निर्गत करते हुए एक्नॉलेजमेंट स्लीप भी प्रदान किया जायेगा ताकि कभी भी किसी लाभुक के आवेदन को ट्रैक किया जा सके।

### शिविर के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया जायेगा

यह शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की विकास योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड के लिए झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना,सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अन्य योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त होंगे।

# एनसीपी नेताओं ने रसूलपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का किया शिलान्यास



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर -मोहम्मदगंज मुख्य पथ स्थित रसूलपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान,एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रसूलपुर कब्रिस्तान के अलावा उन्होंने भाई बिगहा, बलडीहरी, काकोरिया, दंगवार, बभनडीह समेत अन्य कब्रिस्तानों की घेराबंदी के लिए अनुसंशा की है। उन्होंने कहा कि एक महीना के अंदर कार्य भी शुरू हो जायेगा। विधायक ने कहा कि वह हुसैनाबाद हरिहरगंज के तीन लाख से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। क्षेत्र के सभी लोग परिवार की तरह हैं। उन्होंने कहा कि सभी की एकजुटता से होगा हुसैनाबाद हरिहरगंज का तीव्र विकास। उन्होंने कहा कि उनका दरवाजा सभी के लिए खुला है। सभी का काम और सभी को सम्मान की नीति एनसीपी की है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई व्यक्ति सीधे मिलकर या दूरभाष के माध्यम अपनी समस्या रख सकते है। उन्होंने कहा कि रसूलपुर गांव की समस्या का वह जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे। मौके पर एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान ने कहा कि एनसीपी सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इस मौके पर मंसूर खान, राजू खान, अशरफ हसन, मोहम्मद हुसैन, डौलू हुसैन, हाजी इस्लाम खान, समसुद्दीन खान, इसराफिल खान, हसनैन अंसारी, मो रसूल, आले रसूल के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल जारी हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में पसरा सन्नाटा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड के राजस्व उप निरीक्षक 16 सितंबर 2022 से ग्रेड पे और प्रोन्नति समेत विभिन्न 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल का छात्रों के भविष्य पर व्यापक असर पड़ रहा है। राज्य के कई विभागों में नौकरियों के लिए आवेदन करने के साथ-साथ स्कॉलरशिप लेने के लिए जाति, आवासीय व आय सहित अन्य प्रमाणपत्रों की जरूरत है, लेकिन राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहे हैं।राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है ।लोग दूर-दराज से भूमि संबंधी एवं अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालय पहुंच रहे हैं। लेकिन उन्हें खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है। शनिवार को हड़ताल का 22 वां दिन था।इस हड़ताल के कारण जमीन संबंधी कार्य म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, पारिवारिक सूची, भूमि हस्तांतरण समेत विभिन्न कार्य प्रभावित हैं। जमीन खरीदार और विक्रेताओं को भी कठिनाई हो रही है।वही झारखंड के कृषक मित्र भी मानदेय की मांग को लेकर विगत एक माह से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। कृषक मित्र एसोसिएशन के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा जब तक सरकार हमारी मानदेय की मांग को पूरा नहीं करती है तब तक कृषक मित्र केसीसी समेत सभी कृषि कार्यों से दूर रहेंगे। श्री बैठा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि पारा शिक्षक के बाद कृषक मित्रों की बारी है लेकिन अब तक ऐसा होता दिख नहीं रहा है। जब तक राज्य सरकार हम कृषक मित्रों का मानदेय लागू नहीं करती है,हम सभी कृषक मित्र हड़ताल पर रहेंगे।

# सर्पदंश से अधेड़ की तीसरे दिन हुई मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अमही गांव निवासी मानदेव राजवंशी करीब (55) वर्ष की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मानदेव राजवंशी गांव से कुछ दूरी पर अपने खेत गया था। लौटने के क्रम में उसे सर्प ने डंस लिया।आनन फानन में परिजनों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया।स्थिति गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया।परिजनों ने उसे इलाज के लिए तुम्बागाड़ा ले गए।बीते गुरुवार को वह इलाज कराने के बाद शुक्रवार को घर लौट गया था। शनिवार को अचानक उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो लोगों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आये। जहां चिकिसक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

# राष्ट्रीय परशुराम सेना के कार्यालय से हनुमानजी का झंडा उखाड़ने वाला गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय मेदिनीनगर में बीते रात कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हनुमान जी का झंडा उखाड़ दिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने पर सेना के पदाधिकारियों के द्वारा शहर थाना को दी गई।दो नं टीओपी प्रभारी रुद्रानंद सरस ने तत्काल कारवाई करते हुए इस घटना में शामिल एक युवक को तत्काल गिरफ्तार किया वहीं देर रात में संगठन के सदस्यों का सेना कार्यालय पर जमवाडा. लग गया। वहीं इस घटना को देखते हुए शनिवार को परशुराम सेना की अपरिहार्य बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सेना परिवार के जिलाध्यक्ष विकास दूबे ने शहर थाना पहूँचकर नामदज प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें राजन सिंह,विश्वजीत सिंह,बिष्णू सिंह और रवि कुमार का नाम शामिल है। इधर इस घटना को लेकर एक विशेष समाज में काफी रोष व्याप्त है।और काफी आक्रोशित हैं। परशुराम सेना के सैकड़ों सदस्य शहर थाना पहुंच कर मामला दर्ज कराया। इस दौरान सेना सदस्यों का कहना था कि भगवा झंडा से आखिर किसी को क्या दुश्मनी हो सकती है, जो भगवा झंडा का अपमान किया गया।

# प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को रक्त देकर समाजसेवी अरविंद ने बचायी जान

**▸▸ लोगों के जीवन को बचाने के लिए छतरपुर में ब्लड बैंक की स्थापना आवश्यक : अरविंद गुप्ता चुनमुन**



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** छतरपुर में एक ओर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हो रहा था वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड में रहने वाले ओमप्रकाश प्रसाद की पत्नी प्रसव पीड़ा से कराह रही थी और उन्हें पुत्री प्राप्त हुई। प्रसव के दौरान उनकी जान पर गम्भीर खतरा बना हुआ था। मां सुरजी अस्पताल में उनकी स्थिति बेहद गंभीर थी ऑपरेशन करना था, मां सुरजी क्लीनिक में ब्लड की उन्हें सख्त जरूरत थी वरना कुछ भी अनहोनी हो सकती थी। सूचना मिलने के बाद तत्काल छतरपुर नगर पंचायत के पूर्व और भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई और बेटी का जन्म हुआ। महिला के परिजनों ने कहा कि इमरजेंसी में ब्लड देकर अरविंद गुप्ता हमारे लिए रहनुमा बन गए हैं पूरे परिवार ने ब्लड डोनेशन के लिए अरविंद के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। अरविंद गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है कि वे दर्जनों बार रक्तदान कर के जिंदगियां बचा चुके हैं। कहा कि सबको रक्तदान करना चाहिए और सबसे बड़ी कमी जो उन्होंने छतरपुर में महसूस की है वह है छतरपुर में ब्लड बैंक की कमी अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना की बेहद जरूरत है।

# डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सोये युवक पर एसिड अटैक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सोए एक युवक पर एसिड अटैक हुआ। चेहरे और पैर के हिस्से में ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने से युवक बुरी तरह जख्मी हुआ है। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसिड फेंके जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में अज्ञात पर रेल थाना में मामला दर्ज किया गया है। रेल थाना और शहर थाना की पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। युवक की पहचान सुनील कुमार यादव, पिता रघुवीर यादव के रूप में हुई है। सुनील कान्दू मुहल्ला में किराये के मकान में परिवार के साथ रहता है। ऐसे उसका अपना घर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बांसडीह में है। बताया जाता है कि सुनील अपने तीन दोस्तों शनि, सोनू एवं अन्य के साथ शुक्रवार को बरवाडीह घूमने गया था। वहां से दोपहर 2.30 बजे लौटा। तीनों दोस्तों को घर छोड़कर वापस स्टेशन पर आकर पूछताछ काउंटर के समीप गली में सो गया था। शाम करीब 5.30 बजे किसी ने उसके चेहरे पर एसिड जैसा ज्वलनशील पदार्थ फेंका। जलने जैसा महसूस होने पर सुनील अपने घर चला गया और अपने परिजनों के साथ देर शाम 7.30 बजे अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा। हल्का फुल्का इलाज के बाद सुनील वापस अपने घर चला गया। इसी बीच जला हुआ उसका चेहरा काला पड़ गया और पैर के हिस्से में भी गहरे जख्म हो गए। आनन फानन में शनिवार की सुबह उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। परिजनों का कहना है कि सुनील पहले स्टेशन के पार्किंग में लगने वाले वाहनों के लिए पर्ची काटता था। इस कारण वह अक्सर स्टेशन पर रहा करता था। शुक्रवार को जब बरवाडीह से लौटा तो वह स्टेशन चला गया था और वहीं सो गया था। राजकीय रेल थाना पुलिस डालटनगंज के प्रभारी प्रेम प्रकाश प्रसाद ने बताया कि युवक पूछताछ काउंटर से सटे गली में सोया हुआ था। यहीं पर उसके चेहरे और पैर के हिस्से में ज्वलनशील पदार्थ फेंका गया, जिस जगह पर युवक सोया हुआ था, वहां सीसीटीवी कवर नहीं करता है। ऐसे में अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है। एसिड अटैक की इस बड़ी घटना में अबतक स्थिति स्पष्ट नहीं होने के पीछे कई तरह रहस्य बने हुए लगते हैं। मामले में युवक भी पूरी तरह से जानकारी नहीं दे रहा है। हालांकि पुलिस की छानबीन तेज है और जल्द स्थिति स्पष्ट होने की संभावना लगती है।

# विद्यार्थियों को नये तरीके के सोच के लिए सदैव प्रेरित करें शिक्षक : आरडीडीइ




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन भवन प्रशाल में संत मरियम स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए शनिवार को वर्तमान समय में अध्यापन की चुनौतियां विषय पर एक शिक्षक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू आरडीडीई शिव नारायण शाह, विशिष्ट अतिथि पलामू डीईओ अनिल कुमार चौधरी, प्रो. एससी मिश्रा एवं संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि आरडीडीई शिवनारायण कुमार शाह ने कहा कि सभी शिक्षक सदैव विद्यार्थियों को नए नए तरीके इजाद करने के लिए प्रेरित करें। शिक्षकों को यह सदैव प्रयास करना चाहिए कि बच्चों की गलतियों को नजरअंदाज करते हुए हम उन्हें कैसे बेहतर शिक्षा दे पाएंगे। आप सभी उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक है अतः आप का यह कर्तव्य होना चाहिए कि अपने बेहतर शिक्षण पद्धति से विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उनकी रूचि के अनुसार उन्हें नई ऊंचाई तक ले जाए। उदाहरण स्वरूप ट्रैफिक सिग्नल में लाल हरा पीला के बाद अब नीला रंग का विकास दूरगामी सोच का परिचायक है। उन्होंने अपने वक्तव्य में अनेकों उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों से विभिन्न प्रोजेक्टों पर काम कराना चाहिए ताकि उनका तार्किक और बौद्धिक विकास हो सके। विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता उन्हे सैकड़ों की भीड़ में विशिष्ट बनाती है । स्वागत गान के पश्चात स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव ने स्वागत भाषण में कहा की वर्तमान समय में हम सभी शिक्षकों के लिए आए दिन नई-नई चुनौतियां सामने आती रहती है अतः हम सभी को एक साथ मिल बैठकर इस पर मंथन करने की आवश्यकता थी। अध्यापन में मौजूदा परिस्थिति को जिले के शिक्षा के क्षेत्र के बड़े अधिकारियों के समक्ष परिचर्चा से हम सभी इस चुनौतियों से निजात पाने की कोशिश करेगें। हमारा विद्यालय शहर का एक प्रतिष्ठित स्कूल है और सदैव हमारा यह प्रयास होता है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में हमारा स्कूल सर्वोच्च स्थान पर काबिज रहे। विशिष्ट अतिथि जिले के डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षक सदैव अपना बेहतर देने का प्रयास करें। सभी शिक्षक निश्चित तौर पर इसका अनुपालन करते हुए विद्यार्थियों के समक्ष अपने आप को प्रस्तुत करें ताकि उनकी सीखने की जिजीविषा बढ़ सके। कार्यक्रम में मंच का संचालन स्कूल की शिक्षिका एवलिन मैम ने किया। मौके पर उप प्राचार्य एसबी साहा, संगीत शिक्षक श्याम सर,आंनद कुमार,सुधांशु सर,रोशन सर,दीपक दुबे,विशाल राज,प्रिया मैम समेत स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# बरदाग माइंस में काम कर रहे युवक पर गिरा पत्थर, मौत, एक घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरदाग के निकट चल रहे स्टोन माइंस पर शनिवार की देर शाम पत्थर ब्लास्ट के लिए होल करने के दौरान पत्थर गिरने से एक की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति पूर्ण रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बरदाग स्थित गोसाईडिह निवासी राजकेश्वर भुइयां के पुत्र लड्डू भुइंया के रूप में हुई है।जबकि घायल उसी गांव निवासी रोहन भुइंया के पुत्र पिंटू भुंइया है, जो जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। इस संबन्ध में पीपरा थाना प्रभारी से दुरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई पर किसी प्रकार का कोई जवाब नहीं मिला।वहीं स्टोन माइंस के बाहर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उग्र होकर रोड को जाम कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों लड़कों की उम्र काफी कम है । जानकारी अनुसार दोनों लड़के नाबालिक हैं ।स्टोन माइंस पर सेफ्टी का कोई रूल शुरू से ही फॉलो नहीं किया जाता है। आए दिन यहां गाय, बकरियां मरते रहती हैं। मौके पर मधुबाना पंचायत मुखिया राजेश राजवंशी, प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ,वीरेंद्र सिंह सुरेंद्र भुइया, अवधेश भुइया, अजय भुइया सहित सैकड़ों की संख्या में लोग समाचार लिखे जाने तक स्टोन माइंस के बाहर खड़े थे।

## स्पोर्ट्स




**दीपक चाहर के स्थान पर वाशिंगटन सुंदर भारतीय टीम में शामिल**

# 17 अक्टूबर से दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची ।** शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरगांई गाँव के बुढ़ीबागी मैदान,ओरमांझी में किया जाएगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब,गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता 17 से 19 अक्टूबर तक होने वाली है। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 15 हजार नगद बड़ा खस्सी एवं शील्ड दिया जाएगा। उपविजेता टीम को 11000 हजार नगद छोटा खस्सी एवं शील्ड वही तृतीय 4100 नगद एवं फुटबॉल और चतुर्थ 4100 नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जाएगा। टूनामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। टूनामेंट में इन्ट्री फीस 3100 एवं इन्ट्री अंतिम तिथि 15 अक्टूबर है। संपर्क करें:- 9798944537, 6206893132, 7004783166, 6200229080 सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेला जाएगा। टूनामेंट को सफल बनाने के लिए गुरगांई मैदान में जयडीहा पंचायत के उप मुखिया निलाम्बर सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखा गया। जिसमें शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार एवं खेल प्रसाशक श्री अर्चित आनंद के आदेशानुसार टूनामेंट का रूपरेखा तैयार किया गया,जिसमें बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद अध्यक्ष नीलांबर सिंह,सचिव विनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक नायक,उपाध्यक्ष सनी सिंह, उपसचिव जीवनलाल मुंडा उप कोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा नितेश मुंडा, टार्जन सिंह, नितेश पाहन एवं सभी सदस्य चुने गए।



छोटानागपुर पब्लिक स्कूल रांची के प्राचार्य सुखनाथ महतो गोल्फ ग्राउंड में बेहतर तकनीक के साथ गोल्फ खेल का आनंद लेते हुए।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department, Nagar Panchayat Bundu**

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call)**
**Very short Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/RT / GW/10/2022-23 | Construction Of Guardwall from house of Mantu Oraon to house of sudarshan say under ward no - 08 (part B) | Rs. 15,49,172.00 | Rs 31,000.00 | 5,000 | 6 Months |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 10-10-2022 AT 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 10-10-2022 AT 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 27-10-2022 AT 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 29-10-2022 AT 03 :00 AM | | | |
| 7 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | 27.10.2022 AT 02:00 PM | | | |
| 8 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Executive Officer
Nagar Panchayat Bundu

PR.NO.279432 Urban Development and Housing(22-23):D

**Government of Jharkhand**
**Urban Development and Housing Department**
**Nagar Panchayat Bundu**

**e-Procurment Notice (Tenders Notice call) Short Notice**

| S. l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *UDD/NIT/BNP/Road / 11/2022-23* | *Construction of P.C.C. Road, repairing of Drain and construction of R.C.C. slab from house of Kalo Das to house of Santosh Munda in ward No. 06 under Nagar Panchayat Bundu.* | 17,77,334.00 | 55,000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 10-10-2022 AT 10:00 AM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 10-10-2022 AT 10:00 AM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 27-10-2022 AT 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 29-10-2022 AT 03 :00 AM | | | |
| 7 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | 27.10.2022 AT 02:00 PM | | | |
| 8 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Executive Officer
Nagar Panchayat Bundu

PR 279426 Urban Development and Housing (22-23)_D

## टुंडी विधायक मथुरा महतो ने किया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास

# जलापूर्ति योजना से टुंडी की 64 हजार की आबादी होगी लाभान्वित: मथुरा महतो

- जलापूर्ति योजना से जोड़े जायेंगें टुंडी और पूर्वी टुंडी के आठ पंचायतों के 96 गांव
- शुद्ध पेयजल के घोर अभाव को देखते हुए लिया गया निर्णय

## 71 करोड़ रुपये की लागत से तीन साल में पूरा होगा जलापूर्ति योजना का काम



पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास करते विधायक मथुरा प्रसाद महतो व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जलापूर्ति योजना के तहत टुंडी प्रखंड अंतर्गत लुकैया ग्राम के बराकर नदी के समीप विधायक मथुरा प्रसाद महतो और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के जिला प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से जलापूर्ति योजना कार्य का शिलान्यास किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि 71 करोड़ की लागत से इस इस जलापूर्ति योजना से टुंडी एवं पूर्वी टुंडी के कुल आठ पंचायत के 96 गांव के 64 हजार की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना के लिए कुल छह जल मीनार भी बनाये जाएंगे। इस तरह से हर घर शुद्ध जल पहुंचाया जाएगा, क्योंकि इस क्षेत्र में पीने के पानी का अभाव रहता था। इस कार्य को लागभग तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव पवन महतो, प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कु,सचिव कामेश्वर सिंह चौधरी,बसंत महतो, महेश प्रधान, गणेश महतो, सहायक अड्रियंता जनार्दन सिंह, सुरेंद सोरेन, धनेश्वर मुर्मू, लप्सा किस्कु, प्रकाश चौधरी और सनजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गोल्डी मिश्रा एवं अनु सिंह को किया गया सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** गुजरात में आयोजित 36 वें नेशनल गेम्स इंडियन राउंड 50 मीटर व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर गोल्डी मिश्रा ने बोकारो और झारखंड का मान बढ़ाया है। गोल्डी मिश्रा को बोकारो पहुंचने पर जिला प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग सभागार में गोल्डी मिश्रा उनके कोच महेंद्र करमाली एवं जिले से प्रतियोगिता में शामिल अनु सिंह को पुष्प गुच्छ, मेडल, साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक गोमिया डॉ लंबोदर महतो विधायक बेरमो कुमार जयमंगल, डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी चंदन कुमार झा, जिप अध्यक्ष सुनीत देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी एके सिंह, डीडीसी कीर्तीश्री, अपर समाहर्ता सादात अनवर आदि मौजूद थे।

## गुणवत्ता को लेकर पदाधिकारी करें योजनाओं की जांच : सांसद




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग सभागार में शनिवार को दिशा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद के सांसद सह समिति अध्यक्ष पशुपतिनाथ सिंह ने की। बैठक में पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने निर्देशों के अनुपालन की जानकारी दी। जिस पर समिति सदस्यों ने असंतोष जताया। सांसद पीएन सिंह ने कहा कि जिले में संचालित योजनाएं की गुणवत्ता की जांच जरूरी है, ताकि धरातल पर बेहतर कार्य हो सके। उन्होंने डीसी को निर्देश दिया कि तीन व छह माह से संचालित या पूर्ण योजनाओं में से किसी भी पांच योजना को क्रमबद्ध जिले के वरीय पदाधिकारी से जांच कराएं। गुणवत्ता की पड़ताल करें। जांच प्रतिवेदन को इस बैठक में भी प्रस्तुत करें। कहा कि शिकायत नहीं मिले तो भी जांच करें। इससे बेहतर कार्य होता है। वहीं, बैठक में एचएससीएल द्वारा पूर्व में निर्मित सड़कों की जिला स्तरीय समिति से स्थल निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति से 15 दिनों में जांच पूरी कर समिति सदस्यों को अवगत कराने को कहा। साथ ही, आगे से सड़क निर्माण का कार्य एचएससीएल को नहीं दिये जाने को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, विधायकों ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों पर बने गड्ढ़ों को भरने के लिए कार्रवाई करने की बात कहीं। बैठक में बोकारो मेडिकल कालेज के निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। सांसद ने मेडिकल कालेज के लिए चिन्हित भूमि पर कार्य शुरू करने की कवायद को लेकर सरकार के प्रधान सचिव से पत्राचार करने को कहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीसीसीएल पर फोरलेन सड़क निर्माण में अधिग्रहित रैयती जमीन का मुआवजा राशि हड़पने का आरोप



**महुदा (आजाद सिपाही)।** तारगा पंचायत स्थित मुचिरायडीह बस्ती निवासी स्व. अमुल्य रतन पाठक के 52 वर्षीय बेटे दीपक पाठक की पैतृक रैयती जमीन को नेशनल हाइवे फोरलेन सड़क निर्माण के समय अधिग्रहण करने के बाद रैयत को मिलने वाली धनराशि को बीसीसीएल द्वारा लेने और उसी जमीन के बाउंड्री वॉल का एक लाख 74 हजार रुपये की धनराशि को कमलेश पाठक नामक स्थानीय युवक द्वारा हड़प लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। रैयत ने अपने पत्राचार में स्थानीय भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से जाली दस्तावेज बनवाकर उनके पैतृक संपत्ती हड़पने की शिकायत विभाग से कई बार की गई, लेकिन भू-अर्जन एवं राजस्व कार्यालय की ओर से कोई सूचना पत्र नहीं दिया गया। न ही जमीन की सही जाच की जा रही है। ये आरोप शनिवार को रैयत दीपक पाठक ने प्रेस वार्ता कर लगाया। बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान उनकी जमीन में खाता सं०-05 प्लॉट सं०- 190 के 23डी जमीन चली गयी। लेकिन जमीन के बदले मिलने वाली राशि बीसीसीएल अधिकारियों ने उठा लिया और उसी जमीन के पास बाउंड्री वाल का एक लाख 74 हजार वहीं के निवासी कमलेश पाठक ने ले लिया। गौरतलब हैं की खाता सं०-05 के प्लॉट 173 के 1डी जमीन बीसीसीएल गैरावाद बता रहे। जबकि जमीन हमारा रैयती हैं। बची हुई जमीन को भी जबरन हड़पने की नियत से विपक्ष निवारण पाठक, जोगेशचंद पाठक, सागरचंद पाठक, हलदर पाठक और बादुलचंद पाठक द्वारा तलाब में मछली पकड़ने, तलाब बेचने, खेती करने, घर निर्माण करने जैसे कई तरह के हतकंडे अपनाए जा रहे हैं। जबकि उक्त जमीन से संबंधित मामला न्यायलय में लंबित हैं। उसने मांग की कि सरकार एवं जिला प्रशासन जमीन के बदले मुआवजा राशि दिलवाए।

### ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच वार्ता आज

**झरिया (आजाद सिपाही)।** टाटा जामाडोबा वाशरी गेट पर आंदोलनरत ग्रामीणों के साथ रविवार को त्रिपक्षीय वार्ता होगी। टीएसआरडीएस के हेड राजेश कुमार ने लिखित रूप से आंदोलनकारी ग्रामीणों को इस आशय की जानकारी दी है। कहा है कि जोड़ापोखर थाना में ग्रामीणों की मांगों पर वार्ता होगी। जिसमें टाटा स्टील के अधिकारी ग्रामीण और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### मुखिया संघ प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना




**धनबाद/निरसा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर पंचायत के मुखिया पति सपन नाग से पंचेत पतलाबाड़ी में मासस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए मारपीट के मामले को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष मुखिया संघ ने धरना दिया। मुखिया ने कहा कि मुखिया पति को छुड़ाए जाने के बाद पुलिस द्वारा उक्त स्थल की फोटोग्राफी की गई थी। इसलिए इस मुद्दे को लेकर पुलिस को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि इसमें किन-किन लोगों का हाथ है। उन्हें वायरल वीडियो एवं उनके पास जो फोटो है। उसके अनुसार संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी करें। हमलोगों ने प्रशासन से 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की थी। पर अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं होना आश्चर्य की बात है। इस मामले को लेकर मुखिया संघ सोमवार को धनबाद के डीसी संदीप सिंह एवं एसएसपी धनबाद संजीव सिंह से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग करेगी। जबतक आरोपी गिरफ्तार नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। कालीमाटी पंचायत के मुखिया बबलू चौधरी ने कहा कि इस लड़ाई को मुखिया संघ द्वारा लड़ा जाए तो बेहतर होगा। इसमें किसी भी जानीतिक दल के नेताओं की दखलअंदाजी नहीं होनी चाहिए। बतातें चलें कि इस मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने ट्वीटर के माध्यम से दो-दो बार ट्वीट कर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

### कतरास में रोक के बावजूद अवैध निर्माण जारी



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास हटिया में अजय दे नामक व्यक्ति द्वारा नगर निगम और बाघमारा अंचल कार्यालय को ठेंगा दिखाते हुए दिन के उजाले में अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य के शुरूआत में ही 23 जुलाई को आरटीआई कार्यकर्ता महेश कुमार ने अंचल कार्यालय, नगर निगम और डीसी कार्यालय में लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया गया, लेकिन वास्तव में अवैध निर्माण कार्य चोरी छिपे चलता रहा। बार-बार शिकायत पर अंचल निरीक्षक बिजय कुमार द्वारा उपलब्ध कराए गए जाँच रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है संबंधित व्यक्ति को नोटिस दिया गया है एवं अवैध निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। लेकिन शुक्रवार को फिर से दबंगता दिखाते हुए अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। उक्त व्यक्ति के अवैध निर्माण स्थल के पास ही सरकारी जमीन पर निजी स्कूल भी है।

## स्कॉर्पियो से हो रही गौ तस्करी चालक और खलासी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह स्कॉर्पियो से की जा रही गौ तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए चार गोवंश को पश्चिम बंगाल ले जाते हुए पकड़ा। बतातें चलें कि स्कार्पियो में गौवंश की तस्करी का यह पहली घटना है। पुलिस ने चालक गैसुल अंसारी और खलासी मो अरमान आलम को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बिहार के गया जिले के रहने वाले हैं। जबकि स्कॉर्पियो रांची का बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो



स्कार्पियो से बरामद मवेशियों में से एक बैल की मौत हो चुकी थी। सभी के पैर रस्सी से बांधे हुए थे। इस संबंध में ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि स्कार्पियो से गाय लेकर तस्कर पश्चिम बंगाल जा रहे हैं। उसी सूचना पर मैथन टोल प्लाजा के समीप जांच अभियान चलाया गया। तभी स्कार्पियो में चार गौ लदा पाया गया, जिसमें से एक की मौत हो चुकी थी। तुरंत पशु चिकित्सक को सूचना दी गई। जांचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि उतर प्रदेश, बिहार एवं झारखण्ड के रास्ते पश्चिम बंगाल में गौ की तस्करी धड़ल्ले से की जा रही हैं जिसमें कई अंतराज्यीय गिरोह शामिल हैं जो प्रतिदिन गौ तस्करी के गोरख धंधे में लिप्त हैं। अब तो तस्करों द्वारा नयाब तरिका निकालते हुए स्कॉर्पियो से गौ तस्करी की जा रही है, ताकि लोगों को शक ना हो और उनका माल आसानी से बंगाल पहुंच जाए।

### कतरास के राहुल चौक से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास के राहुल चौक के समीप एक भट्ठा के पीछे खेत में शनिवार की सुबह एक युवक का शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान न हीं हो सकी है। शौच करने गए स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त शव को पानी में पड़ा देख उसे बाहर निकाला। बतातें चलें कि युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान है। आशंका जताई जा रही है कि अन्यत्र हत्या कर शव वहां फेंक दिया गया होगा। वहीं, ग्रामीणों द्वारा सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के असल कारणों का पता चलेगा।

### इस्पात सचिव ने किया बोकारो स्टील प्लांट का दौरा, अधिकारियों के साथ की बैठक

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय इस्पात सचिव संजय सिंह शुक्रवार की देर शाम बोकारो पहुंचे। उनके साथ सेल के निदेशक (तकनीकी, प्रोजेक्ट्स एवं रॉ मटेरियल) अरविंद कुमार सिंह और इस्पात मंत्रालय के उप सचिव जी सारथी राजा भी थे। शनिवार को पूर्वाहन इस्पात सचिव ने सर्वप्रथम जैविक उद्यान में वृक्षरोपण किया और जगरनाथ मंदिर में पूजा की। इसके बाद प्रशासनिक भवन स्थित मॉडल रूम में प्लांट के ले-आउट की जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश और अधिशासी निदेशक भी उपस्थित थे। प्लांट भ्रमण के क्रम में इस्पात सचिव ने कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-2 (सीसीएस) तथा हॉट स्ट्रिप मिल जैसी प्रमुख उत्पादन इकाइयों का अवलोकन किया और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके बाद बोकारो निवास में बीएसएल अधिकारियों के साथ बैठक की। संयंत्र के युवा प्रबंधकों के साथ आयोजित प्रथम बैठक में उन्होंने इंडस्ट्री 4.0 से जुड़े नयी तकनीकों यथा आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स इत्यादि के जरिए इस्पात उद्योग को ड्डाविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने को प्रेरित किया।

## विभिन्न कमेटियां निकालेंगी जुलूस, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# ईद मिलादुन्नबी आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के दिन को मुस्लिम धर्मावलंबी ईद मिलादुन्नबी के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाते है। धनबाद में प्रत्येक वर्ष ईद मिलादुन्नबी पर आकर्षक जुलूस निकाले जाते हैं। जिलेभर के मस्जिदों, इमामबाड़ा से आकर्षक सजी-सजाई झांकियां निकाली जाती है। रविवार को सभई झांकियां नगर भ्रमण कर स्टेशन रोड होते हुए श्रमिक चौक पर पहुंचेगी और अपने अपने गंतव्य को वापस जाएगी।

### जुलूस और झांकियों पर फूलों की बारिश

रांगाटांड़ के पास नौजवान कमिटी जुलूस का स्वागत करेगी। इसके लिए श्रमिक चौक के पास ही विशाल मंच बनाया जा रहा है। जहां शहर के सभी गणमान्य व बुद्धिजीवी उपस्थित रहेंगे। सभी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। यहां से गुजरने वाली जुलूस और झांकी पर फूलों की बारिश की जाएगी। लोगों को दिए जाने वाले शर्बत, फल और पानी के लिए अलग- अलग स्टॉल सजाए जा रहे हैं। जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के लिए ट्रैफिक विभाग के साथ ही सभी थानों के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहेगी। ड्रोन कैमरे से पूरे जुलूस की निगरानी की जाएगी। मुस्लिम कमेटी लोयाबाद पांच व सात नंबर फिटखाद लोयाबाद छह नंबर बांसजोडा, मदनाडीह कनकनी सेंद्रा आदि जगहों से जुलूस निकालेगी। जुलूस यूको बैंक और मदनाडीह होते मदरसा अल जामेअतुल कादरिया अजीजूल उलूम के मैदान में पहुंचेगा। इस मैदान में सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया है। मुस्लिम कमेटी की 16 पंचायतों के पदाधिकारियों व सदस्यों की हुई बैठक में शांतिपूर्ण ईद मिलादुन्ननबी का जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया था । मदरसा के मोहतमिम जनाब मौलाना मुबारक हुसैन नईमी ने कहा कि आखिरी पैगंबर नबी करीम मोहम्मद मुस्तफा (स) का वलादत (पैदाइश) का दिन है। इस दिन तमाम मुसलमान दुनिया में नबी के आने का जश्न मनाते हैं। उन्होंने लोगों से मदरसा मैदान में आयोजित सामूहिक दुआ में शिरकत करने की अपील की।



जुलूस की तैयारियों में जुटे युवक।


## झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो
## कम्बाइंड बिलडींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 19/वर्ष 2022–23 दिनांक– 08.10.2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बोकारो। |
| 2 | निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि (केवल BOQ ) | :– | 15.10.2022 के 11:00 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | परिमाण विपत्र के बिक्री का स्थान | :– | जिला नियंत्रण कक्ष, बोकारो। |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | 17.10.2022 के 10:30 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराहन तक। |
| 5 | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | जिला नियंत्रण कक्ष, बोकारो। |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान एवं तिथि | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बोकारो। दिनांक– 17.10.2022 अपराह्न 3.30 बजे। |
| 7 | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नावाडीह प्रखंड पंचायत काछो अन्तर्गत काछो दलकिरो में आर0ई0ओ0 रोड से दीपचंद सोरेन के घर तक गार्डवाल सहित पी0सी0सी0 पथ का निर्माण । | 27,83,300.00 | 55,700.00 | 5000.00 | 31.12.2022 |

8. निविदा शुल्क झारखंड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप मे, **2%** अग्रधन की राशि, **10% Bank Credit Certificate,** स्वअभिप्रमाणित **G.S.T. Certificate, Upto date G.S.T. Return Certificate** तथा स्वअभिप्रमाणित निबंधन प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जाएगा।
9. निविदादाता को **Upto date UCAN Registration** की फोटोकॉपी देना अनिवार्य है।
10. **Form of Bid** एवं **Bill of Quantity** में भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR.NO.279391 Rural Work Department(22-23):D



## सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग,सिमडेगा

**आवश्यक सूचना**

राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसके प्रथम चरण में 12 अक्टुबर से 22 अक्टुबर 2022 तक विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन होना है, जो निम्नवत् है :–

| दिनांक 12–22 अक्टूबर 2022 (प्रथम चरण) | | | |
|---|---|---|---|
| क्रमांक | प्रखण्ड | पंचायत | दिनांक |
| 1 | ठेठईटांगर | दुमकी | 12-10-2022 |
| 2 | | कोनपाला | 13-10-2022 |
| 3 | | कोरोमिया | 14-10-2022 |
| 4 | | पाईकपारा | 15-10-2022 |
| 5 | | ताराबोगा | 17-10-2022 |
| 6 | | बंबलकेरा | 19-10-2022 |
| 7 | | बाघचट्टा | 20-10-2022 |
| 8 | | केरिया | 22-10-2022 |
| 9 | बांसजोर | कोम्बाकेरा | 14-10-2022 |
| 10 | | उरते | 20-10-2022 |
| 11 | बोलबा | बेहरीनबासा | 12-10-2022 |
| 12 | | कादोपानी | 14-10-2022 |
| 13 | | समसेरा | 17-10-2022 |
| 14 | | मालसाड़ा | 19-10-2022 |
| 15 | | पिड़ियापोछ | 21-10-2022 |
| 16 | बानो | गेनमेर | 12-10-2022 |
| 17 | | साहुबेड़ा | 13-10-2022 |
| 18 | | डुमरिया | 14-10-2022 |
| 19 | | सिमहातु | 15-10-2022 |
| 20 | | बेराईरगी | 17-10-2022 |
| 21 | | बिंतुका | 18-10-2022 |
| 22 | | जमतई | 19-10-2022 |
| 23 | | राईकेरा | 21-10-2022 |
| 24 | कोलेबिरा | बंदरचुआ | 12-10-2022 |
| 25 | | डोमटोली | 13-10-2022 |
| 26 | | ऐडेगा | 14-10-2022 |
| 27 | | टूटीकेल | 17-10-2022 |
| 28 | | बरसलोया | 19-10-2022 |
| 29 | | लचड़ागढ़ | 21-10-2022 |
| 30 | कुरडेग | गड़ियाजोर | 12-10-2022 |
| 31 | | हेठमा | 14-10-2022 |
| 32 | | चड़रीमुण्डा | 17-10-2022 |
| 33 | | कुटमाकच्छार | 20-10-2022 |
| 34 | केरसई | बाघडेगा | 12-10-2022 |
| 35 | | किनकेल | 13-10-2022 |
| 36 | | कोनजोबा | 14-10-2022 |
| 37 | | टैंसेर पूर्वी | 17-10-2022 |
| 38 | सिमडेगा | टैंसेरा | 12-10-2022 |
| 39 | | पिथरा | 14-10-2022 |
| 40 | | सेवई | 17-10-2022 |
| 41 | | कोचेडेगा | 19-10-2022 |
| 42 | | अरानी | 21-10-2022 |
| 43 | | कुल्लुकेरा | 22-10-2022 |
| 44 | पाकरटांड़ | कैरबेड़ा | 12-10-2022 |
| 45 | | क्रुसकेला | 18-10-2022 |
| 46 | | आसनबेड़ा | 21-10-2022 |
| 47 | जलडेगा | कुटुंगिया | 12-10-2022 |
| 48 | | टाटी | 13-10-2022 |
| 49 | | ओड़गा | 17-10-2022 |
| 50 | | परबा | 19-10-2022 |
| 51 | | लमडेगा | 22-10-2022 |

आमजनों से अपील है कि निर्धारित तिथि को संबंधित पंचायतों में आयोजित "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम में भाग लेकर शिविर का लाभ उठायें।

निवेदक
जिला प्रशासन, सिमडेगा

PR 279437 IPRD(22-23).D

# चंडीगढ़ में नेशनल एयर शो

## प्रदर्शन : राफेल, सुखोई, मिराज जैसे 80 एयरक्राफ्ट ने दिखायी ताकत

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी बने गवाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** इंडियन एयरफोर्स डे पर शनिवार को चंडीगढ़ में एयर शो हुआ। इस मौके पर एयरफोर्स के जवानों ने आसमान में करतब दिखाये। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर चीफ गेस्ट पहुंची। उनके साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आये। कार्यक्रम में सांसद किरण खेर भी मौजूद रहीं। इसके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा के गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने भी एयर शो का लुत्फ उठाया





सुखना लेक पर एयर शो को देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे। एयर शो शाम 5 बजे तक चला। आसमान में राफेल, सुखोई, मिग, प्रचंड, मिराज, चेतक, चीता, चिनूक, रुद्रा जैसे 80 से ज्यादा एयरक्राफ्ट ने ताकत दिखायी। एयरफोर्स के ट्रेंड जवानों ने पैराशूट से हजारों फीट की ऊंचाई से करतब दिखाए। इस मौके पर एयरफोर्स ने अपने जवानों के लिए न्यू कॉम्बेट यूनिफॉर्म भी लॉन्च की।

### वायुसेना को मिली नयी यूनिफॉर्म

90वें स्थापना दिवस पर भारतीय वायुसेना ने अपने सैनिकों के लिए नई यूनिफॉर्म लॉन्च की हैं, जो थल सेना की वर्दी जैसी है। यूनिफॉर्म का डिजिटल पैटर्न सभी इलाकों के अनुकूल है। रेगिस्तान, पहाड़ी भूमि, जंगल जैसी जगहों से मूव करने में यह सैनिकों को कंफर्टेबल बनायेगी। इस यूनिफॉर्म को एयरफोर्स की स्टैंडिंग ड्रेस कमेटी और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने डिजाइन किया है।

### वायुसेना को मिली नयी ब्रांच

90वें स्थापना दिवस पर भारतीय वायुसेना को नयी ऑपरेशनल ब्रांच भी मिली है। इससे फ्लाइंग ट्रेनिंग का खर्च घटेगा। यह ब्रांच सतह से सतह पर मार करने वाली, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, रिमोट पायलट के जरिए एयरक्राफ्ट फ्लाइंग और ट्विन या मल्टी क्रू एयरक्राफ्ट का संचालन करेगी। ब्रांच में नये वैपन सिस्टम ऑपरेटर्स भी शामिल होंगे, जो ट्विन इंजन या रव-30 एमकेआइ जैसे मुक्ति क्रू प्लेन में उड़ान भरेंगे।

## गोंदलीपोखर दुर्गा पूजा समिति का माता का जागरण

# माता भक्ति से शक्ति मिलती है : जैलेंद्र कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर दुर्गा पूजा समिति द्वारा शुक्रवार को विसर्जन जुलूस के समापन के उपरांत माता का जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने श्रद्धालुओं को भक्ति गीतों पर जमकर झुमाया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि माता भक्ति से शक्ति मिलती है। मौके पर अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, महामंत्री रंजीत केसरी, कोषाध्यक्ष संजय केसरी, शिवशंकर केसरी, नीलकंठ चौधरी, सोनु केशरी, प्रकाश केसरी, अजय महतो, मार्शल महतो, राजेश महतो, सचिन केसरी, मिंटू साहू, गणेश गुप्ता और राजेंद्र साहू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# किस छात्रों का उच्च शैक्षणिक प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** दुनिया का सबसे बड़ा आवासीय आदिवासी संस्थान कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (किस) ने छात्रों की उचित देखभाल और अनुकूल शैक्षिक वातावरण के कारण हमेशा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस साल किस के छात्रों ने उच्च शैक्षणिक प्रदर्शन हासिल किया है। चार किस छात्रों ने ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है। वे हैं रायमत टुडू, मंटू खमारी, हेमंत पुटा और नीलमाधव पात्र। रायमत टुडू मयूरभंज जिले से, मंटू और हेमंत बलांगीर जिले से और नीलामाधव कलाहांडी जिले से आए थे और किस में पढाई कर रहे थे।

इस साल कुल 392 उम्मीदवारों ने ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें किस के चार छात्र शामिल हैं। इसके अलावा किस के 25 छात्रों ने वर्ष 2021-22 के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति फेलोशिप के लिए चुने गये है, जिसके परिणाम आज घोषित किये गये। जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमओटीए) नयी दिल्ली की तरफ से प्रत्येक सफल उम्मीदवार को 35,000 रुपये प्रति माह की फेलोशिप मिलेगी। इसी तरह 17 किस छात्रों ने राष्ट्रीय योगता सह प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जबकि 3 छात्रों ने जेइइ एडवांस्ड पास किया है। किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने हमेशा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास किया है। समय-समय पर इन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, खेल और रोजगार में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं।



# मुंबई और गुजरात से 852 करोड़ की ड्रग्स जब्त

- नाशपाती और सेब के कंटेनर में मुंबई आयी
- कच्छ में पाकिस्तानी बोट में लदी मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई और गुजरात में 852 करोड़ की ड्रग्स जब्त की गयी। डीआरआइ मुंबई को 6 अक्टूबर को खुफिया जानकारी मिली थी कि दक्षिण अफ्रीका से आ रहे शिप के कंटेनर में ड्रग्स है। अफसरों ने न्हावा शेवा पोर्ट पर इसे रुकवा दिया। तलाशी लेने पर कंटेनर में हाई क्वालिटी कोकीन से बनी 50 ईंटें नाशपाती और हरे सेब के बक्से में छुपी मिलीं, जिसमें सभी ईंट का वजन 50.23 किलो था। डीआरआइ ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के वाशी में एक ट्रक जांच के लिए रोका था। ट्रक में इंपोर्ट किए गए संतरों के डिब्बे लदे थे, लेकिन तस्करों ने डिब्बों के अंदर मेथामफेटामाइन और कोकीन छिपा रखा था। ट्रक को जब्त कर लिया गया है, एजेंसी ने माल इंपोर्ट्स को भी गिरफ्तार किया है।



**गुजरात में पाकिस्तानी बोट से 350 करोड़ की हेरोइन बरामद :** इंडियन कोस्ट गार्ड्स और एटीएस ने गुजरात के कच्छ में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पर पाकिस्तानी बोट पकड़ी। इसमें 50 किलोग्राम हेरोइन मिली। इसकी कीमत करीब 350 करोड़ रुपये आंकी गयी है। यह हाल के दिनों में कोकीन की सबसे बड़ी बरामदगी है, जिसे समुद्री कंटेनर से तस्करी के लिए लाया गया था। वहीं मामले में शामिल सभी छह आरोपियों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच के लिए नाव को कच्छ जिले के जखाऊ पोर्ट ले जाया गया है। इससे पहले 14 सितंबर को भी एक पाकिस्तानी बोट से 200 करोड़ की 40 किलो हेरोइन जब्त की गयी थी।

**मुंबई में 1476 करोड़ का ड्रग्स और कोकीन बरामद :** जिस कंटेनर में ड्रग्स मिले हैं, उसके इंपोर्टर के नाम पर सात दिन पहले ही दक्षिण अफ्रीका आयी संतरे की खेप में 198 किलो मेथ और 9 किलो कोकीन जब्त की गयी थी। इसकी कीमत 1476 करोड़ रुपये थी।

# नौ लोगों को मार चुका आदमखोर बाघ ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बगहा (पश्चिम चंपारण)।** बिहार के पश्चिम चंपारण में आदमखोर बाघ का अंत हो गया। आठ शूटरों की टीम ने उसे मार गिराया। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से निकला नरभक्षी बाघ नौ लोगों को बना चुका था अपना शिकार। मरने से नौ घंटे पहले बाघ ने रघिया रेंज के बलुआ में मां-बेटे का शिकार किया था। करीब एक माह से वन विभाग की टीम उसे जिंदा पकड़ने के प्रयास में जुटी थी। दिन प्रतिदिन इंसानों के प्रति बढ़ती बाघ की आक्रामकता को देखते हुए मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक (चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन) ने गुरुवार को उसे मारने का आदेश दिया था। बाघ की उम्र लगभग तीन साल व उसकी पहचान टी-105 के रूप में हुई। उसके शव को गोबर्द्धना रेंज कार्यालय लाया गया।



वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के रघिया रेंज में शनिवार की सुबह हुई घटना के बाद जहां एक ओर लोगों में आक्रोश था वहीं बाघ का दहशत भी, बाघ को मारे जाने की सूचना पर स्थानीय लोगों को राहत जरूर मिली है। उसके शव को स्थानीय लोगों को भी दिखाया गया। बताते चलें कि लोग अपने बच्चों को बाहर नहीं भेज रहे थे। गांव के लोगों ने खेत जाना बंद कर रखा था। बड़े भी संभल कर घर से निकल रहे थे। इस नरभक्षी को मारने के लिए जिस सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया है उसमें बगहा, बेतिया व मोतिहारी एसटीएफ तथा जिला पुलिस के तेज तर्रार जवानों को शामिल किया गया था।




# एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जूनापानी आश्रम को दिये पंखे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने तीन उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल, आरती बोरा और रश्मि बेहुरा के साथ मिल कर बुर्ला स्थित जूनापानी आश्रम के निवासियों को पंखे प्रदान किया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह को प्रशासक द्वारा किये गये अनुरोध के आधार पर यह प्रदान किया गया। मंडल की सदस्याओं एवं पदाधिकारियों ने जूनापानी के निवासियों से बातचीत की एवं सुख सुविधा के बारे में जानकारी ली। मंडल की सदस्याओं अपनी समर्पण योजना के तहत वृद्धाश्रम, अनाथाश्रम और कुष्ठाश्रम में समय-समय पर जाकर उनके लिए उपयोग में आनेवली वस्तुएं प्रदान करते आ रहे हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**